# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






पीएम आवास में पुतिन के सम्मान में निजी भोज रखा, पीएम ने शेयर की तस्वीर

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भारत आगमन पर दिखी अतिथि देवो भवः की झलक

# पुतिन जैसे ही विमान से बाहर आए...पीएम मोदी ने गले लगाया और एक ही कार में सवार होकर पीएम आवास गए

**नई दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर ठीक साढ़े 6 बजे लैंड हुआ पुतिन का विमान**

**आज 23वीं भारत-रूस शिखर वार्ता में शामिल होंगे पुतिन**



एयरपोर्ट में पीएम मोदी ने पुतिन का रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत किया

**पीएम मोदी ने दोस्त पुतिन के लिए तोड़ा प्रोटोकॉल, रूस भी हुआ हैरान**

*जिगरी दोस्त सामने हो तो उसे गले लगाने के लिए कोई प्रोटोकॉल का ध्यान नहीं रहता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने दोस्त रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मिलने के लिए उत्सुक थे। और उन्होंने प्रोटोकॉल का भी ध्यान नहीं रखा। उनका विमान पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। ब्लैक सूट-बूट पहने पुतिन जैसे ही विमान से बाहर निकले। उन्हें पीएम मोदी ने सरप्राइज कर दिया। पुतिन के विमान से उतरते ही पीएम मोदी ने उन्हें गले लगा लिया। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर एयरपोर्ट पहुंचकर उन्हें रिसीव किया। पीएम मोदी के इस कदम से रूस चौंक गया। रूस* ▸▸ शेष पेज 4 पर

### आज के रूसी राष्ट्रपति के कार्यक्रम

- 5 दिसंबर सुबह 11 बजे- राष्ट्रपति भवन में स्वागत
- सुबह 11.30 बजे - राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर माल्यार्पण करेंगे
- 11.50 बजे - हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ मीटिंग
- दोपहर 1.50 बजे - हैदराबाद हाउस में प्रेस स्टेटमेंट्स
- शाम 7 बजे- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ राष्ट्रपति भवन में पुतिन की मीटिंग
- रात 9 बजे - रूस के लिए भारत से रवाना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार शाम को दो दिन के दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। इस यात्रा का उद्देश्य लगभग आठ दशक पुरानी भारत-रूस साझेदारी को और मजबूत करना है, एक ऐसी साझेदारी जो जटिल भू-राजनीतिक माहौल के बावजूद स्थिर बनी हुई है।

एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया। रूसी राष्ट्रपति का विमान शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास नई दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। कुछ देर बाद विमान से उतरे पुतिन को पीएम ▸▸ शेष पेज 4 पर



पीएम मोदी ने एक्स पर शेयर की फोटो

### पीएम मोदी पुतिन को अपनी ही कार में लेकर गए

पुतिन का विमान गुरुवार को दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ है। पीएम मोदी खुद पुतिन को रिसीव करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे। पीएम मोदी पुतिन को एयरपोर्ट से सफेद रंग की टोयोटा फॉर्च्यूनर गाड़ी में लेकर गए। ये गाड़ी फॉर्च्यूनर की सिग्मा 4 एमटी वैरिएंट थी। ये गाड़ी महाराष्ट्र नंबर की थी। ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

### ▸▸ अपने मित्र पुतिन का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है- पीएम मोदी

रूसी राष्ट्रपति का स्वागत करने के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने लिखा- मुझे अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का दिल्ली में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। मैं हमारी बैठकों को लेकर आशान्वित हूं। भारत और रूस की दोस्ती समय की कसौटी पर खरी उतरी है, इससे हमारे लोगों को अपार लाभ हुआ है।

### पुतिन के दिल्ली पहुंचते ही आई खुशखबरी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत पहुंचते ही रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव ने कहा कि रूस अपने बाजार में भारतीय वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ाना चाहता है। उन्होंने कहा कि व्यापारिक संबंधों के संदर्भ में रूस व्यापार आदान-प्रदान बढ़ाने में रुचि रखता है। हम रूसी बाजार में भारतीय उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने और व्यापार संतुलन बनाने में रुचि रखते हैं, क्योंकि वर्तमान में रूसी सामान भारतीय बाजार में बहुत अधिक मात्रा में हैं, जबकि भारतीय सामान रूसी बाजार में उस अनुपात में नहीं हैं। रेशेतनिकोव ने कहा कि हम भारत से उत्पाद खरीदने में बहुत रुचि रखते हैं। हम इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी के लिए ▸▸ शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से जागीं कई उम्मीदें

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन थोड़ी देर में भारत पहुंच गए हैं। उनकी यह यात्रा आर्थिक सहयोग को बहुत मजबूत करने में लंबा रास्ता तय करेगी। राष्ट्रपति पुतिन बड़ी संख्या में व्यापारिक प्रतिनिधियों के साथ यात्रा पर आए हैं। भारत-रूस के साथ व्यापार घाटे को कम करने की उम्मीद कर रहा है।भारतीय निर्यात बढ़ाने के लिए कई रास्ते तलाशे जा रहे हैं, विशेष रूप से दवाइयों, ऑटोमोबाइल, कृषि उत्पादों (समुद्री उत्पादों सहित) के क्षेत्र में। भारतीय कारोबारियों और उत्पादों को रूस में बड़ा बाजार मिलेगा, जिससे रोजगार सृजन को बल मिलेगा और हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ेगी। जहाजरानी, स्वास्थ्य सेवाओं, उर्वरकों और कनेक्टिविटी ▸▸ शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### सुषमा स्वराज के पति स्वराज कौशल का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया। दिल्ली भाजपा ने एक्स पोस्ट में उनके निधन की जानकारी दी है। स्वराज कौशल का 73 साल की उम्र में 4 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार लोधी रोड श्मशान घाट पर किया गया। स्वराज कौशल देश के इतिहास में सबसे कम उम्र में राज्यपाल बनने वाले शख्स थे। 1990 में उन्हें मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया था। उस वक्त उनकी उम्र महज 37 साल थी।



### बदला ठंड का मिजाजः दतिया, श्योपुर में रात का पारा 4 से 5 डिग्री तक गिरा

## पांच जिलों में पारा 9 डिग्री तक, कई जिलों में दिन के साथ रात के पारे में भी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश की राजधानी सहित कई जिलों में गुरुवार को ठंड का मिजाज अचानक बदल गया है। पूर्वी मप्र के अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में कमी आने के साथ कुछ जिलों में रात का पारा गिरा है, जबकि पश्चिमी मप्र के कुछ जिलों में रात के तापमान में भी कमी आई है। भोपाल सहित अधिकांश जिलों में सर्दी बढ़ने का प्रमुख कारण शाम से हवाएं उत्तरी होना है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद सर्दी और बढ़ेगी।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाएं उत्तरी होने से अभी ठिठुरन बढ़ी है। तापमान में उतार चढ़ाव अभी जारी रहेगा। सर्वाधिक रात के पारे में कमी दतिया में 4.5, श्योपुर 3.8, गुना 2.2, खजुराहो और टीकमगढ़ में 1.8 डिग्री की रही। भोपाल में दिन में आधा डिग्री गिरकर 24.8 और बुधवार-गुरुवार रात में 2.4 डिग्री बढ़कर 11.6 डिग्री रहा। अभी शीतलहर का असर नहीं रहा, लेकिन शुक्रवार को कुछ जिलों में कोल्ड वेव का असर हो सकता है।

**भोपाल सहित कई जिलों में ठंड बढ़ने की वजह बनी उत्तरी हवाएं**

**आज कुछ जिलों में दिखेगा कोल्ड वेव का असर**



भोपाल के वीआईपी रोड का दृश्य, शाम 5 बजे

**पांच जिलों में पारा 9 डिग्री से कम**

शहडोल 7.4, शाजापुर 7.9, मुरैना 8.5, ग्वालियर 8.6, उमरिया में रात का पारा 9.1 डिग्री रहा है।

### इंडिगो में परिचालन संकट तीसरे दिन भी जारी

## 300 से ज्यादा उड़ाने कैंसिल होने पर मचा बवाल डीजीसीए से लेकर मंत्रालय तक बैठकों का दौर

दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर यात्रियों की भीड़ और अफरा-तफरी का माहौल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एविशन सेक्टर के नए सुरक्षा नियमों की वजह से देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो लगातार तीसरे दिन क्रू की कमी से जूझती रही। इससे इंडिगो के ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है।

गुरुवार को दिल्ली, मुंबई सहित 10 से ज्यादा एयरपोर्ट में इंडिगो की 300 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। गुरुवार को इंडिगो के अधिकारियों और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ▸▸ शेष पेज 4 पर



रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में परेशान यात्री हंगामा करते हुए

**बेंगलुरु और हैदराबाद में 120 फ्लाइट्स रद्द**

दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो की कुल 95 उड़ानें रद्द हुई। इनमें 48 दिल्ली से जाने और 47 आने वाली घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स थीं। मुंबई में 86, बेंगलुरु में 73, हैदराबाद में 64, जयपुर में 4 और इंदौर में 3 उड़ानें रद्द हुई हैं। 3 दिसंबर को 10 में से 2 फ्लाइट्स भी समय से उड़ान नहीं भर सकीं। बुधवार को ▸▸ शेष पेज 4 पर

मदीना से हैदराबाद आ रहे इंडिगो के विमान में बम की धमकी

### अहमदाबाद में कराई गई आपात लैंडिंग

**अहमदाबाद।** सऊदी अरब के मदीना से भारत के हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइ 6ई-058 की अहमदाबाद में आपात लैंडिंग कराई गई है। हवाई अड्डों के सूत्रों के मुताबिक, विमान में बम की धमकी दी गई थी। इस विमान में 180 यात्री और छह क्रू के सदस्य ▸▸ शेष पेज 4 पर




## अगले साल 2 फरवरी से शुरू होंगे विवाह के शुभ मुहूर्त

# कल से लगेगा शादियों पर विराम, 11 से शुक्र ग्रह होंगे अस्त, 14 से 14 तक रहेगा मलमास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस साल शादी विवाह के लिए अब सिर्फ 5 व 6 दिसंबर दो दिन ही शुभ मुहूर्त रहेंगे। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 11 दिसंबर से शुक्र ग्रह अस्त हो जाएगा। तो वहीं 14 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास रहेगा। इसके चलते शादी विवाह पर रोक लग जाएगी। तो वहीं अगले साल यानी 2026 में 1 फरवरी तक कोई शुभ मुहूर्त नहीं है। 2 फरवरी से विवाह के लिए मुहुर्त शुरू होंगे। हालांकि इन दो महीनों में बसंत पंचमी सहित अबूझ मुहूर्त में शादियां हो सकेंगी। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि मकर संक्रांति के बाद शुभ कार्य शुरू होते हैं, पर इस बार जनवरी-2026 में बसंत पंचमी पर भी शादी व शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। कारण कि जनवरी में शुक्र ग्रह अस्त रहेंगे। शास्त्रों के अनुसार मांगलिक कार्यों में गुरु और शुक्र का तारा उदय होना जरूरी है। जून 2025 में भी गुरु और शुक्र अस्त होने से अक्षय तृतीया पर भी विवाह नहीं हो सकें थे।



सांकेतिक चित्र।

### खरमास से हो रही है नए साल की शुरुआत

*पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि साल 2026 की शुरूआत खरमास से होगी। खरमास के दौरान सगाई, विवाह, जनेऊ संस्कार, गृह प्रवेश या कोई नया कार्य आरंभ जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। खरमास 15 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति के साथ समाप्त होगा, लेकिन शुक्र अस्त होने के कारण खरमास समाप्त होने के बाद भी विवाह वर्जित रहेंगे। 11 दिसंबर को अस्त होने वाला शुक्र 1 फरवरी 2026 तक अस्त रहेगा। इसके बाद 4 फरवरी 2026 से विवाह पुनः प्रारंभ होंगे। इसके बाद फरवरी के अंत से 4 मार्च तक होलाष्टक काल के कारण विवाहों पर फिर से रोक लग जाएगी।*

### साल 2026 में यह रहेंगे शुभ मुहूर्त

- ■ फरवरी - 4, 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25 और 26 फरवरी
- ■ मार्च -1, 3, 4, 7, 8, 9, 11 और 12 मार्च
- ■ अप्रैल - 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28 और 29 अप्रैल
- ■ मई - 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13, 14 मई
- ■ जून - 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29 जून
- ■ जुलाइ - 1, 6, 7, 11 जुलाई
- ■ नवंबर - 21, 24, 25 और 26 नवंबर

दिसंबर -2, 3, 4, 5, 6, 11 और 12 दिसंबर

**भगवान की प्रतिमा को फूलों की डोरी से झुलाया**

## उत्साहपूर्वक मनाया श्री दत्त जयंती महोत्सव, खुशी से झूम उठे श्रद्धालु



अरेरा कॉलोनी स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर में मनाई गई भगवान दत्तात्रेय जयंती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा कॉलोनी स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर में गुरुवार को भगवान दत्तात्रेय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भगवान के जन्म की घोषणा हुई, श्रद्धालु खुशी से झूम उठे और मंदिर में भक्तिभाव से समर्पित हो गए।

महिलाओं ने भगवान की प्रतिमा को फूलों से सुसज्जित पालने में रखा फूलों की डोरी से झुलाया। भगवान की महिमा के गुणगान के गीत गाए। पालने में झुलाने की रस्म करीब पांच घंटे तक चली। इसके अलावा अन्य मंदिरों में भी अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर में सुबह के समय भगवान का अभिषेक और गुरु सच्चरित पाठ भी किया गया। महिलाओं का योगदान विशेष था। उन्होंने न केवल भगवान की प्रतिमा को पालने में झुलाया, बल्कि 'बाला जो जो रे' जैसे पालना गीत गाए। यह सिलसिला रात 11 बजे शयन आरती तक चलता रहा।

### खबर संक्षेप

#### नापतौल के 154 कर्मियों को नहीं मिला वेतन

**भोपाल।** मप्र नापतौल अधिकारी कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर नापतौल विभाग में पदस्थ 154 कर्मचारियों को जल्द से जल्द वेतन भगतान करने की मांग की है। पत्र में बताया कि वर्ष 2005 के बाद नियुक्त हुए 154 कर्मचारियों को चार दिसंबर बीत जाने के बाद भी वेतन नहीं मिला है। नापतौल अधिकारी कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि नापतौल विभाग में कार्यरत 2005 के बाद नियुक्त हुए (एनपीएस) प्रदेश के निरीक्षक सहायक ग्रेड 3 एवं चतुर्थ श्रेणी कुल 154 कर्मचारियों को चार दिसंबर हो गया वेतन प्राप्त नहीं हुआ। विभाग द्वारा 26 नवंबर 2025 से वेतन आहरण के लिए कार्रवाई की जा रही है।

#### विद्यार्थियों को जागरूक करेगा उच्च शिक्षा विभाग

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में शिक्षण सत्र 2026-27 में विद्यार्थी अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश लें, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा प्रदेश में एक माह तक कॉलेज चलो अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्कूलों में पढ़ाई कर रहे कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को महाविद्यालयों में चलाए जा रहे पाठ्यक्रम, संसाधन, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सुविधाओं और केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए जागरूक किया जाएगा।

## तीन एबीसी सेंटर की क्षमता 300 की, अब पहुंच रहे 80-90, पहले संख्या थी 40

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एबीसी सेंटरों में पहुंचने लगे दोगुनी संख्या में स्ट्रीट डॉग



सांकेतिक चित्र।

◆ नगर निगम के कॉल सेंटर एवं सीएम हेल्प लाइन में अब भी स्ट्रीट डॉग से संबंधित रोजाना 50 से 60 शिकायतें हो रहीं दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्ट्रीट डॉग को शेल्टर होम में रखने, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, पार्क और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के आदेश के बाद नगर निगम के एबीसी सेंटरों में नसबंदी के लिए स्ट्रीट डॉग के पहुंचने की संख्या दोगुनी हो गई है। पहले आम दिनों रोज 30 से 35 स्ट्रीट डॉग ही यहां पहुंचते थे, अब इनकी संख्या बढ़कर 80 से 90 तक पहुंच गई है। जबकि नगर निगम के काल सेंटर और सीएम हेल्पलाइन में अब भी स्ट्रीट डॉग से सबंधित रोजाना 50 से 60 शिकायतें दर्ज हो रही हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार दिया जा रहा कार्यों को अंजाम

300 स्ट्रीट डाग की नसबंदी करने की क्षमता है। यहां डॉक्टर और सहयोगी स्टॉफ है। प्रत्येक सेंटर पर अब 30 से 35 स्ट्रीट डॉग रोज पहुंच रहे हैं। जबकि सीएम हेल्पलाइन और नगर निगम काल सेंटर से मिलने वाली शिकायतों पर तुरंत डॉग स्कावयड अमला पहुंच रहा है। इधर प्रदेशभर में नगरीय क्षेत्रों में स्ट्रीट डॉग और आवारा मवेशियों को लेकर नगरीय प्रशासन द्वारा एडवाइजरी भी बीते सप्ताह जारी की जा चुकी है। इस संबंध में निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार कार्य किया जा रहा है।

### निगम के पास हैं 5 वाहन और 55 कैचर, इनकी संख्या भी बढ़ेगी

वर्तमान में नगर निगम के पास पांच वाहन और 55 कैचर हैं जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रोज स्ट्रीट डॉग को पकडते हैं। हालांकि इन्हें पकड़ना आसान नहीं है। कई बार तो नेट तक स्ट्रीट डॉग काट देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब निगम अपने डॉग स्कावयड बेढे को बढाने जा रहा है। इसके तहत वाहन और कैचर की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। आयुक्त के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करना विभाग की जिम्मेदारी है।

### स्ट्रीट डॉग के प्रवेश पर रोकथाम के लिए स्कूलों में एक शिक्षक को बनाया जाएगा नोडल

स्ट्रीट डॉग के काटने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इसको लेकर दिशा-निर्देश किए गए हैं। जिसके पालन में प्रदेश के अधिकतर जिलों में इस दिशा में काम शुरू हो गया है। बीईओ, बीआरसी, स्कूल प्राचार्यों को आदेश जारी करते हुए कहा गया है कि स्कूल परिसर पर्याप्त बाउंड्रीबाल, फेंसिंग और ऐसे अन्य संरचनात्मक उपाय से सुरक्षित हो जो स्ट्रीट डॉग के प्रवेश को रोकने के लिए जरूरी है। शैक्षणिक संस्थाओं को सुरक्षित रखने के लिए किए गए उपायों के साथ-साथ सभी सरकारी चिकित्सलय में एंटीरैबीज टीके और इन्यूनोग्लोबलिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समन्वय भी स्थापित किया जाए। छात्रों और कर्मचारियों को स्ट्रीट डॉग के काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार तत्काल रिपोटिंग प्रोटोकाल पर जागरूकता करने क लिए प्रत्येक संस्था से एक शिक्षक नोडल के रूप में नियुक्त किए जाए। विकासखंड स्तर पर बैठक आयोजित की जाए। इस संबंध में पीटीएम में

#### बचा हुआ भोजन सुरक्षित स्थान पर फेंका जाए

जारी आदेश में कहा गया है कि नोडल अधिकारी जो परिसर के रखरखाव और सफाई व्यवस्थाओं के भी प्रभारी होंगे। जिनकारी जानकारी संस्था के प्रवेश द्वार पर चस्पा की जाएगी। मध्यान भोजन वितरण और तैयार करने के स्थान पर शेष बचा हुआ भोजन सुरक्षित स्थान पर फेंका जाए ताकि स्ट्रीट डॉग परिसर में प्रवेश न करें।

**रामकथा के आठवें दिन बोले पं. मुरलीधर महाराज**

## संतों की अनुकूलता होती है तो जीवन में भक्ति प्रकट होती है



संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव में पूजा-अर्चना करती मंत्री कृष्णा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माया को समझने से ज्ञान स्वत प्रकट हो जाता है और जब संतों की अनुकूलता होती है तो जीवन में भक्ति प्रकट होती है भक्ति प्रकट होने का लक्षण है। यह बात जंबूरी मैदान में सकल समाज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति द्वारा आयोजित संगीतमय श्री राम कथा महोत्सव के आठवें दिन गुरुवार को पंडित मुरलीधर महाराज ने कहा कि शबरी प्रसंग के दौरान कहीं। महाराज ने कहा कि मनुष्य माया-रूपी संसार में उलझा रहता है और संसारी विषयों में आसक्ति का कारण है। प्रवक्ता बलवंत सिंह रघुवंशी एवं हरीश बाथवी ने बताया कि यह आयोजन समाज में धार्मिक मूल्यों, संस्कारों और सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं प्रचार के उद्देश्य से प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। शुक्रवार को कथा के विराम दिवस रहेगा। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रामकथा महोत्सव के आठवें दिन विधायक कृष्णा गौर भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

**एकेडमिक्स के साथ अपनी क्षमताओं के भी विस्तार करने पर दिया जोर**

## नवाचार, खेल और बौद्धिक विकास के संगम का उत्सव धूमधाम से मनाएं: प्रो. त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित निटर में गुरुवार को समविश्वविद्यालय बनने और विद्यार्थियों के पहले बैच का स्वागत किया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव नवोत्कर्ष-2025 पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी स्टूडेंट्स के लिए आयोजित किया गया।

यह आयोजन नवाचार, रचनात्मकता और सहयोग का मिश्रण प्रस्तुत करता है, जो छात्रों को अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने और खेलों और शैक्षिक क्षेत्रों में संभावनाओं की सीमाओं को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा।



निटर में मौजूद प्रो. सीसी त्रिपाठी।

#### पीजी और पीएचडी स्टूडेंट्स पर फोकस

निटर भोपाल के डीन, कॉर्पोरेट और इंटरनेशनल रिलेशंस, प्रो. पीके पुरोहित ने कहा कि इस इवेंट का फोकस पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी स्टूडेंट्स पर है। खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों के विस्तृत कार्यक्रम का यह महोत्सव समग्र शिक्षा के महत्व को उजागर करता है।

**6 माह में मिलेगा पजेशन, खजूरी हाउसिंग प्रोजेक्ट में 3बीएचके-4बीएचके के 147 डुप्लेक्स और ट्रिप्लेक्स घर जम्बूरी मैदान के पास 4लेन पर बन रहा प्रोजेक्ट**

## अवधपुरी में हाउसिंग बोर्ड के डुप्लेक्स मकानों की सेकंड राउंड बुकिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाउसिंग बोर्ड अवधपुरी में खजूरी हाउसिंग प्रोजेक्ट में डुप्लेक्स और ट्रिप्लेक्स मकानों की तीसरे राउंड की बुकिंग जल्द शुरू होगी। पहले राउंड में 77 में से 28 मकान बिक गये हैं।

इन 28 मकानों के लिए 72 लोगों ने बिड डाली थी। दूसरे राउंड 100 मकान की बुकिंग समाप्त हो चुकी है। तीसरे राउड की अगले सप्ताह से शुरु होगी, जम्बूरी मैदान के पास स्थित इस प्रोजेक्ट के बारे में सबसे ज्यादा पूछताछ होती रही है। पिपलानी-रायसेन 4 लेन पर बने इस प्रोजेक्ट में कुल 147 मकान हैं। इसमें 3बीएचके के 77 डूप्लेक्स, 48 ट्रिप्लेक्स 3बीएचके और 22 ट्रिप्लेक्स 4 बीएचके के हैं। पहले चरण में 77 डूप्लेक्स एचआईजी मकानों की बुकिंग शुरू हुई थी। इनका प्लॉट साइज 1050 स्कॉवयर फीट है।

इस बार बोर्ड ई-ऑफर से अपने मकान बेच रहा है। ई-ऑफर के लिए शुरुआती कीमत 79.54 लाख रुपये है। सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले को ये मकान अलॉट होगा। एमपी आनलाइन के माध्यम से इसकी बुकिंग होगी।

#### प्रोजेक्ट 70 फीसदी पूर्ण

हाउसिंग बोर्ड मकान अलॉट होने के 6 महीने के अन्दर घरों का पजेशन भी दे देगा। यह प्रोजेक्ट 70 से 80 फीसदी पूरा हो चुका है। मकान अलॉट होने के बाद भुगतान के लिए 6 महीने का समय और 3 से 4 किस्तों की सुविधा रहेगी। बुकिंग के लिए मकान के बेस प्राइज का 15 फीसदी बुकिंग के समय देकर फॉर्म भरना रहेगा। सभी प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गयी है।

#### 26 एकड़ में प्रोजेक्ट, तीसरे चरण में फ्लैट भी आएंगे

खजूरीकलां, अवधपुरी में स्थित यह हाउसिंग प्रोजेक्ट 26 एकड़ में फैला है। इसके पहले चरण में 142 प्लॉट बेचे गये थे। दूसरे चरण में 147 डुप्लेक्स और ट्रिप्लेक्स मकान बेचे जाएंगे। तीसरे चरण में 8 एकड़ में मल्टीस्टोरी में फ्लैट का प्रोजेक्ट आ रहा है। इसकी भी टेंडर प्रक्रिया चल रही है।

#### पीसफुल लाइफ के लिए बेस्ट

प्राइम लोकेशन पर स्थित यह प्रोजेक्ट एमपीनगर, आरकेएमपी स्टेशन और एम्स से 7 किमी के अन्दर है। पिपलानी-रायसेन 4 लेन से इस प्रोजेक्ट में एंट्री है। इसके सामने भेल का सैकड़ों एकड़ का वन है, जो आजीवन ऑक्सीजन टैंक का काम करेगा। लिहाजा पीसफुल लाइफ के लिए यह बेस्ट प्रोजेक्ट है।

**एमके साहू,** डिप्टी हाउसिंग कमिश्नर भोपाल

# 1 जनवरी से लागू होगी रेलवे की नई समय-सारणी, भोपाल-रीवा एक्सप्रेस व भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस सहित दो दर्जन से अधिक ट्रेनों के समय में होगा बदलाव

***भोपाल।*** *एक जनवरी 2026 से रेलवे प्रशासन भोपाल मंडल में ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू करने जा रहा है। इस नई समय-सारणी के तहत विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है, जिससे अधिकांश ट्रेनों की औसत गति बढ़ने के कारण यात्रियों को समय की बचत होगी। भोपाल रेल मंडल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि यह बदलाव यात्रियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। इससे ट्रेनों की संचालन गति में सुधार होगा और यात्रियों को अधिक समय की बचत होगी।*

### ट्रेनों के समय में परिवर्तन

- ❑ गाड़ी संख्या 22145 भोपाल-रीवा एक्सप्रेस, भोपाल से 23.05 बजे की बजाय 23.00 बजे प्रस्थान करेगी।
- ❑ गाड़ी संख्या 19324 भोपाल-डॉ अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस, भोपाल से 17.00 बजे की बजाय 17.10 बजे प्रस्थान करेगी
- ❑ गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस, भोपाल से 16.55 बजे की बजाय 16.40 बजे प्रस्थान करेगी।
- ❑ गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 22.00 बजे की बजाय 21.55 बजे प्रस्थान करेगी।
- ❑ गाड़ी संख्या 12197 भोपाल ग्वालियर एक्सप्रेस, भोपाल से 15.15 बजे की बजाय 15.10 बजे प्रस्थान करेगी ।
- ❑ गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस, भोपाल से 16.35 बजे की बजाय 16.30 बजे प्रस्थान करेगी।
- ❑ गाड़ी संख्या 22172 रानी कमलापति-पुणे एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 15.50 बजे की बजाय 15.40 बजे प्रस्थान करेगी।
- ❑ गाड़ी संख्या 22172 रानी कमलापति-पुणे एक्सप्रेस, रानी कमलापति से 15.50 बजे की बजाय 15.40 बजे प्रस्थान करेगी।
- ❑ गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतल्ला स्पेशल, रानी कमलापति से 15.40 बजे की बजाय 15.20 बजे प्रस्थान

### ट्रेनों के गन्तव्य स्टेशन पहुंचने के समय में होगा बदलाव

- ❑ गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस, रीवा 08.00 बजे की बजाय 07.55 बजे पहुंचेगी।
- ❑ गाड़ी संख्या 11272 भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस, इटारसी 12.30 बजे की बजाय 13.15 बजे पहुंचेगी।
- ❑ गाड़ी संख्या 11602 कटनी-बीना, बीना 19.05 बजे की बजाय 20.00 बजे पहुँचेगी।
- ❑ गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, भोपाल 17.18 बजे की बजाय 17.00 बजे पहुंचेगी ।
- ❑ गाड़ी संख्या 51884 ग्वालियर-बीना, बीना 16.25 बजे की बजाय 16.20 बजे पहुंचेगी।
- ❑ गाड़ी संख्या 11603 कोटा-बीना, बीना 16.55 बजे की बजाय 16.50 बजे पहुंचेगी।

इन ट्रेनों का संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर होगा परिवर्तित

- ❑ गाड़ी संख्या 17606 भगत की कोठी-कचीगुडा का संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 16.30/16.35 बजे की बजाय 16.25/16.30 बजे होगा।
- ❑ गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर का संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 04.28/04.30 बजे की बजाय 04.53/04.55 बजे होगा।
- ❑ गाड़ी संख्या 19339 दाहोद-भोपाल का संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 15.20/15.22 बजे की बजाय 15.30/15.32 बजे होगा।

## जीएम ने भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल लाइन का किया निरीक्षण, अधिकारियों को जल्द काम पूरा करने के निर्देश

पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने गुरुवार को भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल लाइन परियोजना का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान रेलवे अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 276 किलोमीटर लंबी भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल परियोजना की कुल लागत 3,035 करोड़ है। इस परियोजना में भोपाल से ब्यावरा तक 111 किलोमीटर का क्षेत्र भोपाल मंडल के अंतर्गत आता है, जबकि शेष खंड कोटा मंडल में आता है। रामगजमंडी-भोपाल नई रेल लाईन परियोजना के तहत कुल 26 स्टेशन आते हैं जिनमे रामगजमंडी, जुल्मी, झालावाड, झालारापाटन, जूनाखेडा, अमेठा, अकलेरा, पचोला, घाटोली, नयागॉव, भोजपुर, देवपुरा, खिलचीपुर, राजगढ, नरसिंहपुर, व्यावरा, पीपलखेड़ा, सोनकच्छ, नरसिहगढ, जमुनियागणे, कुरावर, श्यामपुर, दुराहा, जरखेड़ा, मुगलियाहाट एवं संत हिरदाराम नगर शामिल है।

### स्टेशन यार्ड में 4 लाइन है

जीएम शोभना बंदोपाध्याय ने भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित राजगढ़ स्टेशन का विधिवत निरीक्षण किया। राजगढ़ स्टेशन एनएसजी-5 के तहत रामगंजमंडी-व्यावरा खंड का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है, इस स्टेशन यार्ड में 4 लाइन है। जो यात्री एवं गुड्स ट्रेनों को परिचालन के अनुरूप निर्मित किया गया है। जीएम ने निरीक्षण दौरे के दौरान राजगढ़ स्टेशन पर पौधरोपण भी किया इस स्टेशन परिसर में सौंदर्यीकृत गार्डन विकसित किया गया है। इस नई रेल लाइन के राजगढ़-व्यावरा के बीच सबसे बड़े नेवज ब्रिज का महाप्रबंधक द्वारा निरीक्षण किया। यह ब्रिज 1200 मीटर लम्बा तथा 26-41 मीटर ऊँचा है।



राजगढ़ स्टेशन का निरीक्षण करतीं जीएम।

भोपाल

शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025
पौस मास कृष्ण पक्ष-01
वर्ष : 12, अंक : 245
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 24
न्यून. 12


बोट क्लब पर शिकारा नाव के शुभारंभ के बाद सीएम ने सैर की

**अब भोपाल में पर्यटकों को मिलेगा कश्मीर की डल झील जैसा लुत्फ**

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने किया शुभारंभ, अब भोपाल में बड़ी झील की लहरों से रूबरू कराएंगे शिकारे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजा भोज की नगरी भोपाल में लगभग एक हजार साल पहले बने बड़े तालाब में 'शिकारा नाव' सेवा का शुभारंभ ऐतिहासिक अवसर है। इन नवीन 20 शिकारों के माध्यम से पर्यटकों को कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील का आनंद, झीलों की नगरी भोपाल में ही मिल जाएगा। शिकारों में पर्यटकों ▶▶ शेष पेज 4 पर

» हर एक शिकारा करीब 2.40 लाख रुपए में तैयार हुआ है

» सैर के दौरान नाविक पर्यटकों को बड़े तालाब और भोपाल की विरासत से जुड़ी जानकारी भी देंगे





बड़ी झील में 20 शिकारे उतारे गए, हर शिकारे में 4 से 6 लोग बैठ सकेंगे

**ये रहा किराया**
- 4 लोग 20 मिनट सैर करेंगे तो 300 रुपए लगेंगे
- 6 लोगों को 20 मिनट के लिए 450 रुपए देने होंगे
- इसका लुत्फ सुबह 9 बजे से सूर्यास्त तक उठाया जा सकता है

**सीएम डॉ.यादव ने कहा पुनर्वास का सफल संकेत**

## मादा चीता वीरा और दो शावक खुले जंगल में छोड़े


कूनो नेशनल पार्क से चीतों को छोड़ते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर


श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता वीरा ने फरवरी 2025 में दो शावकों को जन्म दिया था। अब करीब 9 माह बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीरा और उसके दोनों शावकों को कूनो के पारोंद क्षेत्र में खुले जंगल में छोड़ा। अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के बाद तीनों चीते सुरक्षित रूप से जंगल में शामिल हो गए। इसके साथ ही खुले जंगल में विचरण करने वाले चीतों की संख्या ▶▶ शेष पेज 4 पर

- अब कूनो में चीतों की संख्या 16 से बढ़कर 19 हुई


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### अजमेर दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी



**अजमेर।** अजमेर में कई जगहों पर ब्लास्ट की धमकी दी गई। धमकी का ईमेल गुरुवार दोपहर जिला कलेक्टर के दफ्तर में भेजा गया। इसमें लिखा हुआ है कि दरगाह के साथ ही अजमेर के परमाणु संयंत्र और कलेक्ट्रेट परिसर को उड़ा दिया जाएगा। धमकी मिलने के बाद अजमेर दरगाह को पूरी तरह खाली कराया गया। हालांकि जांच में कुछ भी नहीं मिला।

### किसानों ने ट्रक से यूरिया लूटी मंडी में खड़े थे ट्रक



**टीकमगढ़।** जतारा में गुरुवार को किसानों ने यूरिया खाद से भरे एक ट्रक से बोरियां लूट लीं। यह घटना कृषि उपज मंडी परिसर में हुई, जहां किसानों ने लगभग 40-50 बोरी यूरिया खाद लूटी। इसका वीडियो भी सामने आया है। किसानों को बांटने के लिए यूरिया से भरे दो ट्रक मंडी परिसर में आए थे। मंडी प्रबंधन में थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### बीएससी बीएड परीक्षा में नकल, 29 पर केस



**भिंड।** मेहगांव शासकीय महाविद्यालय परीक्षा केंद्र में बीएससी बीएलड पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान सामूहिक नकल का मामला सामने आया है। यहां गाइड, मोबाइल और पर्चियों से नकल करते 29 छात्र पकड़े गए। प्राचार्य सेंटर के औचक निरीक्षण के दौरान खुलेआम नकल का खुलासा हुआ है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

**देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट का राज्य सरकारों को निर्देश**

# बीएलओ की मौतों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई गहरी चिंता, कहा- काम का दबाव कम करें


चीफ जस्टिस सूर्यकांत

*याचिका में कहा है कि 35 से 40 के करीब बीएलओ की मौत हो चुकी है और चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट के सेक्शन 32 के तहत उनको जेल भेजने की धमकी देकर उन्हें काम करने के लिए मजबूर कर रहा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

12 राज्यों में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया से बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) पर जबरदस्त दबाव पड़ा है।

इन स्थितियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अब राज्य सरकारों के लिए निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा है कि बीएलओ के काम के घंटे कम करने के लिए राज्य सरकारें अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती करे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने यह भी आदेश दिया कि जिन लोगों ने चुनाव आयोग की ओर से जारी एसआईआर प्रक्रिया में ड्यूटी से छूट के लिए सही और स्पष्ट वजहें दी हों, उनके अनुरोधों पर राज्य सरकार और सक्षम प्राधिकारी विचार करें और मामलों के आधार पर उन ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सीजेआई ने बीएलओ को दी राहत कहा-10000 हो सकता है तो 30000 क्यों नहीं?**


फाइल फोटो

» **ड्यूटी से छूट का अनुरोध करने वाले बीएलओ को छुट्टी दी जानी चाहिए**

» **उनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त किया जाना चाहिए**

### छुट्टी मांगने वाले बीएलओ को मिले राहत

वहीं, मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने सरकारों से यह भी कहा कि ड्यूटी से छूट का अनुरोध करने वाले बीएलओ को छुट्टी दी जानी चाहिए और उनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त किया जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने माना कि कई बीएलओ गंभीर बीमार होने के कारण ड्यूटी से छुट्टी मांग रहे हैं। वहीं, न्यायालय ने यह भी कहा कि यही ऐसे बीएलओ को राहत नहीं प्रदान की जाती है को वह अदालत का रूख कर सकता है।

**चुनाव आयोग ने आरोपों को बताया निराधार**

इन सब के बीच चुनाव आयोग ने इस याचिका को पूरी तरीके झूठा और निराधार बताया है और तर्क दिया है कि मतदाता पुनः सत्यापन कार्य में देरी करने से चुनावों पर भी बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु और केरल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने को हैं। बंगाल में भी 2026 में ही विधानसभा चुनाव होंगे। वहीं, गुजरात ▶▶ शेष पेज 4 पर

**विजय की पार्टी ने किया था कोर्ट का रुख**

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्देश अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम की याचिका के बाद दिया है। टीवीके ने देश के कई राज्यों में कई बीएलओ की मौत के विवाद के बीच कोर्ट का रुख किया था। टीवके ने चुनाव आयोग पर प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 32 के तहत जेल भेजने की धमकी देकर बीएलओ को काम करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था।

**मप्र विधानसभा के तीसरे दिन भी विपक्ष का विरोध प्रदर्शन**

## हाथ में उस्तरा लेकर बंदर की वेशभूषा में विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक

» ***मंत्री सारंग ने कहा कि कांग्रेस विधायकों को किसी नौटंकी कंपनी में दाखिल हो जाना चाहिए***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन गुरुवार सुबह विधानसभा में दिलचस्प नजारा सामने आया, जब जुन्नारदेव से कांग्रेस विधायक सुनील उईके बंदर की वेशभूषा पहने हाथों में पोस्टर और एक उस्तरा लेकर विधानसभा परिसर में दाखिल हुए। विधायक सुनील उईके ने अपने इस वेश के पीछे का मकसद साफ करते हुए कहा कि उनका यह विरोध प्रदर्शन यह बताता है कि सरकार किस तरह प्रदेश के हर वर्ग के हकों पर उस्तरा चला रही है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के माध्यम से विपक्ष ने सरकार को घेरा। खाद की कमी, किसानों की बदहाली और जनता की अनदेखी के खिलाफ इस प्रदर्शन को देख हर कोई हैरान था। बंदर का मास्क लगाए विधायक सुनील उईके हाथ में नकली ▶▶ शेष पेज 4 पर

खाद की कमी, किसानों की बदहाली और जनता की अनदेखी के लगाए आरोप

**विधानसभा की गरिमा को तार-तार करना कांग्रेस की आदत**

कांग्रेस विधायकों द्वारा बंदर बनकर विरोध करने पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस विधायकों को किसी नौटंकी कंपनी में दाखिल हो जाना चाहिए। बच्चों के एग्जाम के बाद छुट्टी होने वाली है। गांव-गांव में नौटंकी कंपनी अच्छी चलेगी। विधानसभा में आकर नौटंकी करना और विधानसभा की गरिमा को तार-तार करना ये कांग्रेस की आदत हो गई है। जब दिल्ली में उनके नेता राहुल गांधी में ही राजनीतिक परिपक्वता नहीं है, तो नीचे के विधायकों से कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती है। मप्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

**नेता प्रतिपक्ष सहित दो विधायकों की बढ़ी मुश्किलें**

## एमपी-एमएलए कोर्ट ने 16 जनवरी को हाजिर होने के दिए आदेश

» ***एनएचएम के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर के खिलाफ फर्जी अंकसूची के आरोप लगाने का मामला***


उमंग सिंघार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधायक अजय सिंह राहुल और लखन घनघोरिया को नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने उन्हें 16 जनवरी को हाजिर होने के आदेश दिए हैं। नेशनल हेल्थ मिशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर विजय पांडे द्वारा दायर अपराधिक मानहानि के मामले में कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**संसद में नितिन गडकरी का बयान**

## सालभर में टोल बूथ खत्म होंगे बैरियर लेस सिस्टम लागू होगा

» ***10 जगह पायलट प्रोजेक्ट शुरू***


नितिन गडकरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को बताया कि अगले एक साल में हाईवे पर मौजूदा टोल वसूली सिस्टम खत्म हो जाएगा। उसकी जगह पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक, बैरियर लेस टोल सिस्टम लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए सिस्टम की शुरुआत फिलहाल 10 जगह की जा चुकी है और इसे एक साल के भीतर पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में करीब ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय का जयपुर में विवाह समारोह**

## मेहंदी-हल्दी की रस्म हुई, आज शिप्रा शर्मा के साथ लेंगे सात फेरे

माता-पिता ने डांस किया, सिंगर बी-प्राक जयपुर पहुंचे

एजेंसी ▶▶ जयपुर

वृंदावन (मथुरा) के कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय की शादी 5 दिसंबर को जयपुर में होगी। विवाह-समारोह में गुरुवार को मेहंदी-हल्दी की रस्म हुई। इसके बाद लगन कार्यक्रम हुआ। रात को संगीत का भी कार्यक्रम होगा।

इसमें बॉलीवुड सिंगर बी प्राक सहित कई सेलिब्रिटी भी शामिल हो सकते हैं। जयपुर के ताज आमेर होटल में हो रहे शादी-समारोह में मायरा-भात की रस्म हुई। कथावाचक जया किशोरी भी इस फंक्शन में शामिल हुईं। कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय शुक्रवार को हरियाणा के यमुनानगर की रहने वालीं शिप्रा शर्मा के साथ 7 फेरे लेंगे। तीन दिन के इस विवाह समारोह के लिए इंद्रेश उपाध्याय और उनका परिवार बुधवार रात को जयपुर में पहुंचा था। इसमें कथावाचक के परिवार के साथ बॉलीवुड सिंगर बी प्राक, एक्टर संजय दत्त सहित कई सेलिब्रिटी शामिल होंगे। वैदिक रीति-रिवाज से होने वाले विवाह का मुख्य फंक्शन शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगा।


इंद्रेश उपाध्याय

**लखनऊ विश्वविद्यालय से किया स्नातक, गीता हाथ में लेकर ली शपथ**

## उप्र की बेटी मेनका सोनी बनी अमेरिका के रेडमंड शहर की पहली काउंसलर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ की मेनका सोनी को वॉशिंगटन के रेडमंड शहर का सिटी काउंसिल चुना गया है। वह इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला एनआरआई हैं। मेनका ने श्रीमद्भभागवत गीता हाथ में लेकर शपथ ली। इस दौरान उन्होंने भारतीय हैंड-एम्ब्रॉयडरी का पैंट-सूट पहन रखा था। अमेरिकी जज रसेल ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग शामिल हुए। इस दौरान मेयर एंजेला बिर्नी, सिटी काउंसिल ▶▶ शेष पेज 4 पर


मेनका सोनी

8 साल से सत्ता में जमे प्रतिद्वंदी को हराकर मेनका ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**कई अवॉर्ड से किया जा चुका है सम्मानित**

मेनका की सेवा, संघर्ष और नेतृत्व की कहानी हर किसी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने वॉशिंगटन राज्य में महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा, युवाओं के विकास, मानसिक स्वास्थ्य, सामुदायिक सुरक्षा, बेघर लोगों की मदद समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवा से लोगों के दिलों में छाप छोड़ी। वह एम पॉवरिंग नामक गैर-लाभकारी संस्था की संस्थापक और अध्यक्ष हैं। इस संस्था ने पांच लाख से अधिक लोगों की मदद की है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**ग्वालियर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरिभूमि-आईएनएच-जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया, श्रद्धांजलि अर्पित की**

## पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी का व्यक्तित्व समाज और संस्कृति के प्रति हमेशा समर्पण भाव का रहा

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला और मंत्री राकेश सिंह ने भी ग्वालियर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को ग्वालियर पहुंचे, जहां उन्होंने हरिभूमि-आईएनएच-जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सिंधी कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी का जीवन समाज और संस्कृति के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा है। उनके निधन से ▶▶ शेष पेज 4 पर


डॉ. हिमांशु की माताजी को सीएम ने ढांढस बंधाया


सीएम डॉ. यादव परिजनों से चर्चा करते हुए


डिप्टी सीएम शुक्ल और मंत्री सिंह ने श्रद्धांजलि दी

## खबर संक्षेप



### पानी रोकने ग्राम पांजरा में बांधा 60 बोरियों का बंधान

**औबेदुल्लागंज।** गर्मी में पानी की किल्लत को रोकने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जल संचय अभियान अंतर्गत गुरुवार को गौहरगंज सेक्टर के ग्राम पांजरा में 60 बोरियों का बंधान नवांकुर संस्था एवं परामर्शदात एवं सीएमसीएलडीपी के स्टूडेंट के सहयोग से किया गया। सेक्टर प्रभारी हरनाम सिह एवं परामर्शदात भूपेन्द्र नागर ने बताया गौहरगंज सेक्टर में ग्राम अगरिया, सर्रा, साजड़ी एवं सेक्टर की अन्य समितियों के माध्यम से भी बोरी बंधान कार्यक्रम हो रहे हैं। बंधान कार्यक्रम में ग्राम के नागरिकों ने भी सहभागिता की एवं जल संचय का संकल्प लिया।

### खुलेआम बेची जा रही गांजे की पुड़िया

**औबेदुल्लागंज।** नगर में गांजे का अवैध व्यापार जोरों पर चल रहा है। इसमें तीन महिलाए अर्जुन नगर में खुलेआम गांजा बेचती है। तीन गुमठियों पर गांजे की पुड़िया बिकती है। एक गुमठी सिंचाई विभाग के दफ्तर के पास, दूसरी भोजपुर रोड क्राइस्ट स्कूल के पास, तीसरी मुख्य चौराहे पर है। यहां 50, 100 और 200 रुपए में गांजे की पुड़िया बेची जाती हैं। वहीं एक अतिक्रमण की होटल पर गांजा खुलेआम बेचा जाता है। इस दुकानदार का कहना है मुझे तो बीट प्रभारी का आशीर्वाद प्राप्त है। औबेदुल्लागंज से कई जगह गांजा सप्लाई भी होता है। दीवाटिया, बमनई, खसरोद आदि ग्रामों में गांजा सप्लाई होता है।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ के चुनाव जनवरी में

**औबेदुल्लागंज।** श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष मोहन योगी ने सोशल मीडिया पर मैसेज कर सभी पत्रकारों से कहा कि मेरा कार्यकाल समाप्त होने वाला है, नए अध्यक्ष चुनने की तैयारी करें। ज्ञातव्य हो कि जनवरी में प्रेस क्लब और श्रमजीवी पत्रकार संघ के चुनाव होना है। क्षेत्र में कानाफुंसी है कि प्रेस क्लब और श्रमजीवी पत्रकार एक ही हो। प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष भारत निहाल ने कहा कि एक ही संघ रहे, प्रेस क्लब या श्रमजीवी पत्रकार संघ। पत्रकारों में अध्यक्ष बनने की होड़ लगी है।

### रेडक्रॉस और सेवा भारती ने बांटे गरीबों को कंबल



**मंडीदीप।** रेड क्रॉस और सेवा भारती के तत्वावधान में गुरुवार दोपहर 3 बजे गोल्ड पार्क में गरीब और असहाय लोगों को कंबल और ऑक्सीजन एग्जिनेटरों का वितरण किया, जिसमें मुख्य रूप से संस्था के राजकुमार श्रीवास्तव, पूर्णिमा जैन, कृष्णा पंडित, बीजेपी जिला महामंत्री सामाजिक कार्यकर्ता दीपेंद्र पाल, जीवन सिंह पाल, विनोद जैन समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### स्व. डॉक्टर रमाशंकर की पुण्यतिथि आज

**औबेदुल्लागंज।** क्षेत्र के समाजसेवी हिंदू उत्सव समिति के



जनक, भोजपुर के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय रमाशंकर चौरसिया की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। चौरसिया समाज के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया, पार्षद मनोज चौरसिया, वरिष्ठ हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक द्विज चौरसिया, महेश चौरसिया, प्रदीप चौरसिया, रमेश चौरसिया आदि ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी चल रही है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 449 | 72 | 147 |
| रातः | 279 | 82 | 570 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 246 | 21 | 100 |
| रातः | 114 | 66 | 259 |

---

पुलिस की जांच में मोबाइल में मिली चेटिंग, जालसाजों ने भेजा था एनआईए और कोर्ट का जाली गिरफ्तारी वारंट

# जालसाजों से डरकर अधिवक्ता ने अपने घर में लगा ली थी फांसी, दो अज्ञात मोबाइल धारकों पर एफआईआर

**पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं, क्योंकि किसी व्यक्ति ने फर्जी खाता खुलवाकर पहलगाम आतंकियों की फंडिंग से जोड़ दिया है, मैं देशद्रोह का दंश नहीं झेल सकता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी इलाके में गत 24 नवंबर की रात अधिवक्ता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने उक्त मामले में दो अज्ञात मोबाइल नंबर के धारकों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। दरअसल, मर्ग जांच में पुलिस को पता चला कि अधिवक्ता के पास दो अलग-अलग नंबर से वाट्सएप कॉल आए थे। कॉलर ने चेटिंग की थी और कहा था कि पहलगांव आतंकी हमले में आपने फंडिंग की है।



आरोपियों ने उनके वाट्सएप पर गिरफ्तारी वारंट भी भेजे थे। फर्जी तरीके से बनाए गए वारंट एनआई और सुप्रीम कोर्ट के नाम से थे। पुलिस ने मोबाइल नंबर की टॉवर लोकेशन निकाली तो पता चला कि नंबर असम के हैं।

जानकारी के अनुसार सीनियर अधिवक्ता शिवकुमार वर्मा (68) बरखेड़ी, जहांगीराबाद में रहते थे।

**» पुलिस ने मोबाइल नंबर की टॉवर लोकेशन निकाली तो पता चला कि नंबर असम के हैं**

गत 24 नवंबर की रात उन्होंने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला था। सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा था कि मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं, क्योंकि किसी व्यक्ति ने फर्जी खाता खुलवाकर पहलगाम आतंकियों की फंडिंग से जोड़ दिया है। मैं देशद्रोह का दंश नहीं झेल सकता। पुलिस ने उनकी बेटी से पूछताछ की। बेटी ने बताया कि पिता के पास 23 नवंबर को अज्ञात नंबर से वाट्सएप कॉल आए थे। साथ ही ठगों ने उनसे मोबाइल पर चेटिंग की थी और उन्हें पहलगाम आतंकी हमले में फंडिंग करने की धमकी दी थी। बेटी ने उन्हें बताया भी था कि यह फर्जी कॉल है। उसे लगा कि पिता वकील है और वह समझ गए होंगे, लेकिन शिवकुमार साइबर जालसाजों की धमकी को सही समझ बैठे और आत्महत्या कर ली।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास गुरुवार दोपहर 19 साल की युवती ने साड़ी के फाल का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजनों की नजर पड़ने पर उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि मां ने काम न करने पर युवती को फटकार लगाई थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी बात से नाराज होकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस के मुताबिक बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सूखी सेवनिया निवासी मनोज मैथिल प्राइवेट काम करते हैं। परिवार में पत्नी और पांच बेटियां हैं। बड़ी बेटी पलक मैथिल (19) पिछले साल 12 वीं कक्षा में फेल हो गई थी। इस साल उसने पढ़ाई नहीं की। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे परिजन ने पलक को भीतर वाले कमरे में लकड़ी की म्याल पर साड़ी की फाल के फंदे पर लटके देखा। पुलिस का कहना है कि रोजाना की तरह पिता सुबह काम पर निकल गए थे। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों से बातचीत में पता चला है कि काम न करने को लेकर मां ने मामूली फटकार लगाई थी। मां ने डाटते हुए कहा था कि पढ़ाई नहीं कर रही तो कम से कम घर के काम अच्छे से कर लिया कर।

---

फैक्ट्री से दोपहर में खाना खाने घर जाते समय जेके रोड पर हुआ हादसा

# तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने एक्टिवा सवार फैक्ट्री मालिक को मारी टक्कर, मौत

**पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से आरोपी का सुराग लगाने में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित जेके रोड पर बुधवार दोपहर अज्ञात बाइक सवार ने एक्टिवा सवार फैक्ट्री संचालक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे एक्टिवा सहित फैक्ट्री संचालक सड़क पर गिर गए। उन्हें सिर में गंभीर चोट होने के कारण निजी अस्पताल ले



जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर आरोपी का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

पुलिस के अनुसार दुर्गेश विहार कॉलोनी निवासी अमरिन्दर सिंह (66) और उनके परिवार के लोग गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित फेब्रीकेशन फैक्ट्री का संचालन करते थे। बुधवार दोपहर वह खाना खाने के लिए एक्टिवा से घर जा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे वे जेके रोड पर पहुंचे ही थे और रोड पार करते समय मिनाल की तरफ से आ रहे बाइक सवार ने उनकी एक्टिवा में साइड से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवक बाइक लेकर भाग निकला। इधर, गंभीर रूप से घायल अमरिंदर को निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन को लगा कि उनकी जान बच जाएगी। परिजन उन्हें एम्स लेकर पहुंचे, लेकिन एम्स में भी डॉक्टर ने बताया कि उनके सिर में गंभीर चोट होने के कारण उनकी मौत हो चुकी है।

### लिव-इन में रह रही इंदौर की कॉन्स्टेबल ने किया सुसाइड

इंदौर के एरोड्रम इलाके में रहने वाली एक महिला कॉन्स्टेबल ने सुसाइड कर लिया। वह डीआरपी लाइन में तैनात थी। बुधवार देर रात जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने शव को जिला अस्पताल भिजवाया। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घटना शुभम नगर की है। यहां रहने वाली प्रिया यादव (28) ने अपने घर में फांसी लगाई। सूचना के बाद अफसर मौके पर पहुंचे। प्रिया यादव मूल रूप से बिहार के मुंगेर जिले की रहने वाली थी। वह इंदौर डीआरपी लाइन में तैनात थी। बताया जा रहा है कि पति अमित कुमार की मौत के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। पति की मौत के बाद से ही वह तनाव में थीं। ट्रैफिक थाने में पदस्थ कॉन्स्टेबल कवींद्र यादव के साथ वह पिछले तीन साल से रह रही थी। कवींद्र ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि दोनों लिव-इन में रह रहे थे। रात में वह खाना खाकर टहलने गया, इसी दौरान प्रिया ने फांसी लगा ली। रात में कवींद्र ने ही पुलिस को इसकी सूचना दी थी। कवींद्र ने यह भी बताया कि दोनों जल्द ही शादी करने वाले थे। हालांकि इसी बात को लेकर उनके बीच मे किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी।

आत्महत्या के कारण अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस

## नशे में युवक ने खुद के पेट में मारा चाकू, अस्पताल में मौत

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित लहारपुर श्मशान के पास झुग्गी में बुधवार दोपहर एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पेट में घाव होने के कारण परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने हत्या की बात से इंकार किया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या मानकर चल रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही घटना की सही वजह का पता चल सकेगा। पुलिस के अनुसार सोनू प्रजापति पिता राम प्रवेश प्रजापति (19) झुग्गी नंबर-6, श्मशान के पास लहारपुर में रहता था और मजदूरी करता था। वह शराब पीने का आदी था। परिजन ने पुलिस को बताया कि बुधवार दोपहर वह शराब के नशे में घर पहुंचा था। इसके बाद उसने खुद को पेट में चाकू मार लिया। उसे परिजन एम्स लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टर ने बताया कि किसी धारदार हथियार का एक घाव नाभी के पास मिला है। नाभी के पास नस कटने के कारण ब्लीडिंग अधिक होने से उसकी मौत हुई है। इधर, पुलिस का कहना है कि परिजन से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह नशे का आदी था। साथ ही वह जिद्दी स्वभाव का था। उसने आत्महत्या क्यों कि यह बात परिजन के गले भी नहीं उतर रही है। परिजन का कहना है कि सबकुछ एकाएक हुआ। वह किस बात से नाराज था यह परिजन को भी नहीं पता। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंपकर जांच शुरू कर दी है।

गुनगा के ग्राम पिपलिया कदीर की घटना

## दहलान में सो रहे किसान की धारदार हथियार से हत्या

**मृतक बाबूलाल के गले पर एक ही वार था, संभवतः बका जैसे किसी धारदार हथियार से हत्या की**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पिपलिया कदीर में बुधवार रात करीब 11 बजे अज्ञात हमलावर ने दहलान में सो रहे किसान पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के समय किसान की पत्नी और सास अंदर घर में थी, जबकि किसान दहलान में सोया हुआ था। चीख पुकार सुनकर परिजन दहलान में पहुंची तो पति का शव खून से लतपथ अवस्था में पड़ा देखा। इसके बाद बेरखेड़ी में रहने वाले अपने दामाद को कॉल कर बुलाया। इधर सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस अज्ञात हमलावर पर हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार बाबूलाल लोधी (55) ग्राम पिपललिया कदीर में रहते थे और खेती किसानी करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटियां और एक बेटी है। वे चारों बेटियों की शादी कर चुके हैं। बेटियां अपने अपने परिवार में रहती हैं। घर में बाबूलाल उनकी पत्नी और सास रहती हैं, जबकि बेटा दुष्कर्म के मामले में विदिशा जेल में है। उनकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात खाना खाने के बाद वह अपनी मां के साथ अंदर कमरे में सो रही थी। बाबूलाल दहलान में खाट बिछाकर सो रहे थे। रात करीब 11 बजे उन्हें चीख सुनाई दी और वह मां को लेकर दहलान में पहुंची। इस दौरान बाबूलाल का खाट पर पड़े थे और उनके गले से खून बह रहा था। घटना की जानकारी बाबूलाल की पत्नी ने बेरखेड़ी में रहने वाले दामाद सर्जन लोधी को दी। वह पिपलिया कदीर पहुंचा। उसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने बताया कि मृतक बाबूलाल के गले पर एक ही वार किया गया है। वार संभवतः बका जैसे किसी धारदार हथियार से किया गया है। परिजन अभी शोकाकुल है। लिहाजा उनके बयान नहीं हो सके हैं। पुलिस रिश्तेदारों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है।

---

पाइप लाइन डालने खोदी सड़क, नगर परिषद ने नहीं की मरम्मत

## खोदी गई सड़क से उड़ रही धूल, रहवासी और दुकानदारों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के मुख्य चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक लगभग 25 दुकाने हैं, जिसमें किराने, डेरी, होटल एवं इलेक्ट्रॉनिक की दुकानें हैं। पिछले एक सप्ताह से नगर परिषद क्षेत्र में पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोद दिया है। सड़क खोदने से अब धुल और मिट्टी उड़कर घरों और दुकानों में घुस रही है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। दुकानदार मनोज खत्री, प्रदीप भंडारी, रमेश सेठी, शंकर सेठी, राकेश तिवारी, डॉ. माखन सिंह नागर, गल्ला व्यापारी के सुदामा तिवारी, दीपेंद्र नागर ने बताया की स्टेशन रोड की सड़क खुदाई के बाद इस सड़क से निकलने वाले वाहनों से धूल उड़ती है, जिससे दुकानदारों को परेशानी हो रही है साथ खांसी एवं अन्य बीमारी होने का खतरा बढ़ गया है। इसके अलवा धूल से दुकान का सामान भी खराब हो रहा है, इससे सभी दुकानदारों में रोष है।



पाइल लाइन डालने खोदी सड़क।

पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने कहा कि मैंने नगर परिषद के जिम्मेदारों को बताया कि वार्ड 13 में खुदाई के बाद लोगों को परेशानी हो रही है, लेकिन नगर परिषद ने ध्यान नहीं दिया। आठ पार्षदों से अलग-अलग फोन पर पूछा तो उन्होंने बताया कि अर्जुन नगर में यदि कमीशन का काम होता तो नगर परिषद के जिम्मेदार 10 बार चक्कर काटते। क्षेत्र में पीने के पानी की लाइन बिछाई जा रही है। इसमें जो पाइप डाली जा रही है वह भी निम्न स्तर की है। पाइपलाइन को डालने वाले ने बताया कि अभी तो यह पाइप डल रही है फिर टेस्टिंग होगी। पाइपलाइन डालने में जिन घरों के नल कनेक्शन टूट गए हैं उनकी मरम्मत करने के लिए फिर खुदेगा।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले दोषी को शेष प्राकृतिक जीवन तक आजीवन कारावास

**भोपाल।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी संतोष पटेल उर्फ हरि मेहरा (35) निवासी तुलसी पार्क पडरिया बमोरी जिला रायसेन मप्र को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने भादंसं की धारा-363, 366, 368, 376 (2)(एन), 506 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा-5 (एल)/6 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए शेष प्राकृतिक जीवन तक आजीवन सश्रम कारावास एवं 500 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई।

अभियोजन के अनुसार आरोपी ने 26 जून 2014 को नाबालिग पीड़िता को ग्वाल मोहल्ला रोशनपुरा भोपाल से बहला-फुसलाकर अपहरण करके रायसेन और इंदौर लेजाकर शादी का झांसा देकर उसके साथ डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया था। थाना जहांगीराबाद ने नाबालिग पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध भादंसं की धारा-363, 366, 368, 376 (2)(एन), 506 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा-5 (एल) / 6 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना में घटनास्थल का नक्शा, पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया था। विवेचना अधिकारी ने प्रकरण की संपूर्ण विवेचना के बाद जिला न्यायालय में आरोपी के खिलाफ अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

पुलिस ने किया एक लाख रुपए का माल जब्त

## चार इमली में चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

◆ *आरकेएमपी स्टेशन के बाहर खड़ी कार से भी चोरी किया था पर्स*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने चार इमली के बंगले से पानी की तीन मोटर और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर कार से पर्स चुराने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चोरों से पुलिस ने करीब एक लाख रुपए का चोरी का माल बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 8 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे के आसपास बंगला नंबर डी-3/19 चार इमली में लगी क्रॉम्पटन कैंप पल्स कंपनी की तीन पानी की मोटर और 7 नग पीतल, स्टील वाली नल की टोंटी चोरी हो गई थी। पुलिस ने चोरी की शिकायत दर्ज करने के बाद घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। सीसीटीवी कैमरे में मिले फुटेज के आधार पर पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी करने वाला एक



संदिग्ध मानसरोवर पुलिया के पास खड़ा है।

सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने मानसरोवर पुलिया के पास से पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसने अपना नाम सुमित उर्फ बाबा करौसिया पिता जितेन्द्र करोसिया (19) मकान नंबर-12, ज्योतिबा फूले नगर हबीबगंज बताया। पुलिस उसे थाने लेकर आई और पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने साथी मनोज मिश्रा पिता अजय मिश्रा (29) प्रियदर्शनी नगर टीटी नगर के साथ मिलकर डी-3/19 चार इमली और कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास बंसल प्लाजा के पास के बाहर खड़ी कार का गेट खोलकर पर्स चोरी करना स्वीकार लिया।

---

7 घंटों तक चले ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों को मिली सफलता

# सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्यंत वृद्ध महिला के अग्नाशय कैंसर का जटिल सर्जरी से सफल इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी शहर में नर्मदापुरम रोड पर स्थित सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्यंत वृद्ध महिला के अग्नाशय (पैंक्रियास) कैंसर का जटिल सर्जरी से सफल इलाज हुआ है। हॉस्पिटल में वृद्ध महिला पोषण की कमी और लंबे समय से बीमारी के कारण बहुत ही कम वजन लगभग 38 किलोग्राम के साथ हॉस्पिटल में इलाज के लिए आई थी।

### 7 घंटों तक चला ऑपरेशन

हॉस्पिटल के वरिष्ठ कैंसर स्पेशलिस्ट व सर्जन डॉ. शुभम पांडे ने जांच में पाया महिला अग्नाशय (पैंक्रियास) के कैंसर से ग्रसित है



डॉक्टर के साथ स्वस्थ महिला।

और वह उसका इलाज करा स्वस्थ्य रहना चाहती है। एसएमएच के वरिष्ठ ऑन्कोसर्जन डॉ. शुभम पांडे और डॉ. आशीष शुक्ला ने इलाज के लिए समन्वय टीम से महिला का आपरेशन हास्पिटल के एनेस्थीसिया व क्रिटिकल केयर टीम का नेतृत्व डॉ. महेश कुर्वे के साथ परिवार संग काउंसल कर के किया। पैंक्रियाटिकोडुओडेनैक्टॉमी (व्हिपल सर्जरी) जैसी प्रक्रियाएं लंबी और तकनीकी रूप से अत्यधिक जटिल होती हैं, जिसके लिए विशेषज्ञता और संयम दोनों आवश्यक होते हैं। इसमें अग्न्याशय के सिर, छोटी आंत के पहले भाग (ग्रहणी), पित्ताशय और पित्त नली के हिस्से को हटा दिया जाता है। फिर शेष हिस्सों को फिर से जोड़ा जाता है ताकि भोजन पाचन तंत्र से गुजर सके। ऑपरेशन 7 घंटों तक चला और टीम की सटीक योजना व समन्वित प्रयासों से पूर्णतः सफल रहा।

### जल्द होगी डिस्चार्ज


ऑपरेशन के बाद महिला को पोस्ट ऑपरेटिव केयर में रखा और निरंतर निगरानी और अस्पताल के गहन देखभाल प्रोटोकॉल के परिणामस्वरूप रोगी ने सुचारु रिकवरी की। वर्तमान में महिला पूरी तरह स्वस्थ हैं और कैंसर-रहित है और जल्द ही अपने घर डिस्चार्ज हो जाएगी । डॉ. शुभम पांडे ने बताया कि अग्नाशय की सर्जरी जटिल होती है और यह सफलता इस बात का प्रतीक है कि सही योजना, टीमवर्क और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से कैंसर रोगियों में भी अच्छे परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

## चोरी की बाइक गिरवी रखकर जुआ में उड़ाता था रुपए, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्यानगर पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह शराब दुकान के सामने से लाक तोड़कर बाइकें चुराता था। वहीं चोरी की बाइकों को बेचने या उसके पार्ट्स बेचने की बजाए व्यापारियों के पास सस्ते दामों पर गिरवी रखता था। साथ ही इन रुपयों को वह जुए में उड़ा देता था। आरोपी पिछले दिनों एक बार फिर चोरी की बाइक गिरवी रखने की फिराक में था। सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ा। साथ ही चोरी की चार बाइकों को जब्त किया।

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि 29 नवंबर को क्षेत्र में रहने वाले गेंदालाल राजपूत ने



जब्त बाइक के साथ गिरफ्तार आरोपी।

अयोध्यानगर स्थित शराब दुकान के सामने से बाइक चोरी हो जाने की शिकायत की थी। पुलिस ने केस दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के फुटेज खंगाले और आरोपी की पहचान की। पुलिस ने आरोपी गुड्डन मालवीय को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। 26 वर्षीय गुड्डन ओंकारा सेवनिया का रहने वाला है।

5 जानलेवा दवा से प्रभावित चौदह बच्चों के परिजनों ...



12 लोगों को नहीं मिल रही महापौर एक्सप्रेस...






# हाई सिक्योरिटी वाले विधानसभा परिसर में चोरों ने चंदन का पेड़ काटा, ले नहीं जा सके

## दो अन्य पेड़ पर मिले आरी चलाने के निशान, पुलिस की दलील-नहीं हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शीतकालीन सत्र में भारी सुरक्षा के बीच विधानसभा परिसर से एक चंदन का पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। दो पेड़ों पर आरी के निशान मिले हैं। विधानसभा परिसर में चंदन के पेड़ों को काटने और चोरी करने के प्रयास की घटना गुरुवार सुबह सामने आई। घटना के बाद विधानसभा परिसर की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

पुलिस की दलील है कि चंदन के पेड़ चोरी नहीं हुए हैं और चोरी का प्रयास भी नहीं किया गया। पुलिस का कहना है कि परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

**विधानसभा परिसर की सुरक्षा पर उठ रहे गंभीर सवाल**



### पुलिस बोली- चंदन का नहीं, जंगली पेड़

पुलिस का कहना है कि जिस पेड़ को काटा गया है। वह पेड़ चंदन का नहीं है। पार्किंग में लगा कोई जंगली पेड़ है जो हूबहू चंदन के पेड़ की तरह लग रहा है। पेड़ की पत्तियां देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि उसे रात में ही काटा गया है। पुलिस ने विधानसभा के कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### राजधानी में चंदन तस्कर गिरोह सक्रिय

राजधानी में चंदन चोरी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले, 17 नवंबर को वीवीआईपी इलाके 74 बंगला स्थित डीएफओ कार्यालय के बाहर से एक चंदन का पेड़ चोरी हो गया था। लगभग पांच दिन पहले कोह-ए-फिजा इलाके में गुफा मंदिर परिसर के अंदर छह चंदन के पेड़ काटे गए थे। चौकीदार की नजर पड़ी और वह मौके पर पहुंचा था। इस दौरान तीन पेड़ चोरी हो चुके थे, जबकि तीन पेड़ चोर ले जा नहीं सके थे।


डीएफओ के बंगले में कटा पेड़।

### कटा पेड़ देख दंग हुए लोग

दरअसल, विधानसभा के कर्मचारी और अधिकारी सुबह विधानसभा परिसर पहुंचे और पार्किंग क्षेत्र में एक पूरी तरह से कटा हुआ चंदन का पेड़ देखकर दंग रह गए। इसके अलावा, कर्मचारियों को परिसर के अंदर दो अन्य चंदन के पेड़ों पर आरी के निशान मिले, जिससे संकेत मिलता है कि तस्करों ने उन्हें भी काटने की कोशिश की थी। पुलिस ने बताया कि संदिग्धों की पहचान के लिए परिसर के सीसीटीवी फुटेज जांचे जा रहे हैं। एसीपी मनीष भारद्वाज ने बताया कि पुलिस को एक चंदन के पेड़ को काटे जाने की सूचना मिली थी। पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि परिसर के अंदर मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जाएगी।


विधानसभा परिसर में कटा पड़ा एक चंदन का पेड़। (लाल घेरे में)

---

**मंत्री कृष्णा की नाराजगी के बाद...**

## अवधपुरी से एसओएस तक सीसी रोड से हटेंगे बिजली के पोल, जल्द बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल क्षेत्र की अवधपुरी से एसओएस बालग्राम तक करीब तीन करोड रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड के दोनों तरफ लगे दो दर्जन से ज्यादा बिजली के पोल जल्द ही शिफ्ट होंगे। इसके कारण रोड निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था जबकि भूमिपूजन चार माह पहले हो चुका है। बीते सप्ताह क्षेत्रीय विधायक व मंत्री कृष्णा गौर ने उक्त मामले लेकर समीक्षा बैठक में नाराजगी व्यक्त करते हुए बिजली के पोल शिफ्ट करने और रोड का निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए थे।

**चार माह पहले हो चुका है साढ़े तीन लाख से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन**

अवधपुरी से एसओएस बालग्राम तक सवा तीन करोड के सीसी रोड का निर्माण होना है। इसके बन जाने से अवधपुरी से लगी एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों के लोगों का सीधा जुडाव एसओएस बालग्राम के फोरलेन से हो जाएगा। इस रोड का सीधा जुडाव रायसेन रोड और मंडीदीप बायपास से है। इससे अवधपुरी से बरखेडा मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा। जंबूरी मैदान पर आए दिन होने वाले सरकारी कार्यक्रमों व वीआईपी मूवमेंट होने पर जाम के हालात नहीं बनेंगे और लोगों की आवाजाही भी सामान्य रूप से चलती रहेगी। इस दृष्टि से उक्त रोड निर्माण के लिए योजना बनाई गई थी।

इस संबंध में मंत्री कृष्णा गौर का कहना है कि अवधपुरी से एसओएस बालग्राम तक सीसी सडक बनना है। बिजली के पोल नहीं हटने के कारण देरी हुई। जल्द ही रोड का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

---

### मिली एनओसी, प्रायोरिटी कॉरिडोर राजस्व परिचालन के लिए तैयार

# भोपाल मेट्रो में पहले सप्ताह शहर के लोगों को फ्री यात्रा का मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**किराया निर्धारित, पहले सप्ताह के बाद 20 से 50 रुपए में मिलेगा टिकट**

**13 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली करेंगे लोकार्पण, शासन को भेजा प्रस्ताव**

भोपाल मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर राजस्व परिचालन के लिए अब पूरी तरह तैयार है। भोपाल मेट्रो को सीएमआरएस से एनओसी मिल गई है। इसके लिए 13 दिसंबर तारीख तय की गई है। भोपाल मेट्रो के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। इंदौर की तर्ज पर भोपाल में भी पीएम वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर मेट्रो का लोकार्पण करेंगे। भोपाल में भी इंदौर की तर्ज पर किराया रहेगा। कम से कम 20 रुपए और अधिकतम 50 रुपए किराया रहेगा।

एमपी मेट्रो ने गुरुवार को भोपाल मेट्रो का किराया घोषित कर दिया है। मेट्रो संचालन की अनुमति कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) से मिलने के बाद अब लोकार्पण की संभावित तारीख भी तय कर दी गई है। भोपाल मेट्रो के डीजीएम स्पेशल अरविंद सोनी ने बताया कि शासन को 13 दिसंबर का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन तारीख की आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। तारीख मिलते ही औपचारिक उद्घाटन की घोषणा कर दी जाएगी। सुभाष नगर से एम्स तक 7.5 किमी के इस कारिडोर पर मेट्रो की शुरुआत से भोपाल की यातायात व्यवस्था में सुधार आने की उम्मीद है। शहर के लोगों को जाम से राहत मिलेगी और तेज, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन का अनुभव मिलेगा। सीएमआरएस की मंजूरी के बाद उद्घाटन की तारीख का इंतजार कर रहा है। जैसे ही मुख्यमंत्री कार्यालय से तारीख तय होगी, भोपाल मेट्रो का नया सफर शुरू होगा।

### फेयर कमेटी का गठन न होने से महिला, सीनियर सिटीजन, स्टूडेंट्स की स्कीम तय नहीं


भोपाल मेट्रो के लिए स्टेशन बनकर तैयार है।

भोपाल मेट्रो में पहले सप्ताह सभी यात्रियों को बिना टिकट फ्री सफर का मौका मिलेगा। इस दौरान बेस फेयर पर 100 फीसदी छूट लागू रहेगी। इसके बाद यात्रियों को किराए में विभिन्न चरणों में छूट दी जाएगी। चूंकि फिलहाल फेयर कमेटी का गठन नहीं हुआ है। इस कारण बेस फेयर में महिला, स्टूडेंट्स, सिनीयर सिटीजन के लिए स्कीम तय नहीं हुई है। मेट्रो के अधिकारी बताते हैं कि बेस फेयर इंदौर मेट्रो की तरह रखा जाएगा।

### प्रायोरिटी कॉरिडोर के लिए भोपाल मेट्रो का किराया तय

एमपी मेट्रो ने फिलहाल 7.5 किमी के प्रायोरिटी कारिडोर के लिए किराया तय किया है। यह किराया संचालन शुरू होते ही लागू होगा। यह आरेंज लाइन कारिडोर के 30 स्टेशनों के लिए निर्धारित दरों का हिस्सा है, हालांकि शुरुआत में सिर्फ प्रायोरिटी कारिडोर पर ही सेवा उपलब्ध होगी।

### सुबह 8 से रात 8 बजे तक मिलेगी मेट्रो सेवा

- हर 30 मिनट में मिलेगी मेट्रो, सुबह 8 से रात 8 तक सेवा
- प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो सेवा सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी।
- हर 30 मिनट में एक मेट्रो स्टेशन पर पहुंचेगी। सुभाष नगर से एम्स और एम्स से सुभाष नगर तक कुल 50 फेरे लगाए जाएंगे। दोनों दिशाओं में 25-25 फेरे चलेंगे।

### लगातार ट्रायल रन जारी

फिलहाल भोपाल मेट्रो का ट्रायल रन लगातार जारी है। इस ट्रायल को बिल्कुल वास्तविक परिस्थितियों जैसा बनाया गया है। स्टाफ टिकट खरीदता है। लगेज की जांच होती है। यात्री प्रतीक्षा करते हैं। मेट्रो आगमन के बाद यात्री चढ़कर अगले स्टेशन तक यात्रा करते हैं। इस प्रक्रिया के जरिए मेट्रो संचालन में कोई तकनीकी या प्रबंधन संबंधी कमी न रहे, इसका परीक्षण किया जा रहा है।

---

### भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

## सात साल की बच्ची के साथ 17 साल के किशोर ने किया दुष्कर्म का प्रयास


बाल अपचारी को पुलिस को सौंपने के बाद थाने के बाहर जमा भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**शाहजहांनाबाद क्षेत्र के बाबे अली मैदान के पास खंडहर की घटना**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित बाबे अली मैदान के पास गुरुवार दोपहर कुछ जागरूक लोगों की मदद से बड़ी घटना होते होते टल गई। दरअसल, एक 17 साल का नाबालिग मोहल्ले में रहने वाली सात साल की बच्ची को मोबाइल दिखाकर अपने साथ खंडहर में ले गया था और वहां उसके कपड़े उतारने लगा। इसी बीच कुछ जागरूक लोगों की नजर उस पर पड़ गई। उन्होंने नाबालिग को पकड़कर डायल 112 को सूचना दे दी। डायल 112 बच्ची और नाबालिग को लेकर थाने पहुंची थी। वहां नाबालिग के खिलाफ अपहरण, छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। बालअपचारी को किशोर न्यायालय में पेश कर बाल सुधार गृह भेजा जाएगा।

पुलिस के अनुसार 7 साल की बच्ची मूलतः छिंदवाड़ा जिले की रहने वाली है। उसके माता पिता शाहजहांनाबाद इलाके में रहते हैं और मजदूरी करते हैं। इसी इलाके में 17 साल का नाबालिग रहता है। वह आपराधिक प्रवृत्ति का है। उस पर पूर्व में झपटमारी का प्रकरण दर्ज है। गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे उसने मोहल्ले में रहने वाली बच्ची को मोबाइल दिखाया और मोबाइल दिखाकर अपने साथ खंडहर तक ले पहुंचा। इसी बीच परी बाजार की बिल्डिंग से एक युवक ने उसे खंडहर में बच्ची को ले जाते हुए देख लिया। वह अपने साथियों के साथ खंडहर में पहुंचा। इस दौरान नाबालिग बच्ची के कपड़े उतारते नजर आया। युवक ने अपने साथियों के साथ उसे मौके पर ही पकड़ लिया और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस नाबालिग को पकड़कर थाने ले आई। वहां उसके खिलाफ अपहरण, छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया।

---

### अभी दो दिन जारी रहेगा तापमान में उतार-चढ़ाव, इसके बाद तेजी से बढ़ेगी सर्दी

## शाम को हवाओं में अचानक बढ़ी ठिठुरन दिन में भी गर्म वस्त्रों में लिपटे दिखे लोग

**बुधवार-गुरुवार रात का पारा 2.4 डिग्री बढ़ा, बर्फीली हवाओं से शुक्रवार की रात से तेजी से होगी गिरावट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुरुवार शाम को सर्दी का मिजाज अचानक बदल गया। उत्तर से आई बर्फीली हवाओं ने शहर की फिजां में ठिठुरन घोल दी। दिन में भी मौसम सामान्य रहने से सैलानियों ने सुबह से देर शाम तक जमकर मौज मस्ती की। शहर में दिन का पारा आधा डिग्री गिरा, जबकि बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात का पारा 2.4 डिग्री बढ़ गया। यह 11.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से दशमलव आठ डिग्री कम है।

गुरुवार दोपहर बाद से बदली हवाओं और ठिठुरन के असर से अब गुरुवार-शुक्रवार की रात का पारा 2 से 3 डिग्री तक गिर सकता है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पंजाब के ऊपर डब्ल्यूडी और उत्तर प्रदेश के ऊपर इन्ड्यूस्ड सिस्टम से हवाएं बदल रही हैं। इससे तापमान में बदलाव का क्रम अभी दो से तीन दिन रहेगा। इसके बाद ठंडक तेजी पकड़ेगी।


रोशनपुरा चौराहे से गुजरती एक स्कूटी सवार महिला।

### बोट क्लब फुल, शाहपुरा लेक पर भीड़

गुरुवार को शहर में सुबह से ही मौसम का मिजाज बेतहर रहा। दोपहर बाद हवाओं में ठंडक बढने से सैलानियों ने बोट क्लब, मनुआभान की टेकरी, वनविहार सहित अधिकांश पिकनिक स्पॉट्स का रुख किया। शाहपुरा लेक किनारे भी शाम से ही लोगों की भीड़ देखी गई। बोट क्लब पर सुबह से देर शाम तक लोगों का आना जाना रहा।

### हवाएं उत्तरी और उत्तर पूर्वी होने से ठिठुरन बढ़ी

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार नया डब्ल्यूडी सक्रिय हुआ है, लेकिन अभी हिमालय से काफी दूर है। उत्तर प्रदेश पर बना इन्ड्यूस्ड सिस्टम है। अरब सागर में सकुर्लेशन भी बना हुआ है। पंजाब के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ पहले से सक्रिय है, जिसके असर से बीच- बीच में हवाएं बदल रही हैं। उत्तर प्रदेश पर एक इन्ड्यूस्ड सकुर्लेशन सिस्टम है। इन प्रमुख कारणों से अभी मौसम में बदलाव जारी रहेगा। अभी तापमान में जो बढ़त हुई है, वह दो दिन बाद तेजी से कम होगी। गुरुवार शाम को हवाएं उत्तरी और उत्तर पूर्वी होने से ठिठुरन बढ़ गई है।

---

### दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर लाइसेंस रद्द किया जाएगा

## फायर एनओसी और पीसीबी अवधि खत्म 16 अस्पतालों को सीएमएचओ का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के 16 निजी अस्पतालों को फायर एनओसी और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की समाप्त वैधता के कारण सीएमएचओ कार्यालय ने कारण-बताओ नोटिस भेजे हैं। समय पर दस्तावेज नहीं देने पर अस्पतालों का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। नर्सिंग होम पोर्टल पर नियमित निरीक्षण के दौरान यह अनियमितताएं सामने आई हैं। इन अस्पतालों को मध्यप्रदेश उपचयार्गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 की धारा 6(1) के तहत दो सप्ताह के भीतर वैध प्रमाणपत्र जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। तय समय में दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर संबंधित अस्पतालों का लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि अस्पताल संचालन की अनुमति के लिए फायर एनओसी, डॉक्टर और पैरामेडिकल कर्मचारियों की डिग्री-रजिस्ट्रेशन, तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन सहित सभी अनिवार्य दस्तावेजों की समय-समय पर जांच की जाती है। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में वैध प्राधिकरण जमा न करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### इन अस्पतालों को जारी हुए नोटिस

- माहेश्वरी हॉस्पिटल
- रेडक्रॉस हॉस्पिटल
- राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल
- लक्ष्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
- सिटी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
- प्रयास हॉस्पिटल
- डीकेएस हॉस्पिटल
- महर्षि वैदिक हेल्थ सेंटर
- नेत्रिका नेत्रालय
- दुलार चिल्ड्रन हॉस्पिटल
- आयुष हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर
- प्रभात श्री हॉस्पिटल
- दीपशिखा हॉस्पिटल
- श्री बालाजी हॉस्पिटल
- ट्रिनिटी हॉस्पिटल




---

### अब तक 15 लाख 28 हजार 495 वोटर्स के गणना पत्रक हुए डिजिटाइज

## वीआईपी वोटर्स को कॉल, छह विधानसभा के सवा तीन लाख मतदाताओं की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं पर किए जा रहे एसआईआर का काम जारी है। अब तक 15 लाख 28 हजार 495 के गणना पत्रक डिजिटाइज कर दिए गए हैं, जबकि 2 लाख 70 हजार 324 मतदाता अनकलेक्टेबल केटगरी में दर्ज किए गए हैं। ऐसे में अब भी 3 लाख 27 हजार 89 वोटर ने गणना पत्रक वापस नहीं किए हैं। जिसको लेकर गुरुवार को कलेक्टर ने सभी ईआरओ से सर्चिंग एक बार फिर से करने की हिदायत दी है। जिसको देखते हुए बीएलओ ने दोबारा से इन मतदाताओं को फोन करना शुरू कर दिया है। इधर कलेक्टर ने शहर के जज, अफसर, वकील, पत्रकारों को भी रेंडमली कॉल कराए जा रहे हैं, जिससे कोई भी गणना पत्रक भरने से नहीं छूटे।

### सबसे पहले काम खत्म करने पर बैरसिया की टीम को शिकारे में घुमाया


बड़े तालाब में शिकारे की सैर करती बैरसिया टीम।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैरसिया विधानसभा में एसआईआर का काम पूरा करने पर एसडीएम आशुतोष शर्मा, तहसीलदार दिलीप चौरसिया सहित 35 लोगों की टीम का सम्मान किया। जिसके बाद टीम के सदस्यों को बड़े तालाब में शिकारे की सैर कराई गई। कलेक्टर ने कहा कि इस काम में सबसे बड़ा योगदान बीएलओ का है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य विधानसभाओं के ईआरओ को भी जल्द एसआईआर का काम निपटाने की हिदायत दी।

### गोविंदपुरा विधानसभा में 90 हजार वोटर्स की तलाश

जिले की सातों विस में गोविंदपुरा विस का काम पीछे चल रहा था। यहां अब तक 77 फीसद ही काम किया गया है। ऐसे में यहां 90 हजार वोटर्स अब भी ऐसे हैं, जिन्होंने गणना पत्रक वापस नहीं किए हैं। इसी तरह दक्षिण पश्चिम में भी 45 हजार मतदाताओं की तलाश की जा रही है। शुरुआत से ही मृतक, शिफ्टेड और गायब मतदाताओं के बारे में पता चल गया था। लेकिन बीएलओ को इनसे जुड़े दस्तावेज या जानकारी जुटाने की हिदायत दी गई।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

कांग्रेस विधायक आतिफ के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री व लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा शुक्ल ने जानकारी दी

# जानलेवा दवा से प्रभावित चौदह बच्चों के परिजनों को दिया 85 लाख रुपए का मुआवजाः बच्चों को बचाने 1.28 करोड़ खर्च, प्रोडक्ट जांच तमिलनाडु के जिम्मे




## अमानक कफ सीरप बेचने वाली दस कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के छिंदवाड़ा, बैतूल जिले में जानलेवा कफ सिरप से बच्चों की मौत होने के बाद राज्य सरकार ने प्रदेशभर में कफ सीरप के नमूने लेकर जांच कराई और अमानक कफ सीरप बेचने वाली दस कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। दवा से प्रभावित चौदह बच्चों के परिजनों को 85 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है, वहीं अस्पतालों में उनके इलाज पर एक करोड़ 28 लाख 60 हजार 899 रुपए खर्च किए गए हैं। कांग्रेस विधायक आतिफ अकील द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में उप मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल ने यह जानकारी दी है। आतिफ अकील ने सवाल में पूछा था कि एक अप्रैल 2021 से 30 जून 2025 तक प्रदेश में की गई जांच में सब स्टेंडर्ड अमानक दवाईयों के नमूने लिए गए थे तो इन 229 दवाओं में से किस-किस कंपनी के कफ सिरप के नमूने अमानक पाए गए और उनकी बिक्री, वितरण पर रोक लगाने क्या कार्रवाई की गई।

आतिफ ने यह भी पूछा था कि 2017 से 2022 के बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से प्रतिबंधित दवाओं की सूची में शामिल 518 दवाओं की खरीदी के लिए अनुबंध तय किया जाकर जिला स्तर पर लोकल टेंडर के जरिए 22 लाख 96 हजार रुपए की दवाओं की खरीदी क्यों की गई। अमानक कफ सिरप पीने से कितने बच्चों की मौत हुई और क्या-क्या कार्रवाई की गई। जवाब में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि जहरीले कफ सीरप पीने से जिन परिवारों के बच्चों की मौत हुई और जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया, उन्हें मुआवजा भी दिया गया और उनके इलाज और दवा का खर्च भी अस्पतालों को भुगतान किया गया।

**दवा निर्माण लाइसेंस रद्द किया कारण बताओ नोटिस दिया**

**कार्रवाई करने मप्र सरकार ने लिखा तमिलनाडु को पत्र**

******

**सरकार ने बाल औषधियों की सघन जांच करवाई**


विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शामिल होने जाते उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल। इंसेट में विधायक आतिफ अकील।

### मौतों की जिम्मेदारी तमिलनाडु की कंपनी की

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि बच्चों की दुखद मौत की जिम्मेदारी तमिलनाडु राज्य स्थित श्रीसन फार्मा मूल रुप से है। जिसकी निगरानी का दायित्व तमिलनाडु सरकार के औषधि विभाग का था। संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने वहां के विभाग के अफसरों को पत्र भी लिखा है। प्रदेश में स्थित ओरल लिक्विड औषधि निर्माता फर्मों की सीडीएससीओ एवं राज्य के औषधि निरीक्षकों के साथ संयुक्त जांच करवाई गई है। चार सितंबर 2025 के बाद प्रदेशभर में बिक रही अन्य एमपी की छह दवा कंपनियों को सिरप और बाल औषधियों की सघन जांच करवाई गई है।

### निरीक्षण करते हुए इन कंपनियों को जारी किया नोटिस

मध्यप्रदेश में कफ सिरप बनाने वाली छह कंपनियों के नमूनों की जांच का वहां आरबीआई की गई और सीडीएसओ कार्यालय के साथ प्रदेश के निरीक्षकों ने एसएलए और एसडीसी ने अंतिम कार्रवाई की। मेसर्स एडकॉन लैब्स नेमावर का दवा निर्माण लाइसेंस रद्द किया गया। सावेर रोड इंदौर की मेसर्स सेजा फामूर्लेशन और मेसर्स विशाल फार्मास्युटिकल्स को कारण बताओ नोटिस दिया गया और उसके ओरल लिक्विड और टेबलेट सेक्शन के निर्माण कार्य को रोका गया। इंदौर की मेसर्स सैमकेम, मेसर्स विलक्योर रेमेडीज और ग्वालियर की शील केमिकल इंडस्ट्रीज गणेश बाग कॉलोनी को कारण बताओ नोटिस दिया गया और दवाओं का निर्माण रोका गया।

***इन दवा कंपनियों के नमूने जांच में मिले अमानक***

*कोल्ड्रिफ सिरप, रिलाइफ सिरप, रेस्पिफ्रेश टीआर सिरप, हेप्साडिन सिरप, हेप्साडिंन सिरप, चिटेम एमडी, फेरस एस्कॉर्बेट टेबलेट, एल्बेडाजोल टेबलेट, एल्बेडाजोल टेबलेट जैसी दस कफ सिरप और अन्य औषधियों के अलग-अलग बैच नंबर की दवाओं के नमूने अमानक मिले और इनकी बिक्री और वितरण पर रोक लगाई गई।*

### किसान, आवास, सिंचाई पर फोकस भावांतर में मिलेंगे पांच सौ करोड़

अनुपूरक बजट पर सत्तापक्ष के ओमप्रकाश सखलेचा ने सदन में कहा कि हमने लाड़ली बहना, आवास किसान और सिंचाई पर फोकस किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष को उद्योग वर्ष घोषित किया गया है। भावांतर के लिए 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भूअभिलेख के लिए बजट में बड़ा मद रखा गया है।


शीतकालीन सत्र के दौरान भेंट करते विधायक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल।

### किसानों को 24 घंटे में टोकन, फिर खाद लेने की तारीख

कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों को 24 घंटे लाइन लगने के बाद टोकन मिलता है, उसके बाद फिर खाद मिलने की तारीख दी जाती है। ऐसे में किसान खेती कैसे करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों से 15 करोड़ के विकास कार्य के प्रस्ताव लिए जा रहे हैं, जबकि कांग्रेस के विधायकों को अनदेखा किया जा रहा है। विधायक सीता शरण शर्मा ने कहा कि ऐसी बात नहीं है। प्रस्ताव दिए जाते हैं, परीक्षण होते हैं, उसके आधार पर राशि जारी होती है।

### जंडेल ने उठाया राहत राशि का मुद्दा, मंत्री वर्मा ने कहा, कुछ खातों में राशि नहीं पहुंची, जल्द पहुंचाएंगे




भोपाल कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने श्योपुर जिले के किसानों के खाते में राहत राशि नहीं डालने का मामला उठाया। जंडेल ने कहा कि किसानों के खाते में राशि नहीं पहुंची है और सरकार इस मामले में सही जवाब नहीं दे रही है। इस पर हंगामा शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि 16000 रुपए प्रति हेक्टेयर राहत राशि दी जानी थी, लेकिन किसानों के खाते में पैसा नहीं पहुंचा है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जवाब में कहा कि कुछ खातों में राशि नहीं पहुंची है, जिसे जल्दी पहुंचाया जाएगा।

### वीआईटी यूनिवर्सिटी को कारण बताओ नोटिस, सात दिन बाद होगी कार्रवाई



उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि वीआईटी यूनिवर्सिटी को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया है। उसके बाद कार्रवाई करेंगे। छात्रों पर जो एफआईआर दर्ज हुई है, वो अज्ञात नामों पर हुई है। पुलिस उसकी जांच कर रही है।

### हॉस्टल में बच्चों को महुआ खिलाए जाने का विरोध



कांग्रेस विधायक फुंदेलाल मार्को ने छात्रावास में बच्चों को महुआ खिलाए जाने का विरोध करते हुए कहा कि यह बच्चे अपने घर पर भी महुआ खा रहे थे और जब यहां छात्रावास में पहुंचे हैं तो वहां भी चने के साथ महुआ खिलाया जा रहा है। धीरे-धीरे महुआ पीने की आदत डाल दी जाएगी। वे सरकार से मांग करते हैं कि बच्चों के मन में यह भावना खत्म करें कि आदिवासी हैं और उन्हें महुआ पीना पड़ेगा, महुआ ही खाना पड़ेगा।

### स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा- 10 बच्चों से कम वाले स्कूल किए जाएंगे मर्ज



**विधायक यादव के सवाल पर दिया जवाब**

10 से कम संख्या वाले सरकारी स्कूलों को 1 किलोमीटर के दायरे में बड़े स्कूल में मर्ज किया जाएगा। साथ ही इन स्कूलों में शिक्षकों की पद स्थापना दूरस्थ खाली पड़े स्कूलों में की जाएगी। सदन में यह घोषणा स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने विधायक अमर सिंह यादव के एक सवाल के जवाब में की।

कर्मचारी संगठन ने की पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव से मुलाकात

## वरिष्ठ विधायक भार्गव ने कहाः जेल जाने वाले वर्मा की कैसे हो रही मंत्रालय में पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के बंगले पर आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेश के कर्मचारी संगठनों के नेता मिलने पहुंचे। पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव ने मंत्रालय में संतोष वर्मा की पोस्टिंग किए जाने पर सवाल उठाया है।


भाजपा के वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव से भेंट करते कर्मचारी संगठन।

उन्होंने कहा कि ऐसे विवादित अधिकारी की पोस्टिंग मंत्रालय जैसे संवेदनशील पद पर कैसे की गई। भार्गव ने कहा कि बेटियों के खिलाफ आपत्तिजनक बात करने और फर्जी जजमेंट मामले में जेल जा चुके अधिकारी पर अब तक कार्रवाई न होना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करने और जज के फर्जी आदेश तैयार करने के आरोप में जेल जा चुका हो, उसका मंत्रालय जैसे उच्च और महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ होना समझ से परे है। भार्गव से मिलकर प्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे मामलों में ढिलाई प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने गोपाल भार्गव से मुद्दे को शासन स्तर तक ले जाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर विजय रघुवंशी, श्याम सुंदर शर्मा, अशोक पांडे, आशीष सोनी, राजकुमार पटेल, हरिशरण द्विवेदी, अंकित अवधिया, मतीन खान, महेश विश्वकर्मा, श्याम बिहारी दुबे और सुनील शुक्ल शामिल है। मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने बताया कि गोपाल भार्गव से मुलाकात के दौरान उच्च अधिकारियों में बढ़ते जातिवाद पर भी चर्चा हुई। यह प्रवृत्ति कर्मचारियों को प्रभावित कर रही है।

## एमपी के 45 जर्जर पुलों की तुरंत शुरू होगी रिपेयरिंग

**भोपाल।** रायसेन जिले में हाल ही में हुए पुल हादसे के बाद मध्यप्रदेश का लोक निर्माण विभाग पूरे प्रदेश में सक्रिय मोड में आया है। विभाग ने पहली बार इतनी बड़ी संख्या में तात्कालिक मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्यों की सूची जारी करते हुए 45 पुलों के सुधार कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति दी है। विधानसभा सत्र के दौरान रायसेन में पुल गिरने की घटना के बाद सुरक्षा को लेकर उठे सवालों को लेकर बढ़े दबाव का परिणाम माना जा रहा है। पीडब्ल्यूडी के जारी आदेश में बताया गया कि 03.11.2025 को हुई राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की 295वीं बैठक में यह फैसला लिया गया कि प्रदेश के कई जिलों से तात्कालिक मरम्मत की जो मांगें आई थीं, उन्हें प्राथमिकता पर स्वीकृत किया जाए।

कार्यकर्ताओं की जन समस्याओं का तत्काल समाधान किया

मंत्री विजयवर्गीय एवं प्रतिमा ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

## कार्यकर्ताओं से संवाद की सार्थक पहल के अच्छे परिणाम आ रहेः मंत्री कैलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को मप्र शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रतिमा बागरी ने प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की जन समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया।

जिन जन समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण के लिए भेजा गया है। कार्यकर्ताओं से संवाद एवं समन्वय के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मप्र की भाजपा सरकार और संगठन गरीबों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। भाजपा संगठन और कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने के लिए कार्य करते हैं। कार्यकर्ताओं से संवाद व समन्वय की इस व्यवस्था के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। इससे यह भी पता लग सकेगा कि किस पात्र व्यक्ति को शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं प्राप्त हो रहा।


शहीद टंट्या मामा को श्रद्धांजलि देते मंत्री विजयवर्गीय।


शहीद टंट्या मामा को पुष्प अर्पित करतीं मंत्री प्रतिमा।

### शहीद टंट्या मामा के बलिदान दिवस पर अर्पित की श्रद्धांजलि

मप्र शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अमर शहीद टंट्या मामा के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### पार्टी संगठन बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत होगाः मंत्री बागरी

मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व हेमंत खण्डेलवाल के विचार-विमर्श के बाद कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय से संवाद और समन्वय की व्यवस्था बनाई गई है। इस व्यवस्था से प्रदेश भर से आने वाले कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का कार्यालय से ही समाधान हो रहा है। जिन जनसमस्याओं का समाधान तुरंत नहीं हो सका है, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा जा रहा है। इस व्यवस्था से कार्यकर्ता जनसमस्याओं को तुरंत हल करा पा रहे हैं।



# प्रकृति, पशु-पक्षियों और मानवीय संवेदनाओं का अनूठा संगम दर्शाते सुरेन्द्र के चित्र....

## 68वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


प्रकृति, पशु-पक्षियों और मानवीय संवेदनाओं के अनूठे संगम से सजी जनजातीय चित्रकार सुरेन्द्र टेकाम के चित्र जो बरबस ही किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लें। किन्हीं चित्रों में जनजातीय परम्परा की झलक नजर आती है तो कहीं जनजातीय लोक चित्रों की अद्वितीय छटा, सुरेंद्र के चित्रों से सजी प्रदर्शनी का शुभारंभ जनजातीय संग्रहालय की शलाका प्रदर्शनी श्रंखला में देखने को मिली। 68वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी में इस बार गोंड चित्रकार सुरेन्द्र टेकाम की कला कृतियों को केंद्र में रखकर चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। सुरेन्द्र टेकाम पारम्परिक गोण्ड कला की नई पीढ़ी के उभरते कलाकार हैं, जिनके चित्रों में आदिवासी लोक संस्कृति व कला की रचनात्मकता नजर आती है।


अपनी गोंड चित्रकला के चित्र बनाते कलाकार सुरेंद्र नेताम। इनसेट में उनके बनाए चित्र।



### वरिष्ठ कलाकार छोटी टेकाम से सीखे गोंड चित्रकला के गुर

28 वर्षीय सुरेन्द्र टेकाम गोंड पारम्परिक चित्रकला की वर्तमान पीढ़ी के युवा कलाकार हैं। ग्राम पाटनगढ़, जिला- डिण्डोरी में जन्में सुरेंद्र के पिता मनोहर टेकाम खेती-किसानी करते हैं। जंगल-पहाड़ों के बीच पले-बढ़े सुरेंद्र ने चित्रकला की प्रारंभिक शिक्षा अपने भाइयों से ग्रहण की है। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ कलाकार छोटी टेकाम के मार्गदर्शन में गोंड चित्रकला की बारीकियों को सीखा। सुरेन्द्र अपनी सफलता का श्रेय परिवार को देते हैं। आपके दोनों बड़े भाई भी पारम्परिक गोंड चित्रकला का काम करते हैं।




## म्यूजिकल कॉन्सर्ट में उमड़ा श्रोताओं का सैलाब, गीतों ने बांधा समां




# आदित्य रिखारी के नाम रहा एम्स रेटीना 8.0, मंच पर आते ही सीटियों से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स रेटीना 8.0 में गुरुवार शाम गीतों भरी शाम में आदित्य रिखारी के म्यूजिकल कॉन्सर्ट ने संगीत प्रेमियों में जोश भर दिया। स्टूडेंट्स की भारी भीड़, जगमगाती लाइट्स और गूंजते सुरों ने पूरे वातावरण को ऊर्जा और रोमांच से भर दिया। स्टेज पर एंट्री करते ही आदित्य के फेंस ने तालियों की गड़गड़ाहट और सीटियों से उनका स्वागत किया। जैसे ही आदित्य रिखारी ने मंच पर कदम रखा, दर्शकों की तालियों और शोर ने माहौल को इलेक्ट्रिफाय कर दिया। आदित्य के पहले ही गीत पर पूरा हॉल उनके साथ गुनगुनाने लगा और लोग सीटों से उठकर झूमने लगे। एक के बाद एक हिट गानों की लड़ी ने आदित्य के मयूजिकल कन्सर्ट को जोश और जज्बे से भर दिया।

*आदित्य के पहले ही गीत पर पूरा हॉल उनके साथ गुनगुनाने लगा,झूमती नजर आईं छात्राएं*

*एक के बाद एक हिट गानों की लड़ी ने म्यूजिकल कॉन्सर्ट को जोश और जज्बे से भर दिया*


आदित्य रिखारी के म्यूजिÞकल कॉन्सर्ट को सुनकर खुश होती मेडिकल की छात्राएं।

### नाम तुम्हारा ने खोल दिया एहसासों का दरवाजा

बीच-बीच में आदित्य ने दर्शकों से बातचीत की, उनके चीयर्स का जवाब दिया और कुछ फैंस को मंच के पास आकर अभिवादन भी किया। आदित्य के सुपरहिट सांग पर पूरा ऑडिटोरियम एक साथ उसकी लाइनें गुनगुनाता नजर आया। वह पल मानो लाइव कॉन्सर्ट नहीं, बल्कि एक भावनात्मक अनुभव बन गया। कॉन्सर्ट के दरमियां उनके सुपरहिट गीत नाम तुम्हारा जब लू मैं, दिल ये मेरा धड़के ज्यादा.... भीड़ ने एक सुर में साथ गुनगुनाकर माहौल को रोमांटिक बना दिया।

### एक से बढ़कर एक पापुलर सांग्स पर झूमे श्रोता

कॉन्सर्ट के दौरान आदित्य ने अपने पॉप्युलर सॉन्ग्स तेरी याद..., साहिबा..., क्या करें..., नासमझ... और पारो.... जैसे एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर मेडिकल स्टूडेंट्स की शाम को और भी सुहाना बना दिया। किसी ने मोबाइल की फ्लैशलाइट्स ऑन कर दी, तो कोई वीडियो बनाता नजर आया, वहीं कोई तालियों की गूंज में डूबा हुआ नजर आया। उनकी आवाज और संगीत की धुनों ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# अटल जी ने गर्व से कहा था- रग-रग हिंदू मेरा परिचय...

**विद्वानों ने पूर्व पीएम वाजपेयी पर व्यक्त किए अपने विचार**

नृत्यधाम संस्था स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह का द्वितीय दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष, पुण्य स्मरण के द्वितीय दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता खेमसिंह डेहरिया सभापति निजी विवि विनियामक आयोग ने करते हुए कहा कि अटल जी के जीवन के जितने भी पक्ष हैं जैसे उनका साहित्य, उनकी, राजनीति, उनकी कला प्रियता, उनकी समाजसेवा सभी का केंद्रीय भाव राष्ट्रचेतना होता था।

### अटल जी अपने आप में एक संस्था थे

डॉ. नुसरत मेहंदी ने कहा कि अटल जी अपने आप में एक संस्था थे। अटल जी की राजनीति में करुणा एवम संवेदना का समावेश था। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. साधना बलवटे ने कहा कि विवेकानंद के बाद वे पहले ऐसे राजनेता थे जिन्होंने गर्व से कहा रग रग हिंदू मेरा परिचय।




कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं नृत्यांगनाएं।

### गीत व नृत्य प्रस्तुति ने बांधा समां

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संघ रत्ना बानकर और संघमित्रा तायवाडे ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। बुंदेली लोकगायन की प्रस्तुति ऋषि विश्वकर्मा और साथियों ने दी। दीपान्वीता और तनिसा ने समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

## अटलजी की स्मृति में चित्र प्रदर्शनी


प्रदर्शनी में लगे पूर्व पीएम अटलजी पर बने पोर्टेट।

अटलजी के व्यक्तित्व पर पर वरिष्ठ चित्रकार राज सैनी के संयोजन में स्कूल और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी लगाईं।



**रवीन्द्र भवन में 5 व 7 को एवं 6 दिसंबर को जगदीशपुर में सजेंगी संगीत की सभाएं**

# तीन स्थानों पर 8वां ह्रदय दृश्यम 5 से 7 दिसंबर तक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकप्रिय संगीत समागम ह्रदय दृश्यम के आठवें संस्करण का आयोजन 5 से 7 दिसंबर तक भोपाल के तीन स्थानों पर किया जा रहा है। रवीन्द्र भवन में 5 दिसंबर को, 6 दिसंबर को जगदीशपुर में और भारत भवन में 7 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सुविख्यात कलाकारों की संगीत सभाएं सजेंगी। ह्रदय दृश्यम, मप्र की दूरदर्शी सांस्कृतिक संवेदना का ऐसा उदाहरण है, जो प्रदेश की कलात्मक धड़कन को नए आयाम देता है। इस संगीत समारोह के माध्यम से जहां एक ओर समृद्ध सांस्कृतिक संसार की छवि सुरों के माध्यम से उकेरी जाती है, वहीं दूसरी ओर मप्र की प्राचीन धरोहरों को भी बढ़ावा दिया जाता है। यह जानकारी संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने भारत भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।



कार्यक्रमों की जानकारी देते संस्कृति, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी व अन्य।

### सभी वर्गों के साथ युवाओं को भी जोड़ने वाला कार्यक्रम

संस्था ओमेगा रैंक के सीएसआर फंड के सहयोग से आयोजित ह्रदय दृश्यम के आठवें संस्करण में भी इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि युवा श्रोता वर्ग भी इस कार्यक्रम से जुड़े और अपनी परम्पराओं और विरासत के बारे में जान सके। इसके लिए ऐसे कलाकारों को आमंत्रित किया गया है जो सभी वर्गों के साथ युवाओं के बीच भी परस्पर लोकप्रिय हैं।

### इस तरह होंगे कार्यक्रम

- 5 दिसंबर को रवीन्द्र भवन में बांसुरी वादक पं. राकेश चौरसिया का बांसुरी वादन एवं अमान व अयान अली बंगश की सरोद जुगलबंदी के साथ ही अंतिम प्रस्तुति मधुवंती बागची के गायन की होगी।
- 6 दिसंबर को जगदीशपुर के चमन महल में सितार वादक रवि चारी की प्रस्तुति होगी, इसके बाद आदित्य कलायणपुरकर का तबला वादन की प्रस्तुति होगी।
- 7 दिसंबर को नाद ब्रह्म के फ्यूजन बैंड की प्रस्तुति से रविंद्र भवन की संध्या सजेगी, इसके बाद ताल वाद्य सेल्वगणेश मंच संभालेंगे।

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में रंग संस्कृति नाट्य समारोह 12 दिसंबर से

**भोपाल।** रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप के राग बंध सभागार में 12 दिसंबर से द्वितीय रंग संस्कृति नाट्य समारोह आरंभ हो रहा है। तीन दिवसीय समारोह में रंगमंच, संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र के कलाकार एवं साहित्य धर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रथम दिवस मप्र नाट्य विद्यालय के छात्र नाटक 'एक थी चिडिया' का मंचन करेंगे। द्वितीय दिवस की संध्या खुशबू चैबितकर के नाटक द रिस्पेक्टफुल प्रोस्टिट्यूट का मंचन एवं तृतीय दिवस रंग कर्मी बालेंद्र सिंह अभिनीत चर्चित नाटक पढ़िए कालिमा का मंचन होगा। रंग संस्कृति सृजन समिति के सचिव यतीन्द्र अत्रे ने बताया कि अंतिम दिवस की संध्या पर नाटक मंचन से पूर्व लोक गायक प्रवीण चैबे एवं साथी कलाकारों द्वारा निमाड़ी बोली में गांव के गीतों पर आधारित यशोगान की प्रस्तुति होगी।

# विक्रमोर्वशी का पुनः मंचन रवींद्र भवन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजा पुरूरवा और अप्सरा उर्वशी की प्रसिद्ध प्रेमकथा पर आधारित कालीदास कृत विक्रमोर्वशी का पुनः मंचन गुरुवार शाम रवींद्र भवन सभागार में किया गया। एमपीएसडी द्वारा प्रस्तुत इस प्रस्तुति में स्नातकोत्तर डिग्री एम.पी.ए. (नाट्य एवं रंगमंच) दो वर्षीय पाठ्यक्रम के सत्र 2025-27 के विद्यार्थियों ने मंच पर राजा पुरूरवा और अप्सरा उर्वशी के प्रेम और वियोग की गाथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुति किया। जिसमें नृत्य परिकल्पना नम्रता श्रीमाली और निर्देशन रामजी बाली का रहा।





**क्लब लिटराटी द्वारा उर्मिला शिरीष के नए कहानी संग्रह पच्चीस कहानियों का लोकार्पण**

# मानवीय रिश्तों की सूक्ष्म अभिव्यक्ति से ओतप्रोत कहानी संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्लब लिटरेटी द्वारा गुरुवार को साहित्यिक कार्यक्रम उमिला शिरीष की पच्चीस कहानियां का लोकार्पण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर इस नए कहानी संग्रह पर विस्तार से चर्चा की भी गई। इस अवसर पर क्लब लिटराटी की संस्थापक डॉ. सीमा रायज़ादा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।




### जीवन के जटिल अनुभव हुए शामिल

इस आयोजन में डॉ. उर्मिला शिरीष के साथ चर्चा में डॉ. विशाखा राजुरकर राज शामिल थी। कार्यक्रम के दौरान कहानी—संग्रह के विविध पहलुओं पर चर्चा हुई, जिनमें सामाजिक संवेदनाएं, जीवन के जटिल अनुभव और मानवीय रिश्तों की सूक्ष्म अभिव्यक्ति जैसे विषय प्रमुख रहे। साथ ही उर्मिला शिरीष की रचना प्रक्रिया और उनकी कहानियों में भावप्रधानता पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### बल्ककॉर्प के शुद्ध लाभ में 30 फीसदी की वृद्धि

**अहमदाबाद।** बल्ककॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की पहली छमाही के नऑडिटेड परिणामों का उत्साहपूर्ण ऐलान किया है। पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 3380.47 लाख रुपए एबिटडा 356.64 लाख और शुद्ध लाभ 180.21 लाख रुपए के स्तर पहुंच गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पुनीत गोपालका ने कहाकि कुल आय में वर्ष-दर-वर्ष 28 फीसदी की वृद्धि हुई, जो मौजूदा वैश्विक ग्राहकों से उच्च ऑर्डर प्रवाह और नई भौगोलिक क्षेत्रों में विस्तार के कारण हुई।

### फलाई विंग्स का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** फ्लाईविंग्स सिम्युलेटर ट्रेनिंग सेंटर लिमिटेड अपनी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) शुक्रवार 5 दिसंबर 2025 को खोलने जा रहीं है, जिसका उद्देश्य57.05 करोड़ रुपए जुटाना है। इश्यू का आकार 29,86,800 इक्विटी शेयर है, प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 रुपए और प्राइस बैंड 181 - 191 रुपए प्रति शेयर। एंकर हिस्सा 4 दिसंबर 2025 को खुल जाएगा और इश्यू 9 दिसंबर 2025 को बंद होगा।

### प्रिमियम प्लास्ट का राजस्व 67 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। पहली छमाही में कंपनी कुल आय 38.82 करोड़, एबिटडा 8.45 करोड़ और शुद्ध लाभ 3.93 करोड़ रुपए दर्ज हुई। कंपनी के प्रोमोटर एवं प्रबंध निदेशक चेतन दवे ने कहाकि कुल आय, एबिटडा और शुद्ध लाभ तीनों में वर्ष-दर-वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह सफलता बेहतर परिचालन दक्षताओं और उच्च-प्रिसिजन, वैल्यू-ऐडेड कंपोनेंट्स पर लगातार ध्यान का परिणाम है।

### यूनिहेल्थ के शुद्ध लाभ में 95 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** कंसल्टेंसी लिमिटेड कंसल्टेंसी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 69.56 करोड़, एबिटडा 34.62 करोड़ और शुद्ध लाभ 15.11 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। जबकि छमही स्टैंडअलोन वित्तीय मुख्य बिंदु के अनुसार कुल आय 5.53 करोड़, एबिटडा 3.86 करोड़ और शुद्ध लाभ 2.72 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अक्षय परमार ने कहाकि हमने भारत और अफ्रीका में अपने पदचिह्नों को और मजबूत किया।

### एसरी ने की भारत ईएनवीआई की घोषणा

**नई दिल्ली।** जियोस्पैटियल इमेज प्रोसेसिंग एवं एनालिसिस सॉफ्टवेयर भारत ईएनवीआई लांच करने की घोषणा की। भारत ईएनवीआई की लांचिंग से इंडो आर्कजीआईएस यूजर्स को विश्वस्तरीय रिमोट सेंसिंग और एनालिटिक्स क्षमता हासिल होगी। ईएनवीआई को सैटेलाइट, ड्रोन, लिडार, एसएआर और हाइपरस्पेक्ट्रल सेंसर्स सहित विभिन्न स्रोतों से प्राप्त रिमोट सेंसिंग डेटा से कार्य योग्य अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए काफी समय से विश्वभर में एक अग्रणी सॉल्यूशन के तौर पर जाना जाता रहा है।

### हंगामा ओटीटी ने कंटेंट और मजबूत किया

**मुंबई।** डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म्स में से एक हंगामा ओटीटी ने 2025 में हिंदी ऑडियंस के बीच सबसे तेजी से बढ़ते ओटीटी प्लेटफार्म के रूप में अपनी पकड़ और मजबूती दिखाई। इस साल प्लेटफार्म ने थ्रिलर, क्राइम ड्रामा, साइकोलॉजिकल कहानियों और बोल्ड नैरेटिव्स की एक दमदार लाइनअप पेश की। छोटे कस्बों की रहस्यमयी कहानियों से लेकर हाई सोसायटी के माइंड गेम्स तक, हंगामा ओटीटी ने विविध स्टोरीटेलिंग, नए चेहरे, प्रभावी परफ़ॉर्मेंस और भारतीय नैरेटिव्स की अपनी पहचान और मजबूत की।

# मारुति सुजुकी ने की 13 प्रमुख चार्ज प्वाइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ समझौते की घोषणा

## देशभर में मारुति सुज़ुकी के डीलर नेटवर्क पर 2000 से अधिक एक्सक्लूसिव चार्जिंग प्वॉइंट उपलब्ध होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, हिसाशी ताकेउचि और सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स), पार्थो बनर्जी और सीपीओ के अन्य वरिष्ठ गणमान्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे।

मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी ताकेउचि ने कहा कि मारुति सुज़ुकी में, हम अपने ग्राहकों को सुखद ओनरशिप का अनुभव देने का प्रयास करते हैं ताकि कंपनी पर उनका भरोसा लम्बे समय तक बना रहे। आज, हम एक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं, क्योंकि हम पूरी तैयारी के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, ताकि ईवी चार्जिंग से जुड़ी चिंताओं को दूर किया जा सके और ग्राहक विश्वास को बढ़ावा मिले। हमने अपने सेल्स और सर्विस नेटवर्क के माध्यम से 1,100 से अधिक शहरों में फैले 2,000 से अधिक मारुति सुज़ुकी एक्सक्लूसिव चार्जिंग पॉइंट्स का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। इसके अलावा, हमने देशभर में विशाल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिए 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों के साथ सहयोग किया है। सुज़ुकी की वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप, हम कई ईवी पेश करने की योजना बना रहे हैं और इसे समर्थन देने के लिए हमारे डीलर और सीपीओ पार्टनर्स के साथ हमारा लक्ष्य 2030 तक पूरे भारत में 1 लाख से अधिक चार्जिंग पॉइंट्स का नेटवर्क स्थापित करना है।



समझौतों पर हस्ताक्षर के दरमियान मारुति के सीईओ, हिसाशी ताकेउचि और सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स), पार्थो बनर्जी और सीपीओ के अन्य वरिष्ठ गणमान्य अधिकारी मौजूद।

### 5 से 10 किलोमीटर की दूरी पर ईवी चार्जिंग पॉइंट

मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पार्थो बनर्जी ने कहाकि आज भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के नए दौर की शुरुआत है। मुझे यह कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मारुति सुज़ुकी पूरी तरह ईवी के लिए तैयार है और हमारा नया व्यापक प्लेटफॉर्म ईवी चार्जिंग ढांचे से जुड़ी प्रमुख चिंताओं का समाधान करता है। देश के सबसे बड़े डीलर नेटवर्क और हमारे चार्जिंग पार्टनर्स के नेटवर्क का लाभ उठाते हुए हम भारत के 100 प्रमुख शहरों में हर स्थान पर औसतन 5-10 किलोमीटर की दूरी पर ईवी चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध करा रहे हैं।

### 1.5 लाख विशेष रूप से प्रशिक्षित ईवी वर्कफोर्स

ग्राहकों को और भी अच्छी सुविधा देने के लिए हमने 1.5 लाख विशेष रूप से प्रशिक्षित ईवी वर्कफोर्स तैनात की है, जो हमारे ग्राहकों की हर आवश्यकता को पूरा करेगी। हमने देश के हर हिस्से में ईवी ओनरशिप के अनुभव को समर्थन देने के लिए आफ्टर-सेल्स आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 1,100 शहरों में 1,500 से अधिक ईवी-रेडी सर्विस वर्कशॉप्स भी सक्रिय कर दी हैं। बनर्जी ने आगे कहाकि हम इस प्लेटफॉर्म की क्षमता को दिखाने के लिए एक अनोखी 'ई ड्राइव' की शुरुआत कर रहे हैं, जो मारुति सुज़ुकी के व्यापक ईवी चार्जिंग नेटवर्क की वास्तविक दुनिया में प्रभावशीलता साबित करेगी। "ई ड्राइव' के जरिए हमारा लक्ष्य है यूजर का भरोसा बढ़ाना और तेजी से ईवी अपनाने की दिशा में काम करना, ताकि नेट-जीरो के लिए देश के स्थिरता से जुड़े लक्ष्य को हासिल करने में योगदान दिया जा सके। कंपनी ने एक मजबूत ईवी इकोसिस्टम भी तैयार किया है, जिसके तहत मारुति सुज़ुकी के शो-रूम नेटवर्क और 1,500 से अधिक सर्विस वर्कशॉप को ईवी-रेडी बनाया गया है। 1.5 लाख प्रशिक्षित ईवी-रेडी वर्कफ़ोर्स के साथ, भारत में ग्राहकों को बेहतरीन ईवी ओनरशिप का अनुभव देने की तैयारी की गई है।

## गेहूं, मक्का सहित अन्य अनाज की कीमतें एमएसपी से नीचे

# बाजार में दबाव बढ़ा, किसानों और उद्योग को राहत देने की जरूरत

*व्यापारी, स्टॉकिस्ट और आटा-मैदा मिल वाले ब्याज और भाड़े की उच्च लागत से जूझ रहे*


वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सहित देशभर की कई मंडियों में गेहूं की कीमतें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे चली गई हैं, जिससे कृषि बाजार में दबाव बढ़ गया है और किसानों के साथ साथ अब गेहूं उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति बन गई है। रबी 2026–27 सीजन के लिए गेहूं का एमएसपी 2,585 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है, जबकि अधिकांश प्रमुख केंद्रों पर भाव इससे कम दर्ज किए गए हैं।

यह गिरावट अच्छी उपलब्धता, कम दामों पर सरकारी बिक्री, गेहूं उत्पादों की कमजोर मांग और स्टॉक लिमिट के सख्त नियमों के कारण आई

पिछले दो वर्षों में बेहतर दाम मिलने और इस बार की अच्छी नमी तथा बढ़े हुए एमएसपी को देखते हुए बुवाई में तेजी जारी है

### किसानों के साथ अब गेहूं उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति


कृषि उपज की फाइल फोटो

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन ने बतायाकि भोपाल कृषि उपज मंडी में मालवा शक्ति 2400 से 2550 रुपए, मिल क्वालिटी 2300 से 2500 रुपए, लोकवन 2650 से 2850 रुपए, 1544 गेहूं 2550 से 2700 रुपए, शरबती 3000 से 3500 रुपए, मक्का 2350 से 1550 रुपए, धान पूसा बासमती 3300 से 3400 रुपए और सोयाबीन 4000 से 4400 रुपए क्विंटल के भाव है। लंबे अंतराल के बाद यह पहली बार है जब बाजार में गेहूं की दरें एमएसपी से नीचे पहुंची हैं।

### व्यापारी, स्टॉकिस्ट और आटा-मैदा मिलें ब्याज और भाड़े की उच्च लागत से जूझ रहे

अगले वर्ष कटाई के दौरान गेहूं की कीमतों पर दबाव और बढ़ सकता है। वर्तमान में व्यापारी, स्टॉकिस्ट और आटा-मैदा मिलें ब्याज और भाड़े की उच्च लागत से जूझ रहे हैं, जबकि गेहूं की कीमतें सीजन के निचले स्तर पर बनी हुई हैं।

### भोपाल मंडी में उपज के भाव प्रति क्विंटल में

- मालवा शक्ति 2400 से 2550 रुपए
- मिल क्वालिटी 2300 से 2500 रुपए
- लोकवन 2650 से 2850 रुपए
- 1544 गेहूं 2550 से 2700 रुपए
- शरबती 3000 से 3500 रुपए
- मक्का 2350 से 1550 रुपए
- धान पूसा बासमती 3300 से 3400 रुपए
- सोयाबीन 4000 से 4400 रुपए

### कारोबारियों ने निर्यात नीति पर उद्योग की नजर

बताया जा रहा है कि गेहूं उद्योग पिछले कई महीनों से गेहूं उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की उम्मीद में है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है। फिलहाल केवल चोकर के निर्यात की अनुमति दी गई है, जो उद्योग की मौजूदा परेशानी को पर्याप्त रूप से हल नहीं कर पा रही। व्यापारियों का कहना है कि गेहूं क्षेत्र अन्य कृषि उद्योगों की तुलना में सरकारी नीतियों का सबसे अनुशासित पालन करता है। नीतिगत सुधारों की जरूरत है। एमएसपी से नीचे कीमतें टिके रहने पर अगले वर्ष फसल आवक के समय किसानों को 200–300 रुपए प्रति क्विंटल की और गिरावट देखने को मिल सकती है। इससे किसानों में निराशा बढ़ सकती है, जबकि सरकारी खरीद का आंकड़ा 50–70 लाख टन तक बढ़ने की संभावना है। सरकारी खरीद शुरू होने से पहले ही नीतिगत सुधार किए जाएं, ताकि किसानों को कम से कम एमएसपी के बराबर मूल्य बाजार से मिल सके और उद्योग को भी स्थिर आपूर्ति और मूल्य का लाभ मिल सके।

## मानसरोवर डेंटल कॉलेज में 'प्रवेशम'

# व्हाइट कोट सेरेमनी और एंटी रैगिंग वर्कशॉप में ली विद्यार्थियों ने शपथ



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कुलपति सहित अन्य लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर डेंटल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में बीडीएस और एमडीएस के प्रथम वर्ष की व्हाइट कोट सेरेमनी और एंटी रैगिंग वर्कशॉप 'प्रवेशम 2025' का आयोजन कोलार रोड हिनाउतिया आलम स्थित मानसरोवर डेंटल कॉलेज प्रांगण में किया गया। इस दौरान व्हाइट कोट पहने विद्यार्थियों ने नैतिक और पेशेवर सिद्धांतों पर आधारित शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के मेंबर डॉ. बीएम श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व न्यायाधीश डॉ. अनिल पारे, मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, कुलगुरु डॉ. एएस यादव, प्रति कुलगुरु कर्नल एचआर रूहील, मानसरोवर डेंटल कॉलेज के डीन डॉ. बी. गुरुदत्त नायक, वाइस डीन डॉ. तृप्ति रंगदाले ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि डेंटल काउंसिल के मेंबर डॉ. बृजमोहन श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणाम बताते हुए कहा कि मानसरोवर एक ऐसा संस्थान है जहां आज तक रैगिंग का कोई मामला नहीं आया है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व न्यायाधीश डॉ. अनिल पारे ने रैगिंग के प्रकार बताते हुए भावनात्मक पहलुओं को भी उजागर किया।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के लीगल स्टडीज छात्रों ने किया विधानसभा का भ्रमण

**भोपाल।** एलएन टी यूनिवर्सिटी, भोपाल के छात्रों ने मध्यप्रदेश विधानसभा विजिट कर लाइव प्रोसिडिंग्स का अवलोकन किया। यह विजिट प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू (डीन एंड डायरेक्टर, ए ल ए न सी टी यूनिवर्सिटी,) के मार्गदर्शन में की गई।



विजिट के दौरान स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के शिक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे। विजिट के दौरान छात्रों ने विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया तथा प्रश्नकाल तथा शून्यकाल के दौरान होने वाली चर्चा का व्यहारिक ज्ञान अर्जित किया। विजिट के दौरान छात्रों ने जगदीश देवड़ा (उप-मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश) से मुलाकात की जिन्होंने छात्रों का विधानसभा की कार्यवाही के सम्बन्ध में मार्गदर्शन किया तथा छात्रों के साथ ग्रुप फोटो सेशन करवाया। तत्पश्चात छात्रों ने उमंग सिंघार (नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश, विधानसभा) से चर्चा की जिन्होंने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। विजिट के दौरान प्रोटोकॉल ऑफिसर राहुल चंद्रवंशी ने छात्रों को विधानसभा की संरचना और प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रजत ऊमरे, करन तिवारी, स्निग्धा सरैया, नमिका दुबे एवं सौम्या दुबे का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

### कॅरियर कॉलेज ऑटोनॉमस में गीता ज्ञान अभियान कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल।** गीता जयंती के मौके पर कैरियर कॉलेज ऑटोनॉमस भोपाल के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत गीता ज्ञान अभियान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार मध्य प्रदेश शासन संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का स्वागत कॉलेज के अध्यक्ष मनीष राजोरिया और मुख्य अतिथि डॉक्टर सुरेंद्र विहारी गोस्वामी पूर्व संचालक मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी भोपाल का स्वागत ग्रुप डायरेक्टर प्रोफेसर प्रदीप जैन द्वारा पौधे भेंट किया गया। धर्म कर्म और ज्ञान का अमृत संदेश के साथ स्वागत भाषण में अध्यक्ष मनीष राजोरिया ने कहा कि गीता मानव जीवन को कर्तव्य संतुलन और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करती है डॉ सुरेंद्र बिहारी गोस्वामी ने कहा की पहले यह समझ लें की गीता क्या है ,गीता मां है गीता हमें जीवन समझी है गीता बौद्ध बनने व संबंधों की भाषा हमें सिखाती हैं। कार्यक्रम में मराठी भाषा में टॉकिंग गीता का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. चरणजीत कौर विधि प्राचार्य डॉ. अनिल दिक्षित कार्यक्रम संयोजक डॉ.मानिक शर्मा , डॉ.पीनू महेंद्र, डॉ.दीपिका श्रीवास्तव सहित सेल के सभी सदस्य प्राध्यापक गण और विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

### अमेजन ने लांच किया हॉलिडे टॉय लिस्ट स्टोर

**बेंगलुरु।** अमेजन ने 2025 हॉलीडे टॉय लिस्ट की घोषणा कर दी है, जिसे त्योहारों के दौरान खिलौने खरीदने के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में पेश किया गया है। इस बड़ी रेंज में 10 लाख से अधिक खिलौनों के कलेक्शन से चुनी गई 10 हजार से ज्यादा खास डील्स शामिल हैं। इसमें स्किलमैटिक्स, लेगो, बार्बी, हॉट व्हील्स, नर्फ, फनस्कूल और मैटल गेम्स जैसे बड़े ब्रांडों के उत्पाद मौजूद हैं। हॉलीडे टॉय लिस्ट में बिल्डिंग सेट्स, बोर्ड गेम्स, एजुकेशनल टॉयज, रिमोट-कंट्रोल व्हीकल्स, डॉल्स, पजल्स और कई अन्य विकल्प शामिल हैं, जो टोडलर्स, जूनियर्स, टीन्स और बड़ों, सभी के लिए उपयुक्त हैं।

### पाम ऑयल प्राकृतिक रूप से ट्रांस-फैट मुक्त : लालवानी

**मुंबई।** न्यूट्रिशनिस्ट साक्षी लालवानी ने खाना पकाने के तेल को चुनने, लेबल पढ़ने और खाना बनाने की सुरक्षित प्रक्रियाओं को लेकर रोजमर्रा की चिंताओं को स्पष्ट किया है। भारतीय रसोई में पाम ऑयल की महत्वपूर्ण भूमिका पर सबूत-आधारित जानकारी से जोड़ा है। साक्षी ने पाम ऑयल की बुनियादी बातें समझाईं। उन्होंने बताया कि यह एक प्लांट-बेस्ड ऑयल है, जो ऑयल पाम के फल से निकाला जाता है। वे बताती हैं कि पाम ओलिन प्राकृतिक रूप से ट्रांस-फैट मुक्त होता है, उच्च तापमान पर स्थिर रहता है, और इसमें विटामिन ई टोकोट्राइनॉल्स होते हैं, जबकि रेड पाम ऑयल में बीटा-कैरोटीन है जो प्रोविटामिन ए का स्रोत है। उनका कहना है कि सेहतमंद भोजन खाना पकाने की स्मातर्ट आदतें हैं, न कि किसी एक तेल को पूरी तरह हटा देना। साक्षी आईसीएमआर–एनआईएन डाइटरी गाइडलाइंस (2024) को मजबूत करती हैं, जो प्रति व्यक्ति प्रतिदिन विजिबल फैट को 25–30 ग्राम तक सीमित रखने और संतुलित फैटी एसिड प्रोफाइल बनाए रखने के लिए विभिन्न प्लांरट-बेस्डफ ऑयल को रोटेट करने की सलाह देती हैं।

### 1.5 करोड़ छोटे व्यवसायों को अमेजन 2030 तक बनाएगा सशक्त

**बेंगलुरु।** अमेजन ने घोषणा की कि वह 2030 तक भारत के करोड़ों लोगों तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को पहुंचाने की योजना बना रही है, जिससे भारत सरकार के एआई मिशन को सुलभता, उत्पादकता और डिजिटल समावेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी लोकल क्लाउड और एआई बुनियादी ढांचे में 12.7 अरब डॉलर का निवेश करने की दिशा में अग्रसर है और अपने विभिन्न व्यवसायों के जरिए 1.5 करोड़ से अधिक छोटे व्यवसायों तक एआई के लाभ पहुंचाएगी। अमेजन ने वर्ष 2030 तक सरकारी-विद्यालयों के 40 लाख छात्रों को एआई साक्षरता और कॅरियर जागरूकता प्रदान करने का भी संकल्प लिया है। अमेजन इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहाकि 2030 तक लोकल क्लाउड और एआई बुनियादी ढांचे में 12.7 अरब डॉलर के निवेश की दिशा में अग्रसर क्लाउड और एआई की बढ़ती मांग का मतलब है कि अमेजन भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए लोकल क्लाउड और एआई बुनियादी ढांचे, कौशल-विकास और नवोन्मेष में निरंतर निवेश कर रहा है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने हासिल की 1.72 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र के बैंकिंग उपक्रम बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शेयरों की शेयर बाजार के जरिए सार्वजनिक बिक्री के लिए चल रही ऑफर फॉर सेल (ओएफसी) प्रकिया मेंदूसरे दिन की समाप्ति पर कुल 1.72 गुना अभिदान प्राप्ति हुआ ।वित्त मंत्रालय में निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इसके साथ ही यह बैंक अब न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता की (सेबी) की शर्तों को पूरा करने लगा है

# एआई प्लस का लैपटॉप और टैबलेट की सुविधा का नया संगम 'लैपटैब' लांच

*प्रोफेशनल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टेक्नोलॉजी ब्रांड एआईप्लस ने एआईप्लस लैपटैब लांच किया। एक नई श्रेणी का स्मार्ट डिवाइस, जो लैपटॉप की उत्पादकता और टैबलेट की पोर्टेबिलिटी को एक साथ जोड़ता है। भारत के हाइब्रिड जेनरेशनसीखने वालों, क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह लैपटैब तीन साइज में उपलब्ध होगा। 11, 12 और 13, तथा इसके साथ कीबोर्ड और स्टायलस सपोर्ट भी मिलेगा। यह 2026 के पहले क्वॉटर से फ्लिपकार्ट और एआई प्लस के रिटेल पार्टनर्स के माध्यम से पूरे देश में उपलब्ध होगा। एआई प्लस लैपटैब से सब कुछ कर सके। वर्चुअल क्लासेस अटेंड करने से लेकर प्रेज़ेंटेशन एडिट करने तक, शोज देखने से लेकर चलते-फिरते आइडिया नोट करने तक यूजर अब बिना डिवाइस बदले काम और मनोरंजन के बीच आसानी से स्विच कर सकेंगे। पारंपरिक टैबलेट्स, जो मोबाइल ओएस की सीमाओं में बंधे हैं, लैपटैब उनसे आगे बढ़कर नेक्स्टक्यू ओएस पर चलता है, जिसमें एक समर्पित पीसी मोड मिलता है। यह यूजर को मल्टी-विंडो ऑपरेशन, डॉक्युमेंट मैनेजमेंट और लंबा लिखने-पढ़ने का एकदम पारंपरिक लैपटॉप जैसा अनुभव देता है वो भी बिना भारी-भरकम डिवाइस के।




## जेएलएल रिपोर्ट : इंदौर बन रहा है मध्य भारत का अगला रियल एस्टेट पॉवर हाउस

# 2027 तक होगा परिवर्तनकारी विकास, स्ट्रेटेजिक इंफ्रास्ट्रक्चर, इंवेस्टमेंट और बढ़ती मेट्रो कनेक्टिविटी

*शहर की आर्थिक बुनियाद इंडस्ट्रियल बेस पर टिकी है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

भारत के सबसे आकर्षक उभरते रियल एस्टेट बाजारों में से इंदौर तेजी से उभर रहा है। आने वाले वर्षों में शहर एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजरेगा, जो सेंट्रल इंडिया के कमर्शियल और इंडस्ट्रियल गेटवे के तौर पर इसकी जगह को और पक्का करेगा।

अपनी स्ट्रेटेजिक लोकेशन के फायदों, वर्ल्ड -क्लास एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स की एक बड़ी परियोजनाओं की महत्वाकांक्षी श्रृंखला के साथ इंदौर सभी रियल एस्टेट एसेट क्लास में लगातार ग्रोथ की एक दिलचस्प कहानी पेश करता है। यह निष्कर्ष जेएलएल की रिपोर्ट बियॉन्ड द मेट्रोज इनसाइट्स इनटू इंडियाज इमर्जिंग रियल एस्टेट स्टार्स में सामने आया है। शहर की आर्थिक बुनियाद एक बहुत ही अलग-अलग तरह के इंडस्ट्रियल बेस पर टिकी है, जो इसे सिंगल-सेक्टर पर निर्भर मार्केट से अलग बनाती है। इस इंडस्ट्रियल डाइवर्सिटी ने इंवेस्टमेंट, टैलेंट अट्रैक्शन और रियल एस्टेट की मांग का एक खुद को मज़बूत करने वाला साइकिल बनाया है, जो इंदौर को भारत के टियर-2 शहरों में खास बनाता है। जेएलएल की सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर ईस्ट एंड एमर्जिंग मार्केट्स इंडिया, सुरेखा बिहानी ने कहाकि इंदौर स्ट्रेटेजिक लोकेशन, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इकोनॉमिक डाइवर्सिफिकेशन का एकदम सही मेल है, जो भारत की अगली पीढ़ी के कमर्शियल रियल एस्टेट डेस्टिनेशन को बताता है। 2027 तक ऑफिस स्पेस स्टॉक 38 फीसदी बढ़कर 24.9 मिलियन वर्गफुट तक पहुंचने की उम्मीद है। सुपर कॉरिडोर एक वर्ल्ड-क्लास बिजनेस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर उभर रहा है, हम सेंट्रल इंडिया के प्रीमियर कमर्शियल गेटवे को बनते हुए देख रहे हैं।



सुपर कॉरिडोर का उभरता हुआ सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट अब प्रमुख आईटी, आईटीईएस कंपनियों और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। न्यू सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट एरिया, जिसमें विजय नगर, एमआर10 और निपनिया शामिल हैं, पहले से ही शहर के प्रीमियम रेंटल रेट 50-55 रुपए प्रति स्क्वेयर फुट पर है। रिटेल स्टॉक 2024 के 5.7 मिलियन वर्गफुट से बढ़कर 2027 तक 5.9 मिलियन वर्गफुट पहुंचने का अनुमान है।

### अडाणी इलेक्ट्रिसिटी ने मजबूत की उपभोक्ता सुरक्षा

**मुंबई।** अडाणी इलेक्ट्रिसिटी ने निष्पक्ष और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। कंपनी ने मशीन लर्निंग (एमएल) और स्मार्ट मीटर डेटा पर आधारित उन्नत थेफ्ट प्रेडिक्शन और रेवेन्यू प्रोटेक्शन मॉड्यूल को अपने पूरे वितरण नेटवर्क में लागू किया है। इस पहल का उद्देश्य बिजली चोरी को रोकना, ईमानदार उपभोक्ताओं की सुरक्षा करना और एक अधिक पारदर्शी व कुशल ऊर्जा व्यवस्था को बढ़ावा देना है।कंपनी ने बताया कि जनवरी 2025 से मशीन लर्निंग आधारित थेफ्ट प्रेडिक्शन मॉड्यूल के परिचालन में आने के बाद से अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने कुल 5.0 मिलियन यूनिट (एमयू) बिजली चोरी का पता लगाया है, जिसकी कीमत 8.59 करोड़ रुपए है। हाल ही में इस तकनीक की मदद से मलाड (पश्चिम) स्थित एक इलेक्ट्रोप्लेटिंग यूनिट में सीधे कनेक्शन के माध्यम से की जा रही 0.4 मिलियन यूनिट (एमयू) की चोरी पकड़ी गई, जिसकी मौद्रिक अनुमानित लागत 87 लाख रुपए थी।

Accredited by NAAC With "B" Grade
Phone & Fax: 07592-234553
E-mail: heggcvid@mp.gov.in

**कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या( अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक /4022/25 — विदिशा दिनांक 04/12/2025

// निविदा प्रकाशन दिनांक संशोधन //

रूसा - 02 परियोजना अंतर्गत (कम्पोनेंट 06) के तहत राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा के लिये शासन के एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से ड्यूल डेस्क फर्नीचर सामग्री क्रय की जाने हेतु निविदा क्रमांक 2025_HED_459484_1 दिनांक 01.11.2025 की अंतिम तिथि 22.11.2025 को संशोधित करते हुए 2025_HED_459484_2 दिनांक 18.12.2025 की जाती है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाऐं एम.पी. टेंडर पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

डॉ. बी.डी. अहिरवार, प्राचार्य
रा.वि.सि. शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)

संसद के शीतकालीन सत्र का चौथा दिन संसद के बाहर जमकर हुआ हंगामा




# दिल्ली वायु प्रदूषण को लेकर विपक्षी सांसदों का मास्क लगाकर प्रदर्शन
# सोनिया बोलीं- मेरे जैसे कई बुजुर्ग और बच्चे परेशान, सरकार कुछ करे

सांसदों ने 'प्रदूषण पर चर्चा करो' के नारे लगाए

**रखी मांग**

वायु प्रदूषण की स्थिति पर संसद में हो चर्चा



विपक्षी सांसदों ने मास्क पहनकर और 'मौसम का मजा लीजिए' वाला बैनर लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कई अन्य विपक्षी सांसदों ने वर्तमान शीतकालीन सत्र में वायु प्रदूषण की स्थिति पर चर्चा की मांग करते हुए गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार के निकट प्रदर्शन करने वाले विपक्षी नेताओं ने मास्क पहन रखा था और एक बड़ा बैनर ले रखा था, जिस पर 'मौसम का मजा लीजिए' लिखा हुआ था। इस बैनर पर पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर भी थी। दरअसल, पीएम मोदी ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा था कि आप लोग भी मौसम का मजा लीजिए। विपक्षी सांसदों ने उनकी इस टिप्पणी को दिल्ली और कई शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति से जोड़कर उन पर कटाक्ष किया। संसद परिसर में प्रदर्शन करने वाले सांसदों ने 'प्रदूषण पर चर्चा करो' के नारे भी लगाए। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी भी संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। इससे पहले आज, कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रदूषण को लेकर सरकार की आलोचना की और बताया कि विपक्षी सांसद केंद्र का ध्यान आकर्षित करने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## वायु प्रदूषण की स्थिति चिंताजनकः सोनिया

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर चिंता



जताते हुए कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इससे निपटने के लिए कुछ करे। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह कुछ करे। दमा से पीड़ित छोटे-छोटे बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं, मेरे जैसे बहुत सारे बुजुर्ग हैं, उनके लिए भी मुश्किल है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने वायु प्रदूषण के हालात को लेकर पीएम मोदी पर



कटाक्ष करते हुए कहा कि किस मौसम का मजा लें। बाहर देखें कि क्या स्थिति बनी हुई है, जैसे सोनिया जी ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि हर साल स्थिति बिगड़ रही है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। प्रियंका ने कहा कि ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

## भाजपा का '400 पार' का नारा सफलः सुलता देव

शून्यकाल के दौरान बीजू जनता दल की सुलता देव ने कहा कि दिल्ली में तो वायु



प्रदूषण खतरनाक रूप ले चुका है और यहां पर एक्यूआई 400 पार हो चुका है। उन्होंने कटाक्ष किया कि सत्तासीन दल का '400 पार' का नारा सफल हो गया और दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) '400 पार' जा चुका है।

## दिल्ली सरकार 305 'मिस्ट स्प्रेयर' लगाएगीः सीएम



दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 'मिस्ट स्प्रे' तकनीक को लागू करने के मकसद से एक व्यापक योजना तैयार कर रही है। दिल्ली के नौ प्रमुख प्रदूषण स्थलों पर 305 मिस्ट स्प्रेयर स्थापित करने का काम किया जा रहा है।

**सत्तापक्ष ने संसद में कई प्रश्नों के दिए जवाब**

## वैकल्पिक ईंधन से दूर होगा प्रदूषणः गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार वैकल्पिक ईंधन को तेजी से बढ़ावा दे रही है, और इसी दिशा में उन्होंने खुद टोयोटा की हाइड्रोजन फ्यूल सेल कार मिराई का उपयोग शुरू कर दिया है। जो एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है भविष्य। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन माना जा रहा है। उयह न केवल प्रदूषण रहित है, बल्कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद करेगा। उन्होंने बताया कि देश को हर साल लगभग 22 लाख करोड़ रुपए की लागत सिर्फ आयातित ईंधन पर लगती है, जो प्रदूषण को भी बढ़ा रहा है।



## अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच जारी, अभी रिपोर्ट नहींः मोहोल

सरकार ने कहा कि जून में अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया प्लेन क्रैश की जांच अभी



भी चल रही है। जांच की फाइनल रिपोर्ट अभी जारी नहीं हुई है। इस मामले में सिविल एविएशन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, एयरक्राफ्ट नियम- 2025 के तहत जांच कर रहा है।

## 10 साल में रेलवे में दी 5.08 लाख भर्तियांः अश्विनी

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि कैलेंडर वर्ष 2024 और 2025 में भारतीय रेलवे ने 1,20,579 रिक्तियों के लिए भर्ती निकाली हैं। साथ ही बताया कि 2014-15 से लेकर 2024-25 में 5.08 लाख लोगों को नौकरी दी है।



## मानव तस्करी मामले में पंजाब आगेः जयशंकर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने राज्यसभा को बताया कि देश में मानव तस्करी के सबसे अधिक मामले पंजाब में सामने आए हैं। पंजाब सरकार ने मानव तस्करी के मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) और



एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार के अनुसार 58 अवैध ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ 25 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, और 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में, 2,325 मामले दर्ज किए गए हैं और 44 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं तथा 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात राज्य द्वारा एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

## रुपए की कीमत घट रही, देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहींः खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि रुपए की कीमत घट रही है। इसका मतलब है कि इस देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे (पीएम मोदी) हमेशा कहते हैं कि हम विकास कर रहे हैं और आर्थिक स्थिति अच्छी है। लेकिन जब रुपया गिरता है, तो यह दर्शाता है कि आपकी आर्थिक स्थिति क्या है।

**खबर संक्षेप**

### महिला कर्मचारियों को 1 दिन का पीरियड लीव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने सरकारी क्षेत्र में कार्यरत महिला कर्मचारियों को हर महीने एक दिन का मासिक धर्म अवकाश देने का



आदेश दिया है इसके लिए उनका वेतन नहीं काटा जाएगा। सरकार ने पिछले महीने एक आदेश जारी कर स्थाई, संविदा और आउटसोर्स नौकरियों में कार्यरत 18 से 52 वर्ष की आयु की महिलाओं के लिए अवकाश अनिवार्य कर दिया था।

### दिग्गज फिल्म निर्माता एवीएम सरवनन का निधन

**चेन्नई।** प्रतिष्ठित एवीएम स्टूडियोज के मालिक और दिग्गज फिल्म निर्माता एम सरवनन का चेन्नई में



वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। एवीएम स्टूडियोज में सरवनन का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। उन्होंने 1946 में स्थापित एवीएम स्टूडियो का कार्यभार 1979 में सम्हाला।

### मानवाधिकार दिवस में शामिल होंगी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर भारत मंडपम में राष्ट्रीय



मानवाधिकार आयोग भारत द्वारा आयोजित विशेष समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगी। 'एवरीडे एसेंशियल्स सुनिश्चित करनाः सभी के लिए सार्वजनिक सेवाएं और गरिमा' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित होगा।

### बस और टिप्पर की टक्कर, 2 की मौत

**अमृतसर।** अमृतसर–पठानकोट मुख्य मार्ग पर गोपालपुरा के पास बुधवार रात एक प्राइवेट बस और



मिक्सर टिप्पर (डंपर) की आमने–सामने की भीषण टक्कर में एक महिला और एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कई की हालत नाजुक बताई जा रही है।

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने का मामला

# विधायक कबीर टीएमसी से निलंबित, सीएम बोलीं- दंगों की राजनीति कतई 'स्वीकार' नहीं

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने को लेकर छह दिसंबर को आयोजन का ऐलान करने वाले हुमायूं कबीर को तृणमूल कांग्रेस ने निलंबित कर दिया है। अपने निलंबन को लेकर विधायक हुमायूं ने भी टीएमसी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मैं कल ही पार्टी से इस्तीफा दे दूंगा। अगर जरूरत पड़ी तो 22 दिसंबर को मैं नई पार्टी का ऐलान करुंगा। तृणमूल के वरिष्ठ नेता फिरहाद हाकिम ने निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि हमने गौर किया कि मुर्शिदाबाद से आने वाले हमारे एक विधायक ने ऐलान किया है कि वे बाबरी मस्जिद बनाएंगे। आखिर अचानक बाबरी मस्जिद क्यों? हमने उन्हें पहले ही चेतावनी दी थी। कबीर का व्यवहार ऐसे समय में घोर अनुशासनहीनता है, जब पार्टी राज्य में शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए काम कर रही है। मुर्शिदाबाद के नेता अखरुज्जमां और नियामत शेख की मौजूदगी में हाकिम ने कहा कि सीएम ममता बेनर्जी की मंजूरी के बाद कबीर को निलंबित किया गया है। हाकिम ने कहा कि कबीर सांप्रदायिक राजनीति में लिप्त हैं, जिसके टीएमसी सख्त खिलाफ है। टीएमसी सांप्रदायिक राजनीति में विश्वास नहीं रखती। अब उनका पार्टी के साथ कोई संबंध नहीं है। हमारे शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर उन्हें निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कबीर की राजनीति सांप्रदायिक आधार पर चल रही थी, जिसके खिलाफ तृणमूल की स्पष्ट नीति है।

> कबीर ने अपने निलंबन को जानबूझकर किया गया अपमान बताया और कहा कि उनकी नई पार्टी अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में 294 में से 135 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कबीर ने आरोप लगाया कि वे सीएम और टीएमसी के धर्मनिरपेक्ष राजनीति पर दोहरे रुख को उजागर करेंगे और कहा कि पार्टी अल्पसंख्यकों को बहकाती रही है

## टीएमसी का तर्क- पार्टी अनुशासन का यह गंभीर उल्लंघन

> सरकार राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने के पक्ष में


निलंबित विधायक हुमायूं कबीर


सीएम ममता बेनर्जी

## 6 दिसंबर का कार्यक्रम रद्द नहीं होगा

निलंबन की घोषणा के समय हुमायूं कबीर बेरहमपुर में उस मैदान में मौजूद थे जहां बाद में सीएम ममता बेनर्जी की रैली प्रस्तावित थी। कबीर ने अपने निलंबन को जानबूझकर किया गया अपमान बताया और कहा कि उनकी नई पार्टी अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में 294 में से 135 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कबीर ने आरोप लगाया कि वे सीएम और टीएमसी के धर्मनिरपेक्ष राजनीति पर दोहरे रुख को उजागर करेंगे और कहा कि पार्टी अल्पसंख्यकों को बहकाती रही है। 6 दिसंबर का कार्यक्रम रद्द नहीं होगा और अगर प्रशासन अनुमति नहीं देता तो वे धरना देंगे।

### निलंबन नाटकबाजीः भाजपा



भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कबीर के निलंबन को नाटकबाजी करार दिया। उन्होंने कहा कि हुमायूं कबीर काफी समय से विवादित बयान दे रहे हैं। फिर भी टीएमसी ने ठोस कार्रवाई नहीं की। वे बंगाल में बाबर का शासन स्थापित करना चाहते हैं।

### विवाद के पीछे की राजनीति

बता दें, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा में रहने के बाद फिर टीएमसी लौटकर विधायक बने हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर को बंगाल में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की नींव रखने की बात कही है। 6 दिसंबर का उनका चयन राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। उसी दिन 1992 में बाबरी मस्जिद को गिरा दिया गया था।

### टीएमसी सांप्रदायिक राजनीति नहीं करतीः सीएम ममता

हुमायूं के निलंबन के कुछ घंटे बाद सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि मुर्शिदाबाद के लोग 'दंगों की राजनीति' को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। कबीर का नाम लिए बिना सुश्री बेनर्जी ने मुर्शिदाबाद में एक रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस सांप्रदायिक राजनीति नहीं करती और वह इसके सख्त खिलाफ है। उन्होंने सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी देने के लिए जिले के बहुलवादी इतिहास का हवाला दिया। हम मुर्शिदाबाद के इतिहास को नहीं भूल सकते। यहां हर घर में सिराजुद्दौला का सम्मान किया जाता है। यह जिला नवाबों की धरती है। यहां सभी धर्मों के पवित्र स्थल हैं। लोग सिराज को याद करते हैं। मुर्शिदाबाद के लोग दंगों की राजनीति को स्वीकार नहीं करेंगे। बेनर्जी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में विभिन्न धर्मों के लोगों के सह-अस्तित्व की विरासत की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी।

पुतिन के दौरे पर राहुल का आरोप

# विदेशी मेहमानों से नहीं मिलने देते, भाजपा बोली दावा 'झूठा'


संबित पात्रा


राहुल गांधी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर विदेशी मेहमानों को विपक्षी नेता से न मिलने देने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी के इस आरोप पर अब भाजपा ने निशाना साधा है।

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा है कि राहुल गांधी ने नेता विपक्ष के तौर पर जो बयान दिए हैं। वह गैर-जिम्मेदाराना हैं। उनका दावा तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। पात्रा ने कहा कि राहुल कह रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय विशिष्ट व्यक्तियों को नेता प्रतिपक्ष से मिलने की अनुमति नहीं दी जाती क्योंकि भारत सरकार असुरक्षित महसूस करती है। भारत सरकार राहुल गांधी से क्यों असुरक्षित महसूस करेगी? भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक स्तंभ बन चुका है।

### भाजपा में शामिल हो जाएं राहुलः कंगना

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह विदेशी मेहमानों को नेता विपक्ष से नहीं मिलने देती है, जबकि अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के दौर में मिलने की परपराएं थीं। इस पर भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा है कि देश के लिए राहुल गांधी की भावनाएं काफी संदिग्ध हैं। उन्होंने राहुल गांधी को भाजपा में शामिल होने की सलाह दी। कंगना ने कहा कि राहुल गांधी भी अटल बिहारी वाजपेयी बन सकते हैं। वे भाजपा में शामिल हो जाएं। वहीं, भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा, इससे अधिक मजाकिया बात और कुछ नहीं हो सकती। उन्हें आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से ऊपर उठकर लोगों के लिए काम करना चाहिए। इस समय ऐसी नकारात्मक सोच के साथ सबके सामने नहीं आना चाहिए। हमारी सरकार में सभी के लिए सम्मान और बराबरी की भावना है।

### सरकार असुरक्षित हैः प्रियंका

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी राय रखने का अधिकार होना चाहिए, चर्चा होनी चाहिए और उचित कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार असुरक्षित है और यह फैसला उसी का प्रतिबिंब है। इसे प्रोटोकॉल को तोड़कर और पलटकर उन्हें क्या मिलेगा? यह उनकी असुरक्षा है। दुनिया में लोकतंत्र की छवि धूमिल हुई है। राज्यसभा सांसद मनोझ झा ने कहा कि जैसे सरकार चुनी जाती है, वैसे ही विपक्ष भी चुना जाता है। देश के मानस के बारे में जानने के लिए अलग-अलग पहलू हैं। यह हमारी परंपरा रही थी। इस परंपरा को किसकी असुरक्षा से खत्म किया जा रहा है।

2009 से चल रहा था ट्रायल

# सीजेआई बोले- यह तो शर्म की बात, केस की रोज करें सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2009 में महिला पर हुए एसिड अटैक मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमकर क्लास लगाई। जब याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि 16 साल पहले 2009 में उस पर एसिड से हमला हुआ था और अब तक मामले का ट्रायल चल रहा है तो इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी ऐसे हालात को हैंडल नहीं कर सकती है तो फिर कौन संभालेगा? यह तो शर्म की बात है। सिस्टम का मजाक है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस


सीजेआई सूर्यकांत


सुप्रीम कोर्ट

जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सभी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पेंडिंग एसिड अटैक केस के बारे में डेटा जमा करने का निर्देश दिया है। सीजेआई ने याचिकाकर्ता से ट्रायल में तेजी लाने के लिए एक ऐप्लीकेशन फाइल करने के लिए कहा। साथ ही कहा कि इस मामले का ट्रायल रोज होना चाहिए।

तमिलनाडु में एसआईआर सर्वे पर चुनाव आयोग की दो टूक

# कट सकते हैं लाखों मतदाताओं के नाम, अपील की अंतिम तारीख 11 दिसंबर

## राज्य में 6.41 करोड़ मतदाताओं में से सिर्फ 25.72 लाख की पहचान हुई

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाने की मुहिम तेज हो गई है। आयोग के मुताबिक, 40 से 50 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकते हैं। राज्य में कुल 6.41 करोड़ मतदाताओं हैं। अभी तक 25.72 लाख ऐसे लोगों की पहचान हो चुकी है, जो मर चुके हैं। इनके नाम सूची से हटाना तय है। इसके अलावा, 39 लाख मतदाताओं ने अपना स्थाई पता बदल लिया है, जबकि 9 लाख मतदाताओं का अभी कोई पता नहीं चल पा रहा। आयोग ने 3.32 लाख डुप्लीकेट पंजीयन वाले मतदाताओं की भी सूची तैयार की है। कम से कम 28 लाख नाम निश्चित रूप से मतदाता सूची से कट जाएंगे। अगर 9 लाख न पहचाने गए मतदाता 11 दिसंबर तक अपनी अपील जमा नहीं कराते, तो उनके नाम भी सूची से बाहर हो जाएंगे।


केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय

### दोबारा पंजीयन का मौका मिलेगा

चुनाव आयोग ने बताया कि ड्राफ्ट वोटर सूची जारी होने के बाद भी, जिन्होंने अपना घर हमेशा के लिए शिफ्ट किया है, उन्हें दोबारा रजिस्ट्रेशन का मौका मिलेगा। लोग फॉर्म-6 या फॉर्म-7 भरकर ऑनलाइन या बीएलओ के जरिए अपडेट कर सकते हैं। लोग टोल-फ्री हेल्पलाइन से मदद ले सकते हैं।

### एसआईआर खतरनाकः स्टालिन

सीएम एमके स्टालिन और विपक्षी दलों ने एसआईआर को 'खतरनाक' बताते हुए विरोध जताया है। वीसीके नेता थोल थिरुमावलावन ने चेतावनी दी कि इससे करीब एक करोड़ नाम कट सकते हैं।

### मरने वालों में आधे से ज्यादा लोग हिंदूः ममता

पश्चिम बंगाल की सीएम बेनर्जी ने एसआईआर को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और दावा किया कि देशभर में इस कवायद से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों में आधे से ज्यादा लोग हिंदू हैं। भाजपा उसी डाल को काट रही है जिस पर बैठी है।

### राजनीतिक दलों की बैठक बुलाए आयोगः उमर

जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि एसआईआर के बारे में राजनीतिक दलों की आशंकाओं को दूर करने के लिए उनकी एक बैठक बुलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि मशीनों के जरिए चुनाव में चोरी तो नहीं होती, लेकिन उनमें निश्चित रूप से हेरफेर होता है। अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर में 2023 के परिसीमन को चुनावों में हेरफेर बताया।

भारत-रूस के रक्षा मंत्रियों के बीच हुई बैठक में रूस के रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव ने की ये घोषणा

# रक्षा उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मिलेगा रूस का पूरा सहयोग: बेलौसोव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय यात्रा के पहले दिन गुरुवार को नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ केंद्र में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों (राजनाथ सिंह, एंड्री बेलौसोव) के बीच सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग को लेकर गठित किए गए भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग (आईआर आईजीसी-एमएंडएमटीसी) की 22वीं बैठक हुई।

जिसमें दोनों पक्षों ने इस बात को लेकर एक बार फिर से अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हमारे संबंध एक गहरे विश्वास, समान सिद्धांतों और आपसी सम्मान की नींव पर टिके हुए हैं। बैठक के अंत में दोनों रक्षा मंत्रियों ने आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी के तहत मौजूदा और संभावित सहयोग के क्षेत्रों से जुड़े एक प्रोटोकॉल दस्तावेज पर हस्ताक्षर के साथ उसका आदान-प्रदान भी किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

- बैठक के अंत में दोनों शीर्ष मंत्रियों ने किए प्रोटोकॉल दस्तावेज पर हस्ताक्षर
- भारत की तरफ से बैठक में शामिल हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह


बैठक के दौरान रूसी रक्षामंत्री आंद्रे बेलौसोव एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

**नए अवसरों पर टिकी भारत की निगाहें**

मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक में अपने रूसी समकक्ष के सामने विशेष-जटिल तकनीक से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक बढ़ाने के लिए नए अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया है। जबकि एंड्री बेलौसोव की तरफ से आश्वासन के साथ यह कहा गया।

### राजनाथ को दिया रूस यात्रा का न्योता

रूस के रक्षा मंत्री बेलौसोव ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अगले साल 2026 में आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी की 23वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करने को लेकर रूस की यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। साथ ही उन्होंने आपसी विश्वास पर आधारित दोनों देशों के संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान करने पर भी जोर दिया है। बेलौसोव के मुताबिक, भारत और रूस कई सालों से एकजुटता के साथ अच्छे दोस्त हैं और दोनों के बीच सामरिक सहयोग भी है। रूस का रक्षा उद्योग भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ण सहयोग करने के लिए तैयार है। बैठक से पहले दोनों रक्षा मंत्रियों ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मानेकशॉ केंद्र में रूस के रक्षा मंत्री ने भारत की तीनों सशस्त्र सेनाओं द्वारा दिए गए संयुक्त गार्ड ऑफ आर्नर का निरीक्षण किया। मालूम हो कि राजनाथ और बेलौसोव की ये बैठक पीएम नरेंद्र मोदी और व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में भारत-रूस के बीच आयोजित किए जाने वाले 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन से ठीक एक दिन पहले आयोजित की गई है।

### इसलिए चाहिए स्वदेशी रक्षा उद्योग

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक में रूस के रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव को भारत सरकार की स्वदेशी रक्षा उद्योग के क्षमता विकास को लेकर प्रदर्शित की जा रही प्रतिबद्धता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादन के साथ-साथ निर्यात जैसे दोहरे तत्वों पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के विजन के तहत दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण तकनीक के मामले में सहयोग बढ़ाने से जुड़े हुए नए अवसरों पर खासा जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### भूकंप से थर्राया चीन कोई हताहता नहीं

**बीजिंग।** चीन में भूकंप का जोरदार झटका लगा है। चीन के



भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने बताया कि 4 दिसंबर को देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित शिनजियांग क्षेत्र में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। इससे लोग दहशत में आ गए और अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। शिनजियांग किर्गिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। सीईएनसी के अनुसार, भूकंप किर्गिस्तान-शिनजियांग सीमा के पास अक्की काउंटी के पास स्थानीय समयानुसार दोपहर 3.44 बजे आया, जिसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

### हूती विद्रोहियों की कैद में रहा भारतीय रिहा

**सना।** युद्धग्रस्त यमन में हूती विद्रोहियों की हिरासत में लगभग



पांच महीने तक रखे गए एक भारतीय नागरिक को रिहा कर दिया गया है। केरल के रहने वाले अनिल कुमार रवींद्रन कार्गो जहाज एमवी इटर्निटी सी के क्रू सदस्य थे और उन्हें 7 जुलाई से हिरासत में ले लिया गया था। विदेश मंत्रालय ने रवींद्रन की रिहाई का स्वागत किया है। मंत्रालय ने बताया कि वह मंगलवार को मस्कट पहुंच चुके हैं मंत्रालय के मुताबिक, उनकी सुरक्षित रिहाई और वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार लगातार अलग-अलग पक्षों के साथ समन्वय में लगी हुई थी।

### हसीना के बेटे के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी

**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने



नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ पीएम शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। बता दे कि विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं।

## भारत और रूस के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे

पुतिन की यात्रा पर ट्रंप और जिनपिंग की नजर भारत के दो दिवसीय दौरे पर है पुतिन

# पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे पर अमेरिका और चीन में मची खलबली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार को भारत पहुंचे पर इस दौरान भारत और रूस के बीच कई अहम समझौतों पर बातचीत हो हुई पुतिन की इस यात्रा को लेकर अमेरिका और चीन में खूब चर्चा है। वहां की मीडिया ने इस यात्रा पर अपनी राय रखी है।

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

भारत और रूस के संबंध दशकों पुराने हैं और ये समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 से 5 दिसंबर के दो दिवसीय दौरे पर भारत पर है। जिसकी चर्चा दुनिया भर में हो रही है। हालांकि, पुतिन के भारत दौरे को लेकर सबसे ज्यादा बहस अमेरिका और चीन में चल रही है।

### पुतिन की विजिट पर अमेरिकी की नजर

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार जब गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का प्लेन नई दिल्ली में उतरा तो उनका स्वागत बड़े समारोह के साथ किया गया। हालांकि उनके होस्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के साथ भी मजबूत रणनीतिक रिश्ते बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

वही भारत का डिप्लोमैटिक स्प्लिट स्क्रीन है। एक तरफ एडवांस्ड रूसी फाइटर जेट्स खरीदने का प्लान, सस्ता तेल और कोल्ड वॉर में बनी पक्की दोस्ती। दूसरी तरफ टेक्नोलॉजी, ट्रेड और इन्वेस्टमेंट पर अमेरिकी सहयोग और यह उम्मीद कि प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप अपने सख्त टैरिफ हटा देंगे।


फाइल फोटो

### रूस से सस्ता तेल खरीदने की मिली सजा

बता दे कि 2022 में यूक्रेन पर हमले को लेकर पश्चिमी देशों के बैन की वजह से रूसी तेल की कीमत बहुत कम हो गई तो भारत ने इस मौके का फायदा उठाया। अपनी तेजी से बढ़ती इकॉनमी को बढ़ावा देने और 1.4 अरब से ज्यादा की आबादी को सपोर्ट करने के लिए भारत ने रूसी क्रूड ऑयल की अपनी खरीद में काफी बढ़ोतरी की और रूसी तेल के टॉप खरीदारों में से एक बन गया।

### पुतिन के भारत दौरे से चीन अलर्ट

*उधर चीन भी इस मुलाकात को लेकर सतर्क है। चीन और रूस के संबंध पहले से ही मजबूत हैं और ऐसे में पुतिन का भारत आना एशिया की रणनीतिक तस्वीर में एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। चीनी और अमेरिकी को इस मुलाकात को लगातार कवर कर रहे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि यह मुलाकात सिर्फ द्विपक्षीय एजेंडा नहीं बल्कि बड़े भू-राजनीतिक संदेश का हिस्सा है। भारत पश्चिमी दबाव के बीच अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखे हुए है और यह दौरा उस नीति की एक और मिसाल है।*

### अमेरिका- रूस को थामने की कोशिश में भारत

पुतिन का यह दौरा, जो यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से उनका पहला भारत दौरा है, वो मोदी के लिए तनाव भरे समय में हुआ है। भारत अमेरिका के साथ एक बहुत जरूरी ट्रेड डील पर बातचीत कर रहा है क्योंकि उस पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था जिसमें से आधा टैरिफ नई दिल्ली के लगातार डिस्काउंट पर रूसी तेल खरीदने की सीधी सजा थी। फिर भी पुतिन के दौरे के एजेंडे में मॉस्को के साथ और डिफेंस डील शामिल हैं। इनमें हथियारों की खरीद है जिन्हें भारत पाकिस्तान और चीन से खुद को बचाने के लिए जरूरी मानता है। भारत को साबित करना होगा कि उसके लिए मुश्किल पड़ोसियों के बीच काम करना कैसा होगा। रूस चीन का करीबी पार्टनर भी है जबकि चीन पाकिस्तान के लिए हथियारों का एक बड़ा सोर्स है।


### भारत का रूस की तरफ झुकाव

भारत के रूस के साथ करीबी रिश्ते कोल्ड वॉर के दौरान बने थे। जब नया आजाद देश भारत ऑफिशियली नॉन-अलाइंड था लेकिन एक नए देश के तौर पर अपना रास्ता बनाते हुए उसे सोवियत इंडस्ट्रियल और इकोनॉमिक मदद भी मिली थी। लेकिन भारत का मॉस्को की तरफ झुकाव 1970 के दशक में सामने आया जिसकी वजह भारत के कट्टर दुश्मन पाकिस्तान को वॉशिंगटन का बढ़ता मिलिट्री और फाइनेंशियल सपोर्ट था। रूस ने भारत को हथियार देना शुरू कर दिया और मॉस्को एक भरोसेमंद काउंटरवेट बन गया। इस रोल को उसने तब से अहमियत दी है। पिछले चार सालों में भारत की रूसी हथियारों की खरीद में कमी आई है।

ढाई दशक से ज्यादा समय से संभाल रहे हैं रूस की सत्ता

## पुतिन के पास 700 कारें, 58 विमान व हेलीकॉप्टर और 200 अरब डॉलर की संपत्ति

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चार साल बाद भारत में दो दिवसीय दौरे पर है। मीडिया को



मिली जानकारी के अनुसार हैदराबाद हाउस में भारत-रूस शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। यूक्रेन के साथ युद्ध के बीच उनका यह भारत दौरा हुआ है। वह हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। लेकिन वह अपनी शानौ-शौकत के मामले में पीछे नहीं हैं। उन्हें दुनिया के सबसे अमीर राजनेताओं में से एक माना जाता है।

### 1,40,000 डॉलर का सालाना वेतन

दुनिया के सबसे अमीर राजनेताओं के नामों की जब भी चर्चा होती है, तो सबसे ऊपर व्लादिमीर पुतिन का नाम नजर आता है। पुतिन दावा करते रहे हैं कि उन्हें रूस के राष्ट्रपति के रूप में केवल 1,40,000 डॉलर का सालाना वेतन मिलता है। लेकिन, उनकी जीवनशैली और निजी संपत्ति की खबरें एक अलग ही कहानी बताती हैं। बताया जाता है कि उनकी निजी संपत्ति करीब 200 अरब डॉलर है।

### पुतिन की फिजूलखर्जी की सूची में ये चीजें शामिल

इस भव्यता को बनाए रखने के लिए पुतिन को चालीस कर्मचारियों और बीस लाख डॉलर के सालाना खर्च की जरूरत होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति की फिजूलखर्ची की सूची में 19 अन्य घर, 700 कारें, 58 विमान व हेलीकॉप्टर और 716 मिलियन डॉलर के विमान शामिल हैं। जिन्हें 'द फ्लाइंग क्रेमलिन' नाम दिया जाता है।

### सत्तर करोड़ की नौका और लग्जरी घड़ियां

उनके पास शेहेराजादे नाम की नौका भी है, जिसकी कीमत 700 मिलियन (70 करोड़) डॉलर है। उनके पास लग्जरी घड़ियों का एक संग्रह भी है। 60,000 डॉलर से लेकर 5,00,000 डॉलर के मूल्य की घड़ियां भी शामिल हैं।

### पुतिन की काला सागर की हवेली

मीडियो को मिली जानकारी के मुताबिक, साल 1990 के दशक के दौरान रूस के एक प्रमुख निवेशक ने दावा किया था कि पुतिन की निजी संपत्ति 200 अरब डॉलर है।

ब्राजील की एक्सपर्ट मारिस का दावा

## दुबई एयरशो में क्रैश के बावजूद भारतीय विमान 'तेजस' का प्रभाव नहीं हुआ कम

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

बीते महीने दुबई में एयर शो के दौरान भारत का लड़ाकू विमान तेजस हादसे का शिकार हो गया था। 21 नवंबर को विमान अचानक हवा से जमीन पर गिरा और आग का गोला बन गया, जिसमें पायलट नमंश सयाल की जान चली गई। हादसे के बाद कई एक्सपर्ट ने दावा किया कि इससे भारत को इस जेट के लिए विदेशी खरीदार तलाशने में मुश्किल होगी। हालांकि विदेशी एक्सपर्ट का भरोसा तेजस पर बना हुआ है। उनका मानना है कि भविष्य में ये विमान अपना दबदबा बनाएगा।



तेजस विमान

ब्राजील की एक्सपर्ट ने तेजस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बावजूद इसके विकास में निवेश जारी रखने की वकालत की है। उनका मानना है कि तेजस भविष्य के लड़ाकू विमानों के साथ अच्छी तरह से तालमेल बिठा सकता है।

### मिसाइलों की लंबी दूरी सटीकता पर निर्भर

*यूरोप और यूरेशिया की विशेषज्ञ पैट्रिशिया मारिस का कहना है कि तेजस एक ऐसा विमान है, जिसे रडार पर पकड़ना मुश्किल है। यह भारतीय वायु सेना के सुखोई एसयू-30एमकेआई जैसे विमानों का अच्छा साथी है। भविष्य में रूस के एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के साथ आसानी से काम कर सकेगा। मारिस ने आगे कहा, 'हवाई लड़ाई में जीत मिसाइलों की लंबी दूरी और सटीकता पर निर्भर है।*

अफगान जनता के प्रति भारत का अटूट समर्थन जारी

## भारत ने अफगानिस्तान को इन्फ्लुएंजा और मेनिनजाइटिस के टीके भेजे

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगान जनता के प्रति अपने निरंतर सहयोग को दोहराते हुए भारत ने गुरुवार को 63,734 इन्फ्लुएंजा और मेनिनजाइटिस के टीके काबुल भेजे। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर साझा संदेश में कहा, अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य के सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भारत ने 63,734 टीके काबुल भेजे हैं। इससे पहले 28 नवंबर को भारत ने अफगानिस्तान को 73 टन जीवनरक्षक दवाएँ, टीके और आवश्यक पोषण सामग्री भेजी थीं,


अफगानिस्तान पहुंची राहत सामग्री


ताकि वहाँ की तत्काल स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा किया जा सके। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता, रंधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, अफगानिस्तान के स्वास्थ्य प्रयासों को सशक्त करते हुए भारत ने 73 टन चिकित्सा सहायता काबुल पहुंचाई है।

व्यक्ति की हालत के बारे में जानकारी स्पष्ट नहीं

## ओमाहा में हुई गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी घायल, हमलावर ढेर

एजेंसी ▶▶ ओमाहा /अमेरिका

ओमाहा में एक गैस स्टेशन पर हुई गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारी घायल हो गए, जबकि संदिग्ध हमलावर मारा गया। पुलिस प्रमुख टॉड श्माडरर ने बताया कि संदिग्ध हमलावर की उम्र 20 वर्ष के आसपास थी, जिसने दोपहर के समय किराने की दुकान पर पहले 61 वर्षीय व्यक्ति के सीने पर कई गोलियां मारी थीं। अधिकारियों ने घटनास्थल से संदिग्ध की कार की लाइसेंस प्लेट नंबर हासिल की और उसकी कार का पीछा करते हुए गैस


हमले के बाद जांच करता अधिकारी

स्टेशन तक पहुंचे। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को अधिकारियों ने संदिग्ध को कार से उतरकर शौचालय में जाते हुए देखा। जब वह बाहर निकला, तो उसने अधिकारियों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

## अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री रूबियो को लिखा पत्र

सांसदों का आरोप: पाकिस्तान में सेना द्वारा संचालित सरकार पाक नागरिकों को भी धमकाया रही

# अमेरिका के 44 सांसदों ने की पाक पीएम और आर्मी चीफ मुनीर पर 'प्रतिबंध' लगाने की मांग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने बुधवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिठ्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना द्वारा संचालित सरकार नागरिकों को भी धमकाया जा रहा है।

यह चिठ्ठी डेमोक्रेटिक सांसद प्रमिला जयपाल और ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है, पत्रकारों को अगवा किया जा रहा है और आलोचना करने वालों को देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। इसमें वर्जीनिया के पत्रकार अहमद नूरानी और संगीतकार सलमान अहमद के परिजनों के अपहरण का भी जिक्र है।


फाइल फोटो

### सेना के दबाव में पाक सुप्रीम कोर्ट

पत्र में यह भी कहा गया कि सेना के दबाव में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि अब आम नागरिकों के केस भी मिलिट्री कोर्ट में चल सकते हैं। इससे न्यायपालिका पर सेना का पूर्ण नियंत्रण बढ़ गया है और किसी भी सैन्य अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का रास्ता लगभग बंद हो गया है।

### एक साल में दो बार ट्रंप से मिले मुनीर

आर्मी चीफ आसिम मुनीर वर्ष 2025 में दो बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर चुके हैं। 18 जून को व्हाइट हाउस में बंद कमरे में बैठक हुई थी। इस दौरान बाहर प्रदर्शन कर रहे पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिकों ने मुनीर को तानाशाह और कातिल कहा।

***महिलाओं, बलूच लोगों पर अत्याचार***

सांसदों ने कहा कि विपक्षी नेताओं को बिना आरोप जेल में डाला जा रहा है और आम नागरिकों को केवल सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर गिरफ्तार किया जा रहा है। महिलाओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों, और खासकर बलूचिस्तान के लोगों पर अत्याचार तेजी से बढ़े हैं।

भारतीय नौसेना की और बढ़ेगी ताकत

## टैरिफ वार के बीच भारत-अमेरिका के बीच हुई 7995 करोड़ रुपए की डील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया, जिसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव की अटकलें लगाई जाने लगी थीं।

हालांकि, अब भारत और अमेरिका के संबंध को लेकर अच्छी खबर सामने आई है।

भारत ने अमेरिका के साथ 7,995 करोड़ रुपए की डील साइन की है। रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के साथ अगले 5 साल की डील की है, जिसके तहत अमेरिका भारतीय नौसेना के 24 एमएच-60आर



सीहॉक रोमियो हेलीकॉप्टर को तैयार करने से लेकर ऑपरेशनल रखने में मदद करेगा। दोनों देशों ने लेटर ऑफ ऑफर एंड एक्सेप्टेंस प्राधिकार पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। यह फैसला 2025 से 2030 तक लागू रहेगा।

### हेलीकॉप्टर की खासियत

- यह हेलीकॉप्टर हर मौसम में उड़ान भरने में सक्षम है।
- रात के अंधेरे में भी यह हेलीकॉप्टर आसानी से टेक ऑफ और लैंडिंग कर सकता है।
- यह हेलीकॉप्टर हेलफायर मिसाइल, टॉरपीडो, सोनोबॉय और रडार से लेस है।
- भारत और अमेरिका के बीच हुई डील की खास बात यह है कि अभी तक हेलीकॉप्टर को सर्विसिंग के लिए अमेरिका भेजना पड़ता था।

# आईपीएल में 71 स्लॉट भरने नीलामी 16 को, 1300 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन, कई दिग्गजों ने किया किनारा

एजेंसी ▶▶| अबूधाबी

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लिए होने वाली नीलामी के लिए 1,300 से अधिक खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया है।

दिलचस्प रूप से 14 देश के विदेशी खिलाड़ियों ने अपने नाम दर्ज कराए हैं। एक तरफ कई नामी सितारे आईपीएल नीलामी में इस बार नजर आएंगे तो दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल सहित कई अन्य दिग्गजों ने अपना नाम दर्ज नहीं कराया है। बता दें कि 16 दिसंबर को अबू धाबी में छोटी नीलामी का आयोजन होना है जिसके जरिए 71 स्लाट भरे जाना हैं।

### स्मिथ समेत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के नाम दर्ज


खबर के मुताबिक, कुल 1,355 खिलाड़ियों की सूची है, जिसमें कैमरून ग्रीन, मैथ्यू शॉर्ट और स्टीव स्मिथ उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें खरीदार मिलने की उम्मीद है। जोश इंग्लिस, जिनकी शादी की वजह से उपलब्धता तय नहीं है, उन्होंने भी नीलामी के लिए नाम दर्ज कराया है। इस पूरी सूची में इंग्लैंड के जेमी स्मिथ और जॉनी बेयरस्टो, न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना जैसे खिलाड़ी भी हैं।

### इन खिलाड़ियों ने बेस प्राइस रखा 2 करोड़










रवि बिश्नोई और वेंकटेश अय्यर के रूप में सिर्फ 2 भारतीय खिलाड़ियों ने अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा है। वहीं, ग्रीन, स्मिथ, जेमी स्मिथ, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, सीन एबॉट, एस्टन एगर, कूपर कोनोली, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, इंग्लिस, मुस्तफ़िजुर रहमान, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, टॉम करन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, डेनियल लॉरेंस, लियाम लिविंगस्टोन, डेरिल मिचेल, रचिन, और हसरंगा, वेस्टइंडीज के शाई होप, अकील होसेन और अल्जारी जोसेफ समेत कुल 43 विदेशी खिलाड़ियों ने खुद का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा है।

### नीलामी से भरे जाने हैं अधिकतम 71 स्लॉट

आईपीएल ने 30 नवंबर को रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख खत्म होने के बाद फ्रेंचाइजी के साथ सूची साझा की है। हर फ्रेंचाइजी अपनी टीम में अधिकतम 25 खिलाड़ियों के कोटे को नीलामी के जरिए पूरी कर सकती है। बता दें कि अबू धाबी में होने वाली अगली नीलामी में अधिकतम 77 स्लॉट भरे जा सकते हैं, जिसमें 31 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। ऐसे में नीलामी के दिलचस्प होने की उम्मीद है।

### 14 देशों के खिलाड़ियों ने भी दिया है अपना नाम

बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने खुद का बेस प्राइस 1 करोड़ रुपये रखा है। नीलामी के लिए अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, बांग्लादेश, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, नीदरलैंड, स्कॉटलैंड, मलेशिया और USA के देशों के विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। मलेशिया के ऑलराउंडर वीरनदीप सिंह ने 30 लाख रुपये में अपना नाम दर्ज कराया है।





### नीलामी में ये खिलाड़ी नहीं आएंगे नजर

**आंद्रे रसेल**
पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने आईपीएल में कुल 140 मैचों में 2,651 रन और 123 विकेट लिए हैं।

**फाफ डु प्लेसिस**
फाफ डु प्लेसिस पाकिस्तान सुपर लीग के अगले संस्करण में हिस्सा लेंगे, जिसके चलते आईपीएल के लिए उपलब्ध नहीं हो सकेंगे।

**मोईन अली**
इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने भी पीएसएल में खेलने का फैसला किया है। वह आईपीएल 2025 में सिर्फ 6 मैचों में ही खेल सके थे और चोट के कारण पूरा सीजन नहीं खेल सके थे।

---

## खबर संक्षेप



### पंड्या को देखने इतनी उमड़ी भीड़, दूसरे स्टेडियम में हुआ मैच

**हैदराबाद।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को देखने के लिए जबरदस्त भीड़ को देखते हुए आयोजकों को बृहस्पतिवार को यहां जिमखाना मैदान जैसे साधारण स्थल से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच को अधिक सुरक्षित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में स्थानांतरित करना पड़ा। यह मुकाबला उनकी टीम बड़ौदा और गुजरात के बीच खेला गया। इसमें बड़ौदा ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। हार्दिक की मौजूदगी के कारण अप्रत्याशित भीड़ और सुरक्षा चिंताओं की वजह से यह फैसला लिया गया। भारतीय हरफनमौला का चोट से उबरने के बाद यह दूसरा प्रतिस्पर्धी मैच था। पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन ठोकने के बाद हार्दिक ने गुजरात के खिलाफ 10 रन बनाए और एक विकेट हासिल किया। वह आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की जर्सी में नजर आएंगे जो नौ दिसंबर से कटक में शुरू होगी।

### श्रीलंका से टी20 श्रृंखला में नए खिलाड़ियों को मौका दे सकता है पाकिस्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति श्रीलंका में सात से 11 जनवरी तक होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए अपनी टीम में कुछ नए चेहरे शामिल कर सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पीसीबी ने ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर से जनवरी तक चलने वाली बिग बैश लीग में खेलने के लिए छह मुख्य खिलाड़ियों को एनओसी जारी कर रखी है। इसके बाद ही उसने श्रीलंका दौरे का कार्यक्रम बनाया। बीबीएल के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीमों को पाकिस्तानी खिलाड़ियों को अनुबंधित करने की अनुमति देने से पहले यह स्पष्ट कर दिया था कि वे पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### द हंड्रेड लीग में 'एमआई लंदन' नाम से खेलेगी टीम

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इंग्लैंड की 'द हंड्रेड' लीग की ओवल इनविंसिबल्स फ्रेंचाइजी के साथ साझेदारी डील पूरी कर ली है। इस डील के तहत, ये फ्रेंचाइजी 2026 सीजन से 'एमआई लंदन' (मुंबई इंडियंस लंदन) के नाम से जानी जाएगी। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अनुसार, लीग की सभी 8 टीमों के लिए अब निवेश साझेदारियां तय हो चुकी हैं। रिलायंस ने ओवल इनविंसिबल्स में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है और बाकी 51 प्रतिशत हिस्सेदारी सरे काउंटी क्रिकेट क्लब के पास रहेगी। वहीं, केन एंड एरेस ने ट्रेंट रॉकेट्स में अपना इन्वेस्टमेंट फाइनल कर लिया है। बता दें कि रिलायंस समूह की आईपीएल और विमेंस प्रीमीयर लीग में MI की टीम हिस्सा लेती है।

---

### एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में हो रहे रोमांचक मैच

# बेल्जियम के खिलाफ आज क्वार्टर फाइनल में होगी भारतीय टीम की असली परीक्षा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



भारत ने अपेक्षाकृत आसान पूल में लगभग प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप में उसकी असली परीक्षा बेल्जियम के खिलाफ आज शुक्रवार को यहां होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में होगी।

चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में शामिल भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले स्थान पर रहते हुए नाकआउट दौर में प्रवेश किया। क्वार्टर फ़ाइनल के अन्य मैचों में स्पेन का सामना न्यूज़ीलैंड से, फ्रांस का सामना जर्मनी से और नीदरलैंड का सामना अर्जेंटीना से होगा।

### भारतीय टीम का अभी तक सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट

भारतीय टीम ने पूल चरण में 29 गोल किए और एक भी गोल नहीं खाया, जो टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी 24 टीमों में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है लेकिन पीआर श्रीजेश की कोचिंग वाली टीम यह बात अच्छी तरह जानती है कि इन परिणामों का आगे कोई महत्व नहीं होगा, क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनका सामना मजबूत टीमों से होगा। यहां से कोई भी चूक भारत के नौ साल बाद घरेलू मैदान पर खिताब जीतने के सपने को चकनाचूर कर सकती है।

### भारत ने 2016 में जीता था खिताब

भारत ने आखिरी बार 2016 में लखनऊ में खिताब जीता था। भारत पूल चरण में शानदार प्रदर्शन करके इस उपलब्धि को दोहराने की स्थिति में दिख रहा है। उसने अभी तक 18 मैदानी गोल किए हैं। इसके अलावा उसने नौ गोल पेनल्टी कॉर्नर से और दो पेनल्टी स्ट्रोक से किए हैं लेकिन यहां से भारतीय टीम की राह आसान नहीं होगी और किसी भी तरह का अति आत्मविश्वास उसे खिताब की दौड़ से बाहर कर सकता है।

### विश्व कप टूर्नामेंट आसान नहीं : कोच श्रीजेश

श्रीजेश ने कहा, ''जूनियर विश्व कप कोई आसान टूर्नामेंट नहीं है। मेरा मतलब है कि इनमें से कोई भी टीम आपको आसानी से जीत हासिल नहीं करने देगी। टूर्नामेंट की असली शुरुआत तो अब होगी और कोई भी गलती भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। अगले मैच से असली टूर्नामेंट शुरू होगा और हमारे लिए उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

**भारतीय स्ट्राइकरों का शानदार प्रदर्शन :** भारतीय स्ट्राइकरों ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन किया। दिलराज सिंह (06 गोल), मनमीत (05), अर्शदीप सिंह (04), अजीत यादव और गुरजोत सिंह (दोनों दो-दो गोल) सभी ने अपना प्रभाव छोड़ा है। रोसन कुजूर, एड्रोई एक्का, अंकित पाल और इंगलेम्बा लुवांग थोउनाओजम ने मध्यपंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी।

### इंग्लैंड ने चिली और मलेशिया को दक्षिण अफ्रीका ने हराया



**चेन्नई।** इंग्लैंड ने जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के मुकाबले में गुरूवार को चिली को 3-1 से हराया। मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मैच में इंग्लैंड के लिये काडेन ड्रेसे ने तेरहवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल दागा। वहीं कप्तान मैक्स एंडरसन ने दूसरे क्वार्टर में फील्ड गोल करके बढत दुगुनी कर दी। इसके चार मिनट बाद चिली के लिये जेवियर वर्गास ने बेहतरीन फील्ड गोल करके अंतर कम किया। इंग्लैंड ने हालांकि जवाबी हमलों में जॉनी हिबिट स्टर्च के गोल के दम पर फिर 3-1 से बढ़त बनाकर जीत हासिल कर ली।

### ऐसा रहा दक्षिण अफ्रीका और मलेशिया का मैच

दक्षिण अफ्रीका ने जेडन बूकर के दो गोलों की मदद से मलेशिया को नौवे से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच में 3-1 से हराया। मैच में चारों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर हुए। बूकर ने 18वें और 39वें मिनट में गोल दागे जबकि तीसरा गोल रोस मोंटगोमेरी ने 58वें मिनट में किया। मलेशिया के लिये एकमात्र गोल मैट अकील ने 48वें मिनट में किया।

---

### प्रीमियर लीग फुटबॉल

## आर्सेनल ने ब्रेंटफोर्ड को 2 गोल से हराया, 5 अंक की बढ़त की हासिल



एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पांच अंक की बढ़त हासिल कर ली है जबकि लिवरपूल का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा।

आर्सेनल ने जहां ब्रेंटफोर्ड पर 2-0 की जीत के साथ प्रीमियर लीग खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ाए, वहीं लिवरपूल ने एनफील्ड में अंतिम क्षणों में आत्मघाती गोल की मदद से संदरलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। मौजूदा चैंपियन लिवरपूल की टीम अब आठवें स्थान पर है। लिवरपूल के कोच आर्ने स्लॉट स्टार फारवर्ड मोहम्मद सलाह को लगातार दूसरे मैच में शुरुआती लाइनअप से बाहर रखने के कारण आलोचकों के निशाने पर हैं।

### चेल्सी को लीड्स के हाथों मिली हार

इस बीच चेल्सी को लीड्स के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा। इस हार से चेल्सी चौथे स्थान पर खिसक गई और आर्सेनल से नौ अंक पीछे हो गई, जिसने सभी प्रतियोगिताओं में अपना अजेय अभियान 18 मैचों तक बढ़ा लिया है और 2004 के बाद से पहली बार लीग खिताब जीतने की ओर अग्रसर है।

### अन्य मैचों का ऐसा रहा परिणाम

आखिरी स्थान पर चल रहे वॉल्वरहैम्प्टन को नॉटिंघम फ्रॉरेस्ट के हाथों अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि एस्टन विला ने ब्राइटन पर 4-3 से जीत हासिल की। इससे वह चेल्सी से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। क्रिस्टल पैलेस ने एक अन्य मैच में बर्नले को 1-0 से हराया।

---

### टी-20 क्रिकेट

## सूर्यकुमार बने मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ में खेले गए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 मुकाबले में मुंबई को केरल के खिलाफ 15 रन से हार मिली। 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शार्दुल ठाकुर की अगुवाई वाली मुंबई 163 पर सिमट गई। सरफराज खान ने अर्धशतक लगाया, जबकि अजिंक्य रहाणे और सूर्यकुमार यादव ने अच्छी पारियां खेलीं। इस मैच के दौरान सूर्यकुमार ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह मुंबई के टी-20 क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

### सूर्यकुमार की पारी

केलर द्वारा दिए गए 179 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई को शुरुआत में आयुष म्हात्रे (3) के रूप में जल्दी झटका लगा। इसके बाद सरफराज और रहाणे ने 80 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला। 100 रन से पहले दोनों के आउट होने के बाद मुंबई की उम्मीदें सूर्यकुमार ने जीवित रखीं। उन्होंने 25 गेंदों में 32 रन बनाए और अपनी पारी में 4 चौके जड़े। हालांकि, केएम आसिफ की गेंद पर आउट होकर वह पवेलियन लौट गए।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के नॉकआउट मैचों में खेल सकते हैं रोहित



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा इस समय दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रहे हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच 6 दिसंबर को खेला जाना है। इस बीच खबर है कि रोहित वनडे सीरीज के सम्पन्न होने के ठीक बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलते हुए नजर आ सकते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट मैच 12 दिसंबर से खेले जाने हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सूत्र के हवाले से कहा गया कि रोहित ने मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट में मुंबई के लिए खेलने की इच्छा व्यक्त की है।

## अर्जुन एरिगैसी ने आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स का खिताब जीता

एजेंसी ▶▶| जेरूशलम



ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां फाइनल में हमवतन और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। इन दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती रैपिड गेम ड्रॉ किए।

इसके बाद एरिगैसी ने पहले ब्लिट्ज टाईब्रेक मैच में सफेद मोहरों से जीत हासिल कर निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। इस जीत के साथ एरिगैसी को 55,000 अमेरिकी डॉलर, जबकि आनंद को 35,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

**सेमीफाइनल में इनको हराया था दोनों ने :** एरिगैसी ने सेमीफाइनल में रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर को जबकि आनंद ने विश्व ब्लिट्ज चैंपियन इयान नेपोमनियाची को हराया था। 'चेसबेस डॉट कॉम' की रिपोर्ट के अनुसार 22 वर्षीय एरिगैसी दूसरे ब्लिट्ज मुकाबले में भी जीत हासिल करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा लेकिन यह मुकाबला और खिताब जीतने के लिए पर्याप्त था।

# एमबाप्पे के दो गोल से रियाल मैड्रिड की मिली आसान जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड



काइलियन एमबाप्पे के दो गोल और एक अन्य गोल में मदद करने की बदौलत रियाल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले तीन मैच से जीत हासिल नहीं कर पाने का सिलसिला खत्म किया।

एडुआर्डो कैमाविंगा ने भी मैड्रिड के लिए गोल किया, जिससे उसकी टीम ने शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से अंतर कम कर दिया है। बार्सिलोना अब अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से केवल एक अंक आगे है। उसने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को 3-1 से हराया था। एमबाप्पे ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले तीन मैचों में सात गोल किए हैं। उन्होंने गिरोना के खिलाफ एक गोल किया था और ओलंपियाकोस के खिलाफ चैंपियंस लीग के मैच में 4-3 की जीत में चार गोल दागे थे।

### एमबाप्पे ने इस सत्र में 30 गोल किए

इस फ्रांसीसी स्टार ने इस सत्र में अपने क्लब और देश के लिए कुल 24 मैचों में 30 गोल किए हैं। वह स्पेनिश लीग (16 गोल) और चैंपियंस लीग (नौ गोल) दोनों में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

### शुरुआती दो मैच विशाखापत्तनम में, बाकी के तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे

# महिला टी-20 सीरीज में 21 को भारत की श्रीलंका से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम 21 दिसंबर से 30 दिसंबर तक श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस बारे में आधिकारिक तौर पर जानकारी दी है। सीरीज के मैच विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम और तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत ने आखिरी बार इस साल जुलाई में इंग्लैंड में टी-20 सीरीज खेली थी। भारत ने उस सीरीज को 3-2 के अंतर से जीता था। वहीं, श्रीलंका ने मार्च के बाद से कोई टी-20 सीरीज नहीं खेली है।



### पहली बार महिला टी-20 के मैच तिरुवनंतपुरम में

खास बात यह है कि यह पहला ऐसा मौका होगा, जब तिरुवनंतपुरम महिलाओं के अंतराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा। यहां इससे पहले पुरुषों के टी-20 और वनडे मैच खेले जा चुके हैं। विशाखापत्तनम ने महिलाओं के वनडे विश्व कप 2025 के दौरान दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लीग मैचों की मेजबानी की थी। इसके साथ-साथ 10 दिन के प्री-टूर्नामेंट कैंप की भी मेजबानी की थी।

### ऐसा है टी-20 सीरीज का कार्यक्रम

बता दें कि 21 दिसंबर को होने वाले पहले मैच के साथ श्रीलंका और भारत के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 23 दिसंबर को दूसरा टी-20 मैच खेला जाएगा। शुरुआती 2 मुकाबले विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। बीसीसीआई के कार्यक्रम के मुताबिक, सीरीज के बचे हुए मैच 26, 28 और 30 दिसंबर को खेले जाएंगे। ये आखिरी 3 मैच तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे।

### व्यस्त होगा भारतीय टीम का कार्यक्रम

श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के ठीक बाद विमेंस प्रीमियर लीग का चौथा संस्करण होगा, जो 9 जनवरी से 5 फरवरी, 2026 तक नवी मुंबई और वडोदरा में होगा। यह पहली बार है जब विमेंस प्रीमियर लीग जनवरी-फरवरी विंडो में खेली जाएगी। इसके बाद, भारतीय टीम 15 फरवरी से 6 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर सीरीज खेलेगी। इसलिए आने वाले महीनों में खिलाड़ियों के पास क्रिकेट के कुछ अहम मौके होंगे।




**6 टेक्नीशियन सहित दो वाहनों में 12 कर्मचारी शामिल थे, एक माह में 8 से 10 कॉल आए**

### नौ साल से बंद है निगम की घर पहुंच सेवा देने वाली योजना

# लोगों को नहीं मिल रही महापौर एक्सप्रेस... इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, प्लंबर हुए गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में नगर निगम ने नौ साल पहले आम लोगों को सामान्य तौर पर जरूरत पडने वाले काम जैसे इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, प्लंबर और ड्राइवर की सुविधा मुहैया करवाने के लिए महापौर एक्सप्रेस शुरू की थी। एक काल पर यह सुविधा घर पर मुहैया करवाने के लिए काल सेंटर का नंबर जारी किया गया था।

इन सेवाओं के लिए 200 रुपए शुल्क तय किया गया था, लेकिन यह सेवा ज्यादा दिन नहीं चली। हालांकि निगम प्रशासन ने इसे नए सिरे से सुविधाओं का विस्तार करने दोबारा संचालन के प्रयास किए, लेकिन यह सेवा पूरी तरह से ही बंद है। 2016 में जब यह सेवा शुरू की थी तब निगम के काल सेंटर यानि 155304-18002330014 पर एक माह के आठ से दस काल ही आए। इसका प्रचार-प्रसार नहीं हुआ, लिहाजा यह सेवा ही निगम को बंद करना पडी, जबकि निगम ने दो वाहनों में 6 टेक्नीशियन सहित 12 कर्मचारी तैनात किए थे। शुरुआत में लोगों ने जरूरत पडने पर इस सेवा का लाभ लिया, लेकिन निगम को जब आमदनी कम और संसाधनों पर अधिक खर्च को देखते हुए इस सेवा को बंद कर दिया। इस संबंध में महापौर मालती राय का कहना है कि इस सेवा को दोबारा शुरू करेंगे। इसके लिए योजना बनाई जा रही है।

**केवल 200 रुपए में घर पहुंच सेवा निगम ने 2016 में की थी**


भोपाल नगर निगम का दफ्तर (फाइल फोटे)

**हर माह 60 हजार रुपए हो रहे थे खर्च**

ड्राइवर, टेक्नीशियन और कॉल सेंटर के कर्मचारियों के वेतन पर हर महीने 60 हजार रुपए से ज्यादा खर्च हो रहा था। दो वाहनों के मेंटेनेंस और डीजल पर अतिरिक्त खर्च हो रहा था।

**कुक सहित 25 सेवाओं को और जोड़ा जाना था**

महापौर एक्सप्रेस केवल 4 सेवाओं से शुरू की गई थी। इसके बंद होने के बाद सेवाओं का विस्तार करके नए सिरे से संचालन की तैयारी हुई, लेकिन इसका संचालन शुरू नहीं हो सका। नई सेवाओं मे कुक सहित स्वीपर, काम वाली बाई व अन्य घरेलू छोटे-छोटे काम शामिल किए गए थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे सीएमडी ऑफिस जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों से की चर्चा

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरुवार को मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल स्थित सीएमडी ऑफिस पहुंचकर बैतूल जिले में विद्युत विभाग की कार्ययोजना एवं समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की। बैठक में विधायक महेन्द्र चौहान, चंद्रशेखर देशमुख, डॉ. योगेश पंडाग्रे एवं गंगाबाई उइके उपस्थित रहीं। खण्डेलवाल ने खजुराहो स्टोन क्राफ्ट, छतरपुर फर्नीचर, ग्वालियर पत्थर शिल्प, ग्वालियर पेपर मैशे क्राफ्ट और बैतूल भरेवा मेटल क्राफ्ट को जीआई टैग मिलने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी शुभकामनाएं**


**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को ग्वालियर में कैबिनेट मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के भतीजे के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन के काम कराने में आवेदकों को हो रही थी परेशानी

# अब परिवहन विभाग के पोर्टल में आवेदक स्वयं कर सकेंगे अपना मोबाइल नंबर अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन काम कराने वाले ऐसे आवेदकों को अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। जिनका नंबर आधार कार्ड में दूसरा है और अब नए नंबर को यूज कर रहे हैं। इस तरह की परेशानी को देखते हुए, परिवहन विभाग ने अपने पोर्टल को अपडेट कर दिया है। इस पर जा कर आवेदक अब स्वंय ही अपना नंबर अपडेट कर सकेंगे।

पहले आवेदकों को आधार में दर्ज मोबाइल नंबर बदल गया है तो आपको पहले आधार में अपना नया नंबर दर्ज कराना होता है। इसके लिए हफ्ते दो हफ्ते तो कई बार इससे भी ज्यादा समय तक इंतजार करना पड़ता है। लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए परिवहन विभाग की ओर से सीधे तौर पर मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा दी गई है। इसके लिए आवेदक विभाग के पोर्टल पर आधार की जानकारी और नया मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते है। इसके लिए आरटीओ में दो लोगों को अधिकृत किया गया है। यह सुविधा इसी माह शुरू की है।

**पोर्टल पर आवेदन जरूरी**

परिवहन विभाग के पोर्टल में पर जाकर आवेदन आधार में मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। अगर आधार और रजिस्ट्रेशन कार्ड की जानकारी में अंतर है तो आप आरटीओ आकर नंबर अपडेट करा सकते हैं। इसके लिए पोर्टल पर आवेदन करना जरूरी है।
जितेंद्र शर्मा, आरटीओ भोपाल

# इफको टोक्यो के 25 वर्ष पूरे होने पर वॉकेथॉन का किया आयोजन



कार्यक्रम में मंत्री विश्वास सारंग लोगों को संबोधित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इफको टोक्यो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुरूवार को वॉकेथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वॉकेथॉन में पांच सौ ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इफको टोक्यो के राज्य प्रमुख शुभम जैन और क्लेम प्रमुख नवनीत सिंह बाबा ने बताया कि वॉकेथॉन का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश राज्य में बीमा और यातायात जागरुकता बढ़ाना था। इसी अवसर पर भारत स्काउट गाइड के बच्चों के साथ मिलकर शहर के प्रमुख चौराहों पर बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को गुलाब भेंट कर जागरूक किया गया। शुभम जैन ने इफको टोक्यो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के बारे में बताया।

***मंत्री विश्वास सारंग की उपस्थिति में शुरू हुआ बीमा जागरुकता अभियान***

## बाबरी की ईंट रखने वालों बजा दी जाएगी ईंट से ईंट: शर्मा

**भोपाल।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी विधायक हुमायूं द्वारा बाबरी मस्जिद बनाने की बात पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने विधानसभा में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बाबर, गौरी, गजनी ये सब लुटेरे थे। जो बाबरी मस्जिद नाम की इमारत की ईंट रखेगा, उसकी ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। रामेश्वर ने कहा पूरे देश का हिंदू एकजुटता के साथ विरोध में खड़ा हुआ जिससे ममता बेनर्जी डरी है। ममता को यह समझ आ गया कि गंगाजली में अगला विसर्जन उन्हीं का है, इसीलिए उन्होंने अपने विधायक को पार्टी से निष्कासित किया है। रामेश्वर ने कहा कि केवल निष्कासित करने से काम नहीं चलेगा।



## पूर्णिमा पर कोल्ड मून के साथ दिखा सुपरमून



**भोपाल।** गुरुवार रात पूर्णिमा का चांद था बेहद खास था,शाम उदित चंद्रमा सुपरमून के रूप में दिखाई दिया। विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि इस रात चंद्रमा, पृथ्वी के नजदीक था और इसकी पृथ्वी से दूरी लगभग 3 लाख 57 हजार 218 किमी रह गई । उन्होंने ने बताया कि शाम लगभग 5 बजे उदित होते समय देखने पर मून इलूजन के कारण यह और अधिक बड़ा दिखाई दिया। शहर की रोशनी से दूर वाले स्थान से पर इसे किसी इमारत के शिखर के साथ देखने पर विशेष आकर्षण के साथ दिखा।

- **पृथ्वी के सबसे पास आकर नजर आया चंद्रमा**

## एक साथ 4 ठिकानों पर सर्चिंग, करोड़ों की जीएसटी चोरी का अनुमान

**भोपाल।** जबलपुर में सेंट्रल जीएसटी की टीम ने गुरुवार को एक साथ 4 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की। जीएसटी कमिश्नर लोकेश कुमार लिल्हारे के नेतृत्व में बलदेव बाग स्थित खंडेलवाल ट्रेडर्स, कॉपर वायर व्यापारी के ऑफिस में दबिश दी। यहां बड़ी मात्रा में अपंजीकृत और अघोषित कॉपर वायर बरामद किए गए। शहर के विजय नगर में स्थित कचनार क्लब एंड रिसॉर्ट पर भी रेड मारी गई। शुरुआती जांच में करोड़ों की जीएसटी चोरी होने की आशंका जताई जा रही है। यह भी बताया जा रहा है कि बिना बिल के फर्म से करोड़ों रुपए का सामान बेचा है। इसके अलावा कुनाल इंडस्ट्रीज, पांढुर्णा के यहां भी छापा मारा गया है। यहां बिक्री-खरीद दस्तावेजों, स्टॉक रजिस्टर और प्रोडक्शन संबंधित दस्तावेजों की जांच जारी है।

# अपेक्स बैंक के लाभांश रु. 4.27 करोड़ का चेक भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सहकारिता विभाग की समीक्षा के उपरांत प्रदेश के सहकारिता तथा खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अपेक्स बैंक के लाभांश रु. 4.27 करोड़ का चेक भेंट किया।




इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन, श्री नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव सहकारिता डीपी आहूजा, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं मनोज पुष्प, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## राजधानी में दूसरे दिन भी उड़ानें कैंसिल होने से यात्रियों में गहराया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ संतनगर

हवाई क्षेत्र काफ़ी प्रभावित हो रहा है। ऑपरेशन रीज़न के चलते राजाभोज पर भी दूसरे दिन भी उड़ानें समय पर नहीं पहुंच पा रही है। आज गुरुवार को भी इंडिगो एयरवेज़ की पाँच उड़ानें रद्द की गई इसके अलावा कुछ उड़ानें लेट भी आइ। इस बात को लेकर यात्रियों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। मालूम हो कि यह प्रॉब्लम पूरे देश में चल रही है इसका असर भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर भी हो रहा है। इसी कारण आज दिल्ली की मॉर्निंग और ईवनिंग उड़ान और मुंबई की मीनिंग के अलावा बेंगलुरु और पुणे उड़ान को कैंसिल किया गया। इसके अलावा भी राजा भोज एयरपोर्ट पर कुछ उड़ा में देरी से पहुंची। हालाँकि उड़ानें रद्द होने की सूचना पहले ही पैसेंजरों को दी जाती है, जिसके कारण यात्रियों में अन्य वैकल्पिक व्यवस्था अपने हिसाब से तय कर लेते है।

**स्थानीय खेल समाचार**

## बुशरा ने 10000 मीटर दौड़ में, मनीषा ने 3000 मीटर स्टिपल चेज में जीता सिल्वर मेडल



**भोपाल।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की प्रतिभावान धाविका बुशरा खान गौरी ने अपनी अदम्य गति और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर 10000 मीटर दौड़ और मनीषा ने 3000 मीटर स्टिपल चेज में सिल्वर पदक जीतकर विश्वविद्यालय एवं मध्य प्रदेश का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया। बुशरा खान गौरी ने अपनी दौड़ 38:32:80 सेकेंड में दौड़ पूरी की। वहीं मनीषा ने 11:03:63 सेकेंड में दौड़ कम्पलीट कर सिल्वर मेडल अपने नाम किए।

## आरएनटीयू की शूटिंग टीम ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन इवेंट में जीती चांदी

**भोपाल।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की शूटिंग टीम ने उत्कृष्ट निशानेबाजी का परिचय देते हुए 50 मीटर राइफल 3 पोज़िशन इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल कर विश्वविद्यालय एवं मध्य प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।



### परमानंद भाई पटेल अंडर-22 ट्रॉफी इंटर डिविजनल क्रिकेट

# भोपाल डिवीजन से प्रारब्ध और शिवांश ने खेली शतकीय पारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी (चार दिवसीय) अंडर- 22 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में फ़ेथ क्रिकेट मैदान पर सागर डिवीजन और भोपाल डिविजन के मध्य चार दिवसीय मैच के दूसरे दिन भोपाल डिवीजन ने बुधवार के स्कोर 5/385 से आगे खेलते हुए 134.3 ओवर्स में 557 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें प्रारब्ध मिश्रा नें शानदार 111 रन की शतकीय पारी खेली। वहीं शिवांश चतुर्वेदी ने भी नाबाद 103 रन की शतकीय पारी खेली और नीरज ग्रोवर नें 34 रन बनाए | सागर डिवीजन से गेंदबाजी में मयूर पाटिल ने 3 विकेट अविरल सिंह एवं सिद्धार्थ ने 2-2 विकेट लिया । जवाब में सागर डिवीज़न नें दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 41 ओवर में 2 विकेट पर 142 रन बना लिए थे, जिसमें सुयश उपाध्याय 52, अविरल सिंह 48, सेहजदीप 27 रन पर नाबाद खेल रहे हैं |भोपाल डिवीज़न से शिवांश चतुर्वेदी और प्रारब्ध मिश्रा ने 1-1 विकेट लिया। शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खेला जाएगा।


**शिवांश चतुर्वेदी**
नाबाद 103 रन, भोपाल

## एक्रोबैट और अभय गोस्वामी अकादमी की जीत

**भोपाल।** भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्वर्गीय जीएस पठानिया 'सर' अंडर -18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को ओल्ड कैंपियन मैदान पर एक्रोबैट अकादमी और रोबिन मेनन अकादमी के मध्य खेला गया। रोबिन मेनन की टीम 41.4 ओवरों में 80 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, जिसमें ओजस्व राजपूत नें 16 और हिमांशु नें 13 रन बनाए। एक्रोबैट के आराध्य साहनी ने 4 और रूद्र वीर ने 2 विकेट लिए । जवाब में एक्रोबैट ने 15.2 ओवर में 3 विकेट पर 81 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया, जिसमें आराध्य साहनी ने नाबाद 29 और आनंद 10 रन पर नाबाद रहे। रोबिन मेनन के हर्षवर्धन, लक्ष्य और हिमांशु नें 1-1 विकेट लिया | इस तरह एक्रोबैट अकादमी ने रोबिन मेनन अकादमी को 7 विकेट से हराया |


आराध्य साहनी
नाबाद 29 रन और 4 विकेट, एक्रोबैट क्रिकेट अकादमी

**अभय गोस्वामी अकादमी ने नायर अकादमी को 8 विकेट से हराया**–अंडर 18 टूर्नामेंट का दूसरा मैच ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट मैदान पर अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी और नायर क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। नायर अकादमी 35.5 ओवर में 107 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, जिसमें प्रणव गोस्वामी नें 35 और वैभव विश्वकर्मा नें 29 रन बनाए।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930